समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 61,275.09 | 18,015.85 |

तापमान

अधिकतम 25 °C

न्यूनतम 11 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार






मंत्री गुलाब देवी ने की रामचरित मानस पर टिप्पणी करने पेज-02

नगर निगम ने सील किए दर्जनों दुकान और भवन सील पेज-08



वर्ष 10 | अंक 180 | लखनऊ, 17 फरवरी, शुक्रवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, Email : samradhinews@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर कुपवाड़ा में एक आतंकी मारा गया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात सैदपोरा इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर की संयुक्त टीम ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। टीम ने पहले भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करने वाले ग्रुप को रोका। इस दौरान एक घुसपैठिए को ढेर भी कर दिया।

### सीए को उनके ऑफिस के बाहर अज्ञात लोगों ने गोली मारी, मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को उनके ऑफिस के बाहर अज्ञात लोगों को गोली मार दी। इससे सीए की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्वेताभ तिवारी के रूप में हुई है। मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अतिक्रमण हटाने गई पुलिस से लोगों का विवाद

पटना। सिटी के गुलजारबाग में अतिक्रमण हटाने गई रेलवे पुलिस और लोगों के बीच विवाद हो गया। लोगों ने अतिक्रमण हटाने आए पुलिस को खदेड़ दिया। दो दुकानदारों ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुस्साए दुकानदारों और लोगों ने जेसीबी और रेलवे पुलिस पर पथराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई है।

### पूर्व भाजपा यूनिट हेड लक्ष्मी नारायण ने पार्टी से इस्तीफा दिया

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पूर्व भाजपा यूनिट हेड कन्ना लक्ष्मी नारायण ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। नेशनल एक्जीक्यूटिव कमेटी के मेंबर लक्ष्मीनारायण ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को इस्तीफा भेजने से पहले अपने फॉलोवर्स से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि वे कुछ समय से राज्य भाजपा के व्यवहार से असंतुष्ट हैं और दूसरी पार्टी जॉइन करने का मन बना चुके हैं।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पांच आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पांच आरोपिंयों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इन पांच लोगों में यूपी के मीडिया प्रभारी विजय नायर, अभिषेक मोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, शरथ पी रेड्डी और बिनोय बाबू शामिल हैं।

### हार्दिक पटेल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिला कोर्ट ने भाजपा विधायक हार्दिक पटेल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने 2017 के एक मामले में उनके पेश नहीं होने पर यह कार्रवाई की है।

### जुबान काटने के लिए ईनाम घोषित करना गलत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के एक निजी होटल में स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों और हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के साथ हाथापाई की घटना को सपा प्रवक्ता फखरुल हसन ने निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि किसी बात को लेकर आप सहमत असहमत हो सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गोरखपुर सांसद खेलकूद महाकुंभ के समापन पर दिया संदेश, बोले-

# हार से मिलता है जीतने का अनुभव



गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़

सांसद खेलकूद स्पर्धा महाकुंभ के समापन के अवसर पर पीएम मोदी ने वर्चुअली खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में किसी को जीत मिली होगी तो किसी को हार। खेल का मैदान हो या जीवन का मैदान, हार जीत लगा रहता है। लेकिन, इस हार से हमेशा जीतने का अनुभव मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने के लिए नए रास्ते चुनने होंगे, नई व्यवस्थाएं बनानी होंगी। सांसद खेल महाकुंभ ऐसा ही नया मार्ग है, नई व्यवस्था है। सांसद खेल महाकुंभ खेल क्षेत्र का वह नींव है जिस पर भविष्य की भव्य इमारत का निर्माण होने जा रहा है। इसलिए जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है और उनका मनोबल मजबूत होता है। पीएम मोदी गुरुवार को गोरखपुर के क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। वीडियो संदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने बजट में कई प्रावधान किए हैं। 2014 की तुलना में खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना कर दिया गया है। अनेक आधुनिक स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को लाखों रुपये की मदद की जा रही है।

### खेल के लिए सुविधाएं बढ़ीं

तीन-चार पीढ़ियों तक न खेल के लिए सुविधाएं बढ़ीं और न ही खेल का आकार। हमारे देश के खिलाड़ियों में बहुत गुप्त और सुप्त सामर्थ्य है जो बाहर आने को लालायित भी है। इस सामर्थ्य को मंच देने, निखारने में सांसद खेल महाकुंभ की बड़ी भूमिका है। खुशी है कि भाजपा के सैकड़ो सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करा रहे हैं। इससे बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाओं को मौका मिल रहा है।

### दुनिया हमें देख रही : पीएम मोदी

आबूरोड (सिरोही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान से आज से जल जन अभियान की शुरुआत की। वाटर हार्वेस्टिंग के साथ पेड़ लगाने और जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना इस मिशन का उद्देश्य है। मोदी ने आबूरोड (सिरोही) के ब्रह्मकुमारीज संस्थान में वर्चुअल कार्यक्रम से इसकी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह मिशन ऐसे समय शुरू हो रहा है जब पानी कमी को लेकर दुनिया भारत को देख रही है। जल है तो कल है, इसके लिए हमें आज से ही सोचना है। मोदी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्थाओं की जल अभियान में बड़ी भूमिका है। बीते दशकों में हमारे यहां एक नकारात्मक सोच बन गई थी कि हम जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों को मुश्किल मानकर छोड़ देते थे। यह सोचते थे कि यह काम नहीं किया जा सकता। बीते आठ साल में यह मानसिकता बदली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इंटरनेशनल मिलेट ईयर भी मना रहा है। हमारे देश में बाजरा, ज्वार सदियों से खान-पान का हिस्सा रहे हैं। इनकी खेती में पानी भी कम लगता है।



# त्रिपुरा में वोटिंग खत्म 81 प्रतिशत मतदान

### कांग्रेस-भाजपा ने ट्विटर पर वोटिंग की अपील की तो ईसी ने नोटिस भेजा

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा की 60 विधानसभा सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग अब खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक 81त्न मतदान हुआ। हालांकि ये डेटा अभी अपडेट हो सकता है। चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। इससे पहले 2018 में त्रिपुरा में 90 प्रतिशत मतदान हुआ था और सरकार भाजपा ने बनाई थी।

इस बार राज्य में कुल 3,337 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सिंगल फेज में हुए चुनाव में राज्य की 28.13 लाख जनता ने 259 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। यह चुनाव 2023 का पहला चुनाव है। उधर, भाजपा-कांग्रेस को ट्विटर पर वोटिंग अपील करना भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने दोनों दलों को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस भेजा है। भाजपा महासचिव दिलीप सैकिया को भी इस मामले में नोटिस भेजा गया है।

### टिपरा मोथा चीफ प्रद्योत बोले-बीजेपी विधायकों को खरीदने का सोचा है

उधर मतदान के बीच टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा का बयान सुर्खियों में आ गया है। प्रद्योत ने कहा है कि अगर उनकी पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाती है तो वे बीजेपी विधायकों को खरीदने के बारे में सोच रहे हैं।

चुनाव के बाद गठबंधन और खरीद-फरोख्त के सवाल पर देबबर्मा बोले- 'मैं अपने महल के कुछ हिस्से को बेचकर भाजपा के 25-30 विधायकों को खरीदने के बारे में सोच रहा था। मेरे पास पैसा ही पैसा है।'

### संन्यास की खबरों को नकारा

प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा के बारे में यह कहा जा रहा था कि वे त्रिपुरा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद राजनीति छोड़ देंगे। वे कभी भी बुबागरा (राजा) के रूप में वोट नहीं मांगेंगे। अब खुद प्रद्योत ने इसे अफवाह बताया है। बुधवार को एक इंटरव्यू में प्रद्योत ने कहा कि, 'मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। मेरी बात का गलत मतलब निकाला गया। मैंने कहा था कि मैं मंगलवार को आखिरी बार वोट मांगने आया हूं, क्योंकि वह प्रचार का आखिरी दिन था।'

### 1100 बूथ संवेदनशील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गित्ते किरणकुमार दिनकरराव ने कहा कि 3,337 में से 1,100 बूथ संवेदनशील हैं, जबकि 28 बूथ अति-संवेदनशील हैं। राज्य में धारा 144 लागू है। साथ ही 25 हजार सुरक्षा बल भी तैनात किए गए।

### बीजेपी के 55 उम्मीदवार

त्रिपुरा चुनाव में कुल 20 महिलाएं विधायकों ने दावेदारी रखी। उधर, भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा में 55 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि उसकी सहयोगी आईपीटीएफ ने 6 सीटों पर दावेदारी पेश की है। बीजेपी ने सबसे ज्यादा 12 महिला कैंडिडेट को मैदान में उतारा है। उधर, ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी भी 47 सीटों पर मैदान में है। जबकि कांग्रेस ने कुल 13 प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

### नई पार्टी टिपरा मोथा भी मैदान में

राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और सीपीआईएम कांग्रेस गठबंधन के अलावा इस बार एक नई पार्टी भी चुनावी मैदान में उतरी। इस नई पार्टी का नाम टिपरा मोथा है, जिसका नेतृत्व पूर्व शाही वंशज प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। टिपरा मोथा को नेशनल पार्टीज से उलट लोकल होने का फायदा मिल सकता है।

# मेरी हत्या कराना चाहती है सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



अपने बयानों को लेकर इन दिनों सुखियों में रहने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि सरकार मेरी हत्या करना चाहती है। स्वामी ने कहा कि मुझे इतनी धमकियां मिल रही हैं उसके बावजूद भी धमकियां देने वाले पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने इसे लेकर लखनऊ पुलिस आयुक्त, राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि मुझे धमकी देने वाले के ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कि कुछ तथाकथित साधु और धर्म के ठेकेदारों ने मुझे धमकियां दी।

### उत्तर प्रदेश के कई शहरों में ईडी की रेड

लखनऊ, , समृद्धि न्यूज़

यूपी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम की कई जिलों में छापेमारी की कार्रवाई सुबह से जारी है। छापेमारी हरदोई, बाराबंकी, लखनऊ, फर्रूखाबाद आदि जिलों में चल रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला स्कालरशिप स्कैम का है। जिसमें ईडी के निशाने पर कई एजुकेशनल व मेडिकल इंस्टिट्यूट भी हैं। फर्रुखाबाद शहर में डा. ओमप्रकाश इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नोलाजी कालेज के संचालक डा. प्रभात गुप्ता व उनके पुत्र शिवम गुप्ता के प्रतिष्ठानों और घर पर सुबह लखनऊ से आई टीम ने छापेमारी शुरू की। गुरुवार सुबह तीन कारों से पहुंचे टीम के सभी सदस्य घर में प्रवेश कर गए। उनके साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने न किसी को अंदर प्रवेश करने दिया और अंदर मौजूद लोगों को बाहर भी नहीं निकलने दिया। घर के निचले तल पर डा. प्रभात गुप्ता का अस्पताल है, जिसमें अल्ट्रासाउंड सेंटर भी संचालित है।

# संसद में पीएम को लेकर गलत नहीं कहा : राहुल

### पहले अडाणी के साथ पीएम मोदी की तस्वीर दिखाकर पूछा था- ये रिश्ता क्या कहलाता है



नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल ने 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर कई सवाल पूछे थे।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े नोटिस पर अपना जवाब लोकसभा सचिवालय को सौंप दिया है। उन्हें जवाब देने के लिए 15 फरवरी तक का वक्त दिया गया था। जवाब में राहुल ने अपने बयान को सही ठहराया। इसके लिए अलग-अलग कानूनों का हवाला दिया है।

राहुल ने 7 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थीं। बाद में इन्हें स्पीकर ने उनके भाषण से हटा दिया था।। इसे लेकर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विशेषाधिकार का नोटिस जारी किया था। इसके बात लोकसभा सचिवालय ने उन्हें 10 फरवरी को नोटिस जारी किया था। राहुल ने 7 फरवरी को एक तस्वीर सदन में दिखाई थी, इसमें मोदी और गौतम अडाणी नजर आ रहे थे।

एनडीए मेंबर्स ने इसका विरोध किया था। सभापति ओम बिड़ला ने राहुल को टोका और स्पीच फिर शुरू हुई। राहुल ने कहा, इनका हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के साथ क्या रिश्ता है और कैसा रिश्ता है? राहुल ने कहा था, अडाणी और मोदी जी के रिश्ते के बारे में बता देता हूं।

# बोलेरो-स्कार्पियो में भिड़ंत, पांच की मौत

### तिंदवारी थाना क्षेत्र के मिरगहनी गांव के पास हुई भीषण दुर्घटना - सड़क हादसे में छह लोग हुए जख्मी, घर लौट रहे थे बाराती

बांदा, समृद्धि न्यूज़



बारातियों से भरी स्कार्पियो और बोलेरो आपस में टकराकर खंती में पलट गई, इसमें सवार चार लोगों की जिला अस्पताल में मौत हो गई। जबकि एक युवक ने उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पैलानी थाना क्षेत्र के निवाइच गांव निवासी शुभम पुत्र उदय प्रताप की बुधवार को शादी थी। बारात राजापुर के एक गेस्ट हाउस गई थी। बारात में शामिल होने के लिए शुभम के दोस्त भी गए हुए थे।

गुरुवार की भोर सभी दोस्त बोलेरो और स्कार्पियो से वापस गांव आ रहे थे। बोलेरो में पांच लोग और स्कार्पियो में छह लोग सवार थे। जैसे ही दोनो गाड़ियां तिंदवारी थाना क्षेत्र के मिरगहनी गांव के पास पहुंची ही थी कि ओवरटेक करने के चक्कर में दोनो गाड़ियां आपस में भिड़ गई। अनियंत्रित होकर कई पटखनी खाते हुए खंती में पलटकर पेड़ से टकरा गई। इससे दोनो गाड़ियों के परखचे उड़ गए। 11 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे घरवालों ने सभी घायलों को बाहर निकाला।

# बीबीसी दफ्तर में आईटी का सर्वे तीसरे दिन भी जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली और मुंबई में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ऑफिस में आईटी का सर्वे आज तीसरे दिन भी है।

सूत्रों ने बताया कि जब से कार्रवाई शुरू हुई तब से दिल्ली ऑफिस में 10 सीनियर एम्प्लॉइज घर नहीं गए हैं। मंगलवार से आयकर विभाग की ओर से बीबीसी दफ्तरों में जांच-पड़ताल की जा रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को कर्मचारियों से फाइनेंशियल डेटा इकट्ठा किया। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के ऑफिस में ऑपरेशन मंगलवार सुबह 11ञ्30 बजे शुरू हुआ और 45 घंटे के बाद भी जारी है। अधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि सर्वे कुछ और समय तक जारी रहेगा।

### अमित शाह बोले, पहले हर दिन होता था विरोध प्रदर्शन और पथराव

# कश्मीर आज पर्यटकों से भरा पड़ा है



श्रीनगर (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू कश्मीर को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि पहले हर दिन वहां विरोध प्रदर्शन और पथराव होता था। लेकिन आज वहां की स्थिति में परिवर्तन आया है और आज कश्मीर पर्यटकों से भरा हुआ है। दरअसल, अमित शाह दिल्ली पुलिस के 76 वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं 75 साल से अधिक की विरासत का हिस्सा हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस आजादी के बाद से आज तक अपने काम के लिए जानी जाती है और पूरे देश ने इसकी सराहना की है। गृह मंत्री मे उन लोगों के अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। शाह ने कहा कि आजादी के बाद दिल्ली पुलिस शांति, सेवा, न्याय के नारे के साथ आगे बढ़ी और अपने काम और कार्यप्रणाली में बदलाव लाया है जो देश के लिए फायदेमंद है। उन्होंने दावा किया कि भारत की कानून और व्यवस्था, सुरक्षा में 2014 से सकारात्मक विकास देखा गया है।

मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा

दुनिया की 10 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची से बाहर हुई दिल्ली, अरविंद केजरीवाल ने कहा

# लंबे समय बाद दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली शामिल नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर खूब हो-हल्ला रहता है। दिल्ली की प्रदूषण के चर्चा खूब होती भी है। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली दुनिया के दस सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में नहीं है। इसको लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब ट्वीट भी कर दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने अपने ट्वीट के जरिए दिल्लीवासी को बधाई दी है। अपने ट्वीट में अरविंद केजरीवाल ने लिखा कि लंबे समय बाद दिल्ली दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल नहीं हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि दिल्लीवासियों का प्रयास धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से रंग ला रहा है। बधाई दिल्लीवासी। लेकिन हमें अब भी लंबा रास्ता तय करना है। हमें दुनिया के सबसे अधिक स्वच्छ शहरों में शामिल होना है। हालांकि, भारत के लिए चिंता की बात यह है कि मुंबई दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर, मुंबई और काबुल दुनिया में शीर्ष तीन सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 2016 के 135 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 2022 में 97 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर



हो गया जो पांच साल में 28 प्रतिशत कम है। पीएम 10 का स्तर भी 2016 के 291 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 2022 में 211 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया जो 27 प्रतिशत कम है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

# बीजेपी की कौसर जहां ने जीता हज कमेटी अध्यक्ष का चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी प्रत्याशी ने आम आदमी पार्टी से चेयरमैन का पद छीन लिया। आप को झटका देते हुए बीजेपी नेता कौसर जहां गुरुवार को दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष चुनी गईं। कौसर इस पद पर निर्वाचित होने वाली दूसरी महिला हैं। दिल्ली सचिवालय में हुए चुनाव में उन्हें समिति के सदस्यों द्वारा डाले गए पांच वोटों में से तीन मिले। दिल्ली हज कमेटी की समिति



में छह सदस्य शामिल हैं। आम आदमी पार्टी और भाजपा के दो-दो सदस्य हैं। मुस्लिम धर्मशास्त्र विशेषज्ञ मोहम्मद साद और कांग्रेस पार्षद नाजिया दानिश, समिति के सदस्यों में भाजपा सांसद गौतम गंभीर भी शामिल हैं। दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जहां की जीत पार्टी में मुसलमानों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष चुने जाने पर कौसर जहां को बधाई। दिल्ली हज कमेटी में भाजपा से संबद्ध उम्मीदवार की जीत से यह स्पष्ट हो गया है कि अब मुस्लिम समुदाय भी देश की विकास धारा नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए उत्सुक है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल में हिंदी और इंटर में सैन्य विज्ञान की परीक्षा

**राजधानी में 126 परीक्षा केंद्रों पर एक दिन पहले ही 100 से अधिक कक्ष निरीक्षक बिना सूचना के गायब थे**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 58 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में बैठे हैं। पहले दिन सुबह 8 बजे से एग्जाम शुरू हुआ है। चेकिंग के बाद छात्रों को परीक्षा केंद्रों के अंदर एंट्री दी गई। पहले दिन बच्चों को सीट ढूंढने में थोड़ी दिक्कत हुई। स्कूल स्टाफकी मदद से बच्चे सही समय पर अपनी सीट तक पहुंच गए। सुबह की पाली में हाईस्कूल में हिंदी, प्रारंभिक हिंदी और इंटर में सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। लखनऊ के बाल निकुंज इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे स्टूडेंट्स का केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षकों ने पहले फूल बरसाया, फिर आरती कर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद स्टूडेंट्स का मुंह मीठा कराकर उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर भेजा गया।राजकीय इंटर कालेज निशातगंज में परीक्षा देने आए छात्र निशांत की अचानक से तबीयत बिगड़ गई और चक्कर आने लगा। इस बीच अभिभावक ने मौके पर ही पानी पिलाकर बच्चे को पहले थोड़ा शांत कराया। फिर परीक्षा कक्ष में भेजा। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में बने नोडल कंट्रोल रूम को कई केंद्रों से कक्ष निरीक्षकों की कमी की सूचना प्राप्त हुई। राजधानी में 126 परीक्षा केंद्रों पर एक दिन पहले ही 100 से अधिक कक्ष निरीक्षक बिना सूचना के गायब थे। इन केन्द्रों के व्यवस्थापकों ने क्ष्ै को कक्ष निरीक्षकों के न आने की सूचना भेजकर दूसरे कक्ष निरीक्षक मांगे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पांडेय ने बताया कि जिन केन्द्रों पर कक्ष निरीक्षक नहीं पहुंचे हैं, वहां पर व्यवस्था की जा रही है। इस बार 58 लाख 85 हजार 745 स्टूडेंट्स ने बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया हैं। इन स्टूडेंट्स के लिए प्रदेशभर में 8753 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों की निगरानी के लिए लखनऊ में राज्य स्तरीय 2 कंट्रोल रूम तैयार किया गया हैं। इस कंट्रोल रूम में 51 कंप्यूटर से प्रदेशभर के सभी 75 जिलों की मॉनिटरिंग की जा रही है।एसटीएफऔर एलआईयू को भी एक्टिव मोड में लगाया गया हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों की एसटीएफ और एलआईयू सिविल ड्रेस में भी तैनात की गई है। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए 1 हजार 390 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 455 जोनल मजिस्ट्रेट, 521 सचल दल और सभी 75 जिलों में प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। 8 हजार 753 परीक्षा केंद्र के 1.43 लाख परीक्षा कक्ष में 3 लाख वॉइस रिकॉर्डिंग फैसिलिटी के साथ सीसीटीवी कैमरे इन्स्टॉल किए गए हैं। बोर्ड परीक्षा की पहली शिफ्ट सुबह 8 से 11.15 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक तय की गई हैं।इस साल पहली बार यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में बार कोडिंग की गई है। साथ ही स्टूडेंट्स को सिलाई युक्त उत्तर पुस्तिकाएं दी जा रही हैं। ताकि बीच से पेज निकालकर बदला न जा सकें। स्टूडेंट्स को हर पेज पर रोल नंबर लिखना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हाईस्कूल में इस बार पहली बार 20 सवाल डब्फ यानी बहुविकल्पीय हैं। जो एक-एक नंबर के होंगे। इस तरह परीक्षा में स्टूडेंट्स को एक व्डत् सीट और एक विस्तृत उत्तर लिखने के लिए कॉपी दी जा रही है।


यूपी बोर्ड के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे डीएम सूर्य पाल गंगवार

# कानपुर देहात जा रहे रालोद प्रतिनिधि मंडल की उन्नाव में गिरफ्तारी

## प्रदेश सरकार सत्ता के मद में चूरः रामाशीष

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, युवा रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अम्बुज पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ नेता आदित्य विक्रम सिंह, मनोज सिंह चौहान, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, रमावती तिवारी, इकराम सिंह, सुमित सिंह, सहित रालोद नेताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल आज कानपुर देहात में हुई दर्दनाक घटना की जानकारी लेने और मृतकों के परिजनों से मिलने जा रहा था जिसे उन्नाव कोतवाली अंतर्गत ललऊ खेड़ा पुलिस चौकी पर पुलिस प्रशासन द्वारा रोककर गिरफ्तार कर लिया गया।रालोद प्रतिनिधि मण्डल ने गिरफ्तारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सत्ता मद में चूर है। पूंजीपतियों की सहायता करती है और अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम है लेकिन गरीबों और किसानों को कुचलने का काम लगातार किया जा रहा है। गरीबों और असहायों की स्थिति से खिलवाड़ करके उनका उपहास उड़ाने का काम योगी सरकार कर रही है। कानपुर देहात की मॉ बेटी का आग में जलने का हृदयविदारक दृश्य प्रशासन का तानाशाही रवैया स्पष्ट करता है। इस घटना ने पूरे देश एवं प्रदेश को झकझोर करके रख दिया है। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि हम लोगों को रोककर गिरफ्तार करना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है परन्तु राष्ट्रीय लोकदल सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेगा।

# सुधीर चौधरी के बयान से सरकारी तंत्र में कार्य करनें वाले समस्त कार्मिको में निराशा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ। एक चैनल के पत्रकार सुधीर चौधरी का एकबयान,वश्लेषण सरकारी तंत्र में कार्य करनें वाले कार्मिकों के विरूद्ध मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

इस प्रसारण में इन्होंनें सरकारी तंत्र के लिये जिन शब्दों काप्रयोग किया है उसे सुनकर सभी कर्मचारी एवं अधिकारीगण स्तब्ध है, इनका यहविश्लेषण प्रदेश के मुख्यमत्री के कार्य क्षमता पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करताहै, जबकि यही प्रशासनिक तंत्र है जिन्होंनें दैवी आपदा करोना काल में की गयीव्यवस्था के प्रति विश्व का ध्यान आकर्षित किया था। जिन प्राईवेट व्यवस्था की बात यह अपनेंविश्लेषण में कर रहे है वह दैवी आपदा करोना काल सहित किसी भी आपत्ति काल में अपनें-अपनें अस्पताल आदि जन-उपयोगी व्यवस्थाओं को बन्द कर भाग जाते है,यह हमारे डाक्टर, नर्स, इंजीनियर, कर्मचारी एवं वरिष्ठ अधिकारीण ही है जो मैदान मेंडटे रहते हैं और जन कल्याण का कार्य करते है, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ का यहमानना है कि आज भी जितनें मरीज सरकारी अस्पतालों में जाते है और स्वस्थ होतेहै उसके एक चौथाई भी प्राईवेट अस्तालों में नहीं जाते है। जहां दुनिया के अनेकदेश जहां अधिकांश व्यवस्थायें निजी हाथो में है वहां ट्रकों में भरकर लाशेगढ़ों में दफ्न की जा रही थी, वही हमारे देश का सरकारी तंत्र ही था जिसनेंमोर्चा सम्भाल विश्व में सबसे न्यूनतम जन हानि होनें दिया। पत्रकार द्वारा दिये गये बयानसें सरकारी तत्र में कार्य करनें वाले समस्त कार्मिको में निराशा की स्थिति है। किसीव्यक्ति या संस्था को अभिव्यक्ति की आजादीके नाम पर तथ्यहीन टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। जहां तक भ्रष्टाचार का सवाल हैउ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ का मानना है कि यह किसी भी देश या समाज के लियेअभिशाप है परन्तु इस पर सर्गीय टिप्पणी न होकर समग्रता के आधार पर विश्लेषणहोना चाहिये। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासघ किसी भी खुली बहस मेंभाग लेने को तैयार है। उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा लखनंऊके पदाधिकारियों नें सरोजनी नायडू पार्क हजरतगंज लखनऊ स्थित स्व0 बी0एन0 सिंहकी प्रतिमा के समक्ष सभा कर सुधीर चौधरी के इस बयान की निन्दा करते हुये इनके विरूद्ध माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रस्तुतकिया। सभा को कमल अग्रवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ, एस0पी0सिंह, नरेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ,अमर नाथ यादव, अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन,राम भजन मौर्य, महामंत्री श्रमिक संघ,चन्द्रशेखर महामंत्री एटक, राहुल मिश्रा, जिला मंत्री सीटू, रेखा तोमर, अध्यक्ष, निधि,महामंत्री, महिला शाखा, दिवाकर सिंह, अध्यक्ष मिनि0फेडरेशन, सुनील मिश्रा, अध्यक्षके0डी0 जोशी महामंत्री राजीकीय प्रेस धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष, संदीप पाण्डेय,उपध्यक्ष, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यादव, देवेन्द्र कुमार यादव मंसूर अली, रजीतकुमार, विजय कुमार लोधी, पुष्पा चौधरी, विश्वरूप यादव, दिग्विजय मौर्या ज्ञानेन्द्रकुमार विनोद चौधरी,,गौरव सिंह,मोनू शर्मा,आकाश मौर्या, सुमित सोलंकी, अफ्जल फारूकी, शैलेष सिंह यादव, आदि नेताओं नें भाग लिया।

# फैजुल्लागंज विद्युत उपकेन्द्र पर उपभोक्ता से मारपीट, दोषियों के निलंबन की माँग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव ने बताया कि फैजुल्लागंज उपकेंद्र पर कल जिस प्रकार माँ -बेटे के साथ उपकेन्द्र के कर्मचारियों ने मारपीट की, उससे यह स्पष्ट होता है कि इस मामले मे विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत है। बगैर संरक्षण के ऐसी घटना कार्यालय के अन्दर नहीं की जा सकती है। घटना विभाग को शर्मसार करने वाली है।उपकेंन्द्रो पर बडा बडा लिखा है कि श्उपभोक्ता देवो भवरू लेकिन कर्मचारियों ने ठीक इसके विपरीत कार्य किया जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव ने पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन से ऐसे कर्मचारियों को बर्खास्त करने की माँग की है।


सुधीर चौधरी के बयान को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### जीवन दर्शन की प्रेरणाएं हैं ऋषि साहित्य में: उमानंद शर्मा

**लखनऊ ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''हिमालयन ग्लोबल एकेडमी, सीतापुर रोड़, बी.के.टी. लखनऊ'' के संदर्भ पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 382वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता श्री हंस जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में तथा उमानंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि के वाड्मय साहित्य में जीवन दर्शन की प्रेरणाएं है।'' संस्था के चेयर मैन श्री दिलीप सिंह बाफिला, ऊषा सिंह, इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. प्रितेश सक्सेना ने भी अपने विचार रखे। प्रधानाचार्या नीतू भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, हंस जी, ऊषा सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह एवं संस्था के चेयरमैन दिलीप सिंह बाफिला, इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. प्रितेश सक्सेना, प्रधाचार्या नीतू भट्ट, एवं विभागाध्यक्ष सहित छात्र-छात्रायें, संकाय सदस्य मौजूद थे।

### हसनगंज में युवती से छेड़छाड़

**लखनऊ ।** हसनगंज कोतवाली के शंकर नगर निवासी युवती ने पड़ोसी पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है 7 पीड़िता को आरोपी की मां घर पर बुलाया था 7 पड़ोसन के बुलाने पर युक्ति विश्वास पर चली गई वह कमरे में बैठी थी तभी महिला का बेटा अन्नु आ गया उसने अकेला देख कर उससे गलत हरकत कर दी 7विरोध पर गाली देने लगा तभी वह अन्नू को धक्का देकर युवती भागकर अपने घर पहुंची 7 पिता ने अन्नू के घर पर विरोध दर्ज कराया तो उससे भी अभद्रता की7 इस्पेक्टर हसनगंज अतुल श्रीवास्तव के मुताबिक केस दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है 7

### नाका थाना क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**लखनऊ।** नाका की पानदरीबा निवासी अनुराधा सिंह ने दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न हो पाने पर पिटाई कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है 7 तहरीर पर नाका पुलिस ने पति कुशीनगर के हाटा सहबाज पुर निवासी नरेंद्र नारायण सिंह समेत ससुराल के छह लोगों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है 7 इस्पेक्टर बृजेश द्विवेदी के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर बुधवार को पति नरेंद्र नारायण सिंह, ससुर राम आशीष सिंह, सास देवी , जेठा राम ईश्वर, जेठानी दया वंती व देवर अभय नारायण सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया 7

### केवाईसी अभियान में जुड़े एक करोड़ से अधिक मोबाइल नम्बर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री एवं ऊर्जामंत्री की मंषा के अनुरूप 1 फरवरी से प्रारम्भ हुये के0वाई0सी अभियान में मात्र 15 दिनों के अन्दर एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं के मोबाइ लनम्बर, 65 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के वाट्सएप नम्बर तथा 134797 उपभोक्ताओं के ई-मेल आईडी बिलिंग सिस्टम में दर्ज किया गया है। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर, वाट्सएप नम्बर तथाई-मेल आईडी दर्ज हुई है उनको बिल सम्बन्धी जानकारी विच्छेदन तिथि, बिल भुगतान की सुविधा, विद्युत सम्बन्धी षिकायतों का तत्काल निस्तारण, लोड घटाना-बढ़ाना, विभागीय योजनायें, नये संयोजन,कैम्पों की जानकारी तथा विद्युत बाधित होने की जानकारी समय से प्राप्त होती रहेगी। उ0प्र0 पावर कारपोरेषन अध्यक्ष एम0 देवराज ने यह जानकारी देते हुये बताया है कि केवाईसी अभियान सफल रहा है। हमारी कोषिष है कि सभी उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर के साथ अन्य सम्पर्क के माध्यम जो उपभोक्ता प्रयोग कर रहें हैं उन्हें बिलिंग सिस्टम से जोड़ा जाये। जिससे उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु विद्युत सम्बन्धी विभिन्न जानकारियॉ समय से उपलब्ध करायी जाती रहें। उन्होंने विद्युत कार्मिकों को निर्देषित किया है कि उपभोक्ताओ का मोबाइल नम्बर, वाट्सएप नम्बर या ई-मेल आईडी प्राप्त करने हेतु प्रयास जारी रखें।

### जैन मुनियों का आशियाना जैन मन्दिर में मंगल प्रवेश

**लखनऊ।** आशियाना के जैन भक्तों ने संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य मुनिश्री पावन सागर जी महाराज एवं मुनिश्री सुभद्र सागर जी का मंगल प्रवेश गुरुवार को श्री दिगम्बर जैन मन्दिर आशियाना में हुआ। मंगल आरती का सौभाग्य जैन महिला मण्डल आशियाना की अध्यक्ष अल्पना, डॉ. सविता, ज्योति, वीना और सुमन को प्राप्त हुआ। पाद प्रक्षालन अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश एवं डॉ. अभय कुमार जैन, अनूप, अजय और मनोज ने प्राप्त किया।

# सबसे भरोसेमंद हैं एजेंसी की खबरें :गैबरिएला कान्यास

**अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों की कार्यप्रणाली' पर आईआईएमसी के विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

समृद्धि न्यूज। नई दिल्ली/लखनऊ




स्पेन की न्यूज एजेंसी ईएफई की अध्यक्ष गैबरिएला कान्यास का कहना है कि एजेंसी जर्नलिज्म, पत्रकारिता का सबसे शुद्धतम रूप है। समकालीन घटनाक्रम को समझने, सूचनाओं से अवगत रहने और दुनिया को समझने के लिए ये अनिवार्य आधार है। एजेंसी की खबरें झूठ और अफवाहों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ हथियार हैं। कान्यास भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों की कार्यप्रणाली' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, डीन (छात्र कल्याण) एवं आउटरीच विभाग के प्रमुख प्रो. प्रमोद कुमार एवं ईएफई के सदस्यों सहित संस्थान के सभी संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। एजेंसियों से 24 घंटे और 365 दिन समाचार प्रसारित होते हैं और चाहे वेबसाइट हो या डिजिटल प्लेटफार्म, उनको भी लगातार समाचारों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विश्व भर में नई वेबसाइट खुल रही हैं और उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं, कि वे अपने संवाददाता पूरी दुनिया में लगाएं। ऐसे में उनकी निर्भरता एजेंसियों पर बढ़ जाती है।कान्यास के अनुसार एजेंसियों को इस मौके का पूरा लाभ उठाना चाहिए। वे समय पर, पुख्ता और विश्वसनीय सूचनाएं दें। एजेंसी के सामने अगर चुनौती है, तो वो इस बात की है कि जो फेक कंटेंट आ जा रहा है, इसके विरुद्ध बेहतरीन, विश्वसनीय और तथ्यपरक कंटेंट प्रदान करें। इस समय फेक न्यूज या फेक केंटेंट का बहुत दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में समय पर सही सूचना लोगों तक पहुंचाएं।

### आईआईएमसी के महानिदेशक को किया सम्मानित

इस अवसर पर गैबरिएला कान्यास ने ईएफई की और से भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी को सम्मानित किया। प्रो. द्विवेदी को ये सम्मान पत्रकारिता एवं मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। ईएफई विश्व की चौथीं सबसे बड़ी न्यूज एजेंसी है और दुनिया के 110 देशों में उनके संवाददाता काम कर रहे हैं।

# ऊर्जा व नगर विकास में शुरू हुआ निवेश धरातल पर उतारने के लिए क्रियान्वयन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में आए 33.50 लाख करोड़ रूपये के निवेश का एक तिहाई से अधिक का निवेश आकर्षित करने वाले ऊर्जा, नवीन उर्जा एवम् नगर विकास की समीक्षा की। उन्होंने दोनो विभाग में आए निवेश को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ कल शाम बैठक कर निवेश प्रस्ताव को शीघ्र अमल में लाने के लिए विस्तृत व प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 02 दिन पहले ही निवेशकों, उद्योगपतियों से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए दोनों विभागों में नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की दिशा में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। श्री शर्मा ने निर्देशित किया है कि प्रो-ऐक्टिव होकर निवेश प्रस्ताव के अमल में निवेशकों की सहायता करनी है। निवेशकों के साथ त्वरित रूप से पर्सनल और वर्चुअल मीटिंग कर व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किया जाय। आशंकाओं और समस्याओं पर चर्चा कर आगे का प्रारूप निर्धारित किया जाय। दोनों विभागों में इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम बनाकर हर प्रोजेक्ट के प्रगति की समीक्षा की जाय। निवेशकों की जरूरतों और मांगों को लेकर चेकलिस्ट बनाई जाय और प्राथमिकता से पूरा कराया जाय।

# मंत्री गुलाब देवी ने की रामचरित मानस पर टिप्पणी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की रावण से तुलना

समृद्धि न्यूज। लखनऊ/बदायूं



प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने श्रीरामचरित मानस के एक अंश पर पाबंदी लगाने की मांग करने वाले समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य की रावण से तुलना की है। आज गुरुवार को उप्र बोर्ड परीक्षा के दौरान केन्द्रों का दौरा करने बदांयू पहुँची माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस में स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस पर की गयी टिप्पणी से सम्बन्धित एक सवाल पर उनकी तुलना रावण से कर दी। उन्होंने कहा, श्रीरामचरितमानस को तो रावण भी नहीं मानता था।उन्होंने यह भी कहा ,मगर रावण के दिल में राम थे। वह स्वर्ग तो गया लेकिन उससे पहले उसकी क्या दशा हुई। श्रीरामचरितमानस मानवता के गुणों से परिपूर्ण एक धर्मग्रंथ है। यह हमारी आस्था का सवाल है। इसे न मानने वालों के दिल में खोखलापन है। राजनीति चमकाने के लिये मानस की आलोचना कर रहे हैं।यह पूछे जाने पर कि मौर्य की बेटी एवं बदायूं से भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य भी अपने पिता का बचाव करते हुए कहती हैं किश्रीरामचरितमानस की कुछ चौपाइयों को लेकर विवाद है और उन पर विचार होना चाहिए, माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा,वे क्या कहती हैं, हम इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहते। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने पिछले महीने एक बयान में श्रीरामचरित मानस की चौपाई कोदलितों और महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी, जिसे लेकर उनके खिलाफ संत समाज में खासी नाराजगी व्याप्त है। गुलाब देवी ने कानपुर देहात में सोमवार को अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एक महिला और उसकी बेटी द्वारा अपनी झोपड़ी के अंदर कथित रूप से आत्मदाह किये जाने की घटना को दिल कंपा देने वाली वारदात करार दिया है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, पीड़ित परिवार में जो बचे हैं उनके साथ सहानुभूति होना चाहिए और सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए तथा दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है।बोर्ड परीक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा कि नकल कराने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**डाक विभाग की पहल**

# डाकिया घर बैठे पहुंचाएगा काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

काशी विश्वनाथ मंदिर के नव्य-दिव्य स्वरूप में आने के बाद बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्त खूब उमड़ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ का प्रसाद पाकर लोग अपने को धन्य समझते हैं। महाशिवरात्रि में भी देश भर से शिव भक्तों की इच्छा यहाँ दर्शन करने और फिर प्रसाद लेकर अपनी को तृप्त करने की होती है। अक्सर लोगों की इच्छा होती है कि काश घर बैठे ही उन्हें बाबा भोलेनाथ का प्रसाद मिल सके। ऐसे लोगों को निराश होने की जरुरत नहीं है। वे घर बैठे डाक विभाग के माध्यम से स्पीड पोस्ट द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत नए स्वरूप में काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत अपने नजदीकी डाकघर से मात्र 251 रूपये का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी पूर्वी मंडल-221001 के नाम भेजना होता है। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होता है। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अलावा इसे 201 रूपये में वाराणसी सिटी डाकघर के काउंटर से भी प्राप्त किया जा सकता है। अब तक देश के विभिन्न भागों में 6500 से ज्यादा लोग डाक विभाग के माध्यम से काशी विश्वनाथ प्रसाद मंगा चुके हैं प्रसाद में काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं। सूखा होने के कारण यह प्रसाद लम्बे समय तक उपयोग में बना रहता है।


पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव

# बालगृह में पांच दिन में चार बच्चियों की मौत मामले में अधीक्षक निलंबित

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय बालगृह में पांच दिनों में चार बच्चियों की मौत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए उसके अधीक्षक को निलंबित कर दिया है और मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं। जिला प्रशासन ने इन बच्चियों की ठंड से मौत की बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि, मौत के कारणों के बारे में सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चल पाएंगी। बता दें कि राजकीय बालगृह में नवजात से लेकर दस साल के बच्चे रखे जाते हैं। यह महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। यहां निराश्रित, लावारिस एवं परित्यक्त नवजात शिशुओं को बाल कल्याण समिति के आदेश से रखा जाता है। इस बाल गृह में फिलहाल 28 नवजात सहित कुल 75 बच्चे रह रहे हैं। उनका पालन पोषण उत्तर प्रदेश का महिला कल्याण विभाग करता है। बालगृह में शहर में पाए जाने वाले निराश्रित, लावारिस एवं परित्यक्त

**मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी**



नवजात शिशुओं को रखा जाता है। शहर में कही भी पाए गए लावारिस शिशु को यहां रखा जाता है। उनके इलाज से लेकर खानपान आदि सभी जिम्मेदारियां इस बाल गृह की होती है। सूत्रों के मुताबिक महिला कल्याण विभाग के जिला परिवीक्षा अधिकारी (डीपीओ) विकास सिंह ने गुरुवार को बताया कि, बाल गृह में चार बच्चियों की मौत 10 से 14 फरवरी के बीच इलाज के दौरान हुई है, जो डेढ़ महीने से साढ़े पांच महीने की थीं। उन्होंने कहा कि इन बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। उनका कहना था कि रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। उनके अनुसार घटना के मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दे दिए गए हैं। सिंह के मुताबिक राजकीय बालगृह के अधीक्षक किंशुक त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा उन्हें निलंबित कर दिया गया है। डीपीओ विकास सिंह ने बताया कि बाल गृह में पांच दिनों में चार गंभीर रूप से बीमार शिशुओं को उपचार के दौरान किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज विश्वविद्यालय और सिविल अस्पताल लखनऊ में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिला प्रशासन ने इन बच्चियों की ठंड से मौत होने की बात को खारिज करते हुए कहा कि, इन बच्चियों की स्वास्थ्य स्थिति संस्था में प्रवेश समय से ही गंभीर थी और इनका निरंतर उपचार कराया जा रहा था, लेकिन इन्हें बचाया नहीं जा सका। इन बच्चियों का वजन 1200 ग्राम से 1600 ग्राम के मध्य था।



विधान भवन के कक्ष संख्या- 80 में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य महत्वपूर्ण बैठक करने के दौरान

# सपा ने रोली और ऋचा को पार्टी से बाहर का दिखाया रास्ता

**लखनऊ समृद्धि न्यूज** । रामचरित मानस विवाद को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफअभद्र टिप्पणी को लेकर को लेकर समाजवादी पार्टी बड़ा एक्शन लिया। पार्टी के दो बड़े नेता रोली तिवारी मिश्रा और ऋचा सिंह को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसकी जानकारी पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर दी है। श्रीमती रोली तिवारी मिश्रा और सुश्री ऋचा सिंह को समाजवादी पार्टी से निष्कासित किया जाता है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों तथा टी.वी. पैनलिस्ट को यह बात ध्यान में रखना चाहिए कि समाजवादी पार्टी डा0 लोहिया के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद में आस्था रखती है। समाजवादी पार्टी लोहिया जी की सप्तक्रांति और लोकनायक जयप्रकाश जी की सम्पूर्ण क्रान्ति तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। जातीय जनगणना की मांग भी हम निरंतर करते रहे हैं। चौधरी ने कहा है कि वर्तमान शासन काल में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। महिलाओं-बच्चियों को अपमानजनक हालात से गुजरना पड़ रहा है पूरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति व्याप्त है।

# नगर निगम ने सील किए दर्जनों दुकान और भवन

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देशानुसार लखनऊ नगर में गृहकर के बड़े बकायेदारो के विरूद्ध कुर्की व वसूली अभियान जिस जोन में चलाकर सीलिंग की कार्यवाही की गई। आज जोन एक में गौरव गुन्जन काम्पलेक्स की कई दूकानों सहित कई जोनों में दर्जनों दूकाने गृहकर बकाए के भुगतान न करने के कारण नगर निगम की टीम ने सील कर दी। जोन एक, दो, तीन और पॉच में कई भवन सील किए गए। इस दौरान कुछ आंशिक भुगतान भी जमा कराया गया। जोन-1-जोनल अधिकारी नरेन्द्र देव के नेतृत्व में रानी लक्ष्मी बाई एवं यदूनाथ सान्याल वार्ड में गृहकर बकायेदार राकेश तिवारी गुईन रोड पर बकाया गृहकर 181441 रूपयें, पीहूमल दरियानी बकाया गृहकर 126917 81441 रूपयें, दूनाथ सान्याल वार्ड में मे.जरी आर्ट पर बकाया गृहकर 832218 81441 रूपयें, नरेश अग्रवाल पर बकाया गृहकर 732546 81441 रूपयें, राम चन्द्र वर्मा पर बकाया गृहकर 229308 81441 रूपयें, हाफिज मो.असलम पर. बकाया गृहकर 201666 81441 रूपयें, गौरव गुन्जन काम्पलेक्स एलजीएफ- 12 पर बकाया गृहकर 131590 गौरव गुन्जन यूजीएफ - 5 पर बकाया गृहकर 96588 रूपये, यूजीएफ-12 पर बकाया गृहकर 111749 रूपये, यूजीएफ-9 पर बकाया गृहकर 79480 रूपये का भुगतान न करने के कारण भवनों पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-2-जोनल अधिकारी नन्द किशोर की अध्यक्षता मे वार्ड राजाबाजार एवं राजेन्द्र नगर में बड़े बकायेदार मो. रियाज कुल देय गृहकर 52,981 रूपये, राजा कुल देय गृहकर 86,675 रूपये, घनश्याम दास गुप्ता कुल देय गृहकर 41,045 रूपये, अभिजीत सिंह कुल देय गृहकर 66170 रूपये, मीरा मिश्रा कुल देय गृहकर 26050 रूपये, राम चरन लाल कुल देय गृहकर 1,08,967 रूपये का मौके पर भुगतान न होने के कारण सील कर दिया गया। वार्ड राजाबाजार में भवन स्वामी - एनएऑटो मोबाइल कुल देय गृहकर 1,90,947 के सापेक्ष 1,10,000 रूपये, जोय आइसक्रीम कुल बकाया गृहकर 1,03,189 के सापेक्ष 30,000 रूपये, राजेन्द्र कुमार कुल देय गृहकर 1,28,418 रूपये, का पूर्ण भुगतान कुर्की की कार्यवाही में कराया गया। जोन-3- जोनल अधिकारी श्रीमती अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में वार्ड फैजुल्लागंज, महाकवि जयशंकर प्रसाद एवं भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवं बेगम हजरत महल बजरंग बली एवं अलीगंज में कुर्की की कार्यवाही में वार्ड अलीगंज में कुल 07 दुकानों के पर बकाया धनराशि 563392 रूपये जमा न करने पर सील की गयी।



## चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाएं और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाएं: सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में बढ़ रहे अपराध को लेकर पुलिस प्रशासन को और भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। सीएम ने कहा कि, जिले में होने वाली चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया जाए और हर गली-मोहल्ले में गश्त बढ़ा दिया जाए। सीएम का आदेश है कि, लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाए। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर जिले में अपने दो दिवसीय दौरे पर है। जहां पर आने के बाद सीएम योगी ने गोरखपुर मंदिर में अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने अधिकारियों से बातचीत की और कहा कि, जिले में होने वाली चोरी, चेन स्नेचिंग की घटनाएं पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाएं। साथ ही सीएम ने महाशिकरात्रि के पर्व पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने को कहा है। उन्हेंने कहा है कि महाशिवरात्रि पर गांव-गांव तक के शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इस दौरान उनकी सुकक्षा का ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसलिए जिले में उस दिन भारी पुलिस बल तैनात किया जाएं। अपने दौरे के दौरान जिले में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी प्रोजेक्ट तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए।

# डॉ. दिनेश शर्मा ईसाई मंच द्वारा आयोजित सदभावना सम्मेलन में हुए शामिल

**समृद्धि न्यूज लखनऊ**

हजरतगंज स्थित क्राइस्ट चर्च कॉलेज में आयोजित भारतीय ईसाई मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं सदभावना सम्मेलन में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ईसाई समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास नारे का व्यापक असर पड़ा है।

असम, नागालैण्ड, अरूणांचल, मणिपुर, गोवा, मेघालय, त्रिपुरा में भारी संख्या में ईसाई समाज के लोग रहते हैं। नार्थ ईस्ट के प्रांतों ने खासकर प्रधानमंत्री के आह्वान का स्वागत किया है। आज ईसाई समाज के बहुमत वाले प्रांतो में भाजपा की सरकार है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने किसी के साथ भेदभाव नही किया तथा सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। भाजपा में ईसाई समाज के कई लोग पार्टी के पदाधिकारी रहे हैं। इसका मुख्य कारण राष्ट्र की मुख्य धारा में योग्यता की हिस्सेदारी को भाजपा ने सुनिश्चित किया है। ईसाई मंच के गठन से ईसाई समाज गरीब,असहाय, विधवा, अनाथ एवं बुजुर्गो को समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का कार्य हो रहा है। आज देश का माहौल बदला है। जहां पहले दंगे होते थे वहां आज विकास का काम हो रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में मेडिकल कालेज बने हैं। ईसाई समाज ने जिस प्रकार अटल जी को अपनाया था। जिस प्रकार अब पीएम मोदी को अपना रहा है यह देश की मजबूती के लिए बहुत बड़ी पहल है।

उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को एक उदाहरण के माध्यम से प्रस्तुत करते हए कहा कि कुंए में गिरा व्यक्ति और कुएं के ऊपर खड़ा व्यक्ति जब कुछ आगे बढ़ते हैं। तो कुए में गिरा व्यक्ति बाहर निकलकर बाहर के व्यक्ति के बराबर में खड़ा हो जाता है। यही दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से डॉ. ऑर्थर कोकर (राष्ट्रीय संयोजक), दिल्ली प्रदेश से डॉ. सैमुएल मसीह राष्ट्रीय प्रभारी एवम संयोजक दिल्ली, महाराष्ट्र से पास्टर पैट्रिक रोड्रिक (संयोजक),उत्तराखण्ड से बिशप ए के पराशर (संयोजक), गुजरात से योगेश हिवालिए (संयोजक), अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली, उपाध्यक्ष राकेश छतरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जफर आलम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रिश्वत मांगने का वीडियो बनाने पर बिजली उपकेंद्र में मारपीट

**लखनऊ।** लखनऊ के फैजुल्लागंज उपकेंद्र में कर्मचारियों ने महिला समेत उपभोक्ताओं को पीट दिया। आरोप है कि बिजली चोरी के मामले को खत्म करने के लिए 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। वीडियो बनाने के बाद बिजली कर्मचारियों ने हाथापाई शुरू कर दी। फैजुल्लागंज उपकेंद्र पर इलाके की रहने वाली एक महिला अपने बेटे के साथ पहुंची। उसके घर में बिजली चोरी पकड़ी गई थी। वह अपने बेटे के साथ जेई सुरेश कुमार मौर्या और एसडीओ दीपेंद्र सिंह से मिलने पहुंची। यहां तक संविदा कर्मचारी कुलदीप और अनिरुद्ध उन्हें मिले। उनको वह लोग जेई कार्यालय में ले गए। इस दौरान उनको बताया गया कि एक लाख रुपए खर्च कर मामला खत्म किया जा सकता है। महिला ने बेटे के साथ घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इससे नाराज कर्मचारियों ने उनकी वहीं पर पिटाई शुरू कर दी। यहां तक की वीडियो बनाए जाने पर कर्मचारियों ने बिल की रकम जमीन पर बिखेरकर महिला और उसके बेटे को फंसाने की कोशिश की डाली। उनका मोबाइल भी छीन लिया। संविदा कर्मचारी दोनों को पीटते हुए बिलिंग केंद्र ले गए और उपभोक्ताओं की ओर से जमा किए गए बिल के रुपए कक्ष में बिखेर दिया। महिला के बेटे मिथलेश कुमार ने बताया कि 35 हजार रुपए के बकाए पर कनेक्शन काट दिया और मीटर भी उखाड़ ले गए। जेई के कक्ष में संविदा कर्मचारी कुलदीप और अनिरुद्ध ने एक लाख रुपए घूस देने की बात कही। मिथलेश बातचीत का वीडियो बनाने लगा। उसके बाद उसको मारा गया। मामले में मिथलेश ने एक्सईएन को शिकायत की गई और उसके अलावा मड़ियांव थाने में तहरीर दी गई थी।

### देविका मिश्रा के निधन पर भूपेंद्र चौधरी दुखी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक कामेश्वर मिश्रा की पत्नी देविका मिश्रा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, विजय बहादुर पाठक, कान्ताकर्दम, सलिल विश्नोई, दयाशंकर सिंह, सुरेन्द्र नागर, सत्यपाल सिंह सैनी, पद्म सेन चौधरी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, प्रकाश पाल, संतोष सिंह, देवेन्द्र सिंह चौधरी, बृज बहादुर, सुनीता दयाल, ए.के शर्मा, दिनेश चन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, गोविन्द नारायण शुक्ला, अश्विनी त्यागी, अमरपाल मौर्य, सुब्रत पाठक, अनूप गुप्ता, प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री त्रयम्बक त्रिपाठी, सुभाष यदुवंश, संजय राय, डा. चन्द्रमोहन, देवेश कुमार, शंकर गिरि, अंजुला माहौर, मीना चौबे, विजय शिवहरे, शंकर लोधी, डा. शकुन्तला चौहान, अनामिका चौधरी, पूनम बजाज, अर्चना मिश्रा, अमित वाल्मीकि, डी.पी. भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, धर्मेन्द्र राय, प्रियंक पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, डा. समीर सिंह, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेयी, आलोक अवस्थी, अशोक पाण्डेय, जुगल किशोर, अनिला सिंह, श्री राकेश त्रिपाठी, प्रशान्त वशिष्ठ, संजय चौधरी, आनन्द दुबे, साक्षी दिवाकर, आलोक वर्मा, महामेधानागर, अवनीश त्यागी, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, प्रदेश सह मुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह, राजेश चौधरी, राघवेन्द्र सिंह, संजीव मिश्रा, डा. कौशल मिश्रा, अमृता, प्रशान्त कुमार उमराव, शरतेन्दु त्रिवेदी शरद, दीपक बघेल, दीपक सोनकर, कृष्णमोहन पाण्डेय, एस.एन. सिंह, राज कुमार , अशोक तिवारी , ओम प्रकाश श्रीवास्तव तथा शिव कुमार पाठक ने भी देविका मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### एसपी दिनेश सिंह को ब्रेन हेमरेज, बिजनौर भेजे गए प्रभाकर चौधरी

**लखनऊ।** बिजनौर के एसपी को ब्रेन हेमरेज होने के बाद शासन से आईपीएस प्रभाकर चौधरी को बिजनौर कैंप करने भेजा है। सीतापुर में 11वीं वाहिनी के सेनानायक प्रभाकर वाराणसी, आगरा, मुरादाबाद समेत कई जिलों के कप्तान रह चुके हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए बिजनौर भेजे गए प्रभाकर चौधरी वाराणसी, आगरा, मुरादाबाद समेत कई जिलों के पुलिस कप्तान रह चुके हैं। शासन ने उनको बिजनौर में कैंप करके कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए है। उनकी देखरेख के लिए उनकी पत्नी एसपी महोबा सुधा सिंह का अवकाश स्वीकृत कर दिया गया है। उनके स्थान पर मुरादाबाद में एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता को महोबा का अस्थायी प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा दो आईपीएस का तबादला भी किया गया है। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त शिवा सिंह को कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया है।कानपुर कमिश्नरेट में तैनात श्रुति श्रीवास्तव को वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात किया गया है।

# मंत्री धर्म सिंह सैनी पर घूस लेने का आरोप

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**आयुष एडमिशन की चार्जशीट में आया नाम एसटीएफ ने पीए को बनाया गवाह**

यूपी के आयुष कॉलेजों में बिना नीट परीक्षा के फर्जी दस्तावेजों से 982 छात्रों को प्रवेश मामले में एसटीएफकी चार्ज शीट ने पूर्व आयुष मंत्री धर्म सिंह सैनी की मुश्किलें बढ़ा दी है। इसमें उन पर कॉलेजों की मान्यता की मंजूरी के लिए घूस लेने की बात सामने आई है। उनके पीए ने बयान दिया है कि यूजी और पीजी की मान्यता के लिए 1.60 करोड़ की घूस मिली थी। जिसका बड़ा हिस्सा पूर्व मंत्री को भी दिया गया था। भ्रष्टाचार घोष निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश एडीजे रमाकांत प्रसाद ने एसटीएफ द्वारा दाखिल चार्जशीट को संज्ञान में लिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए दर्ज करने का आदेश देते हुए आरोपियों को अभियोजन के प्रपत्रों की कॉपी 3 मार्च तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसटीएफकी चार्जशीट के मुताबिक आरोपी पूर्व आयुष निदेशक प्रोफेसर एसएन सिंह ने अपने बयान में कहा था कि 2019 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश के डॉ. अनवर सईद और डॉ. अकरम निदेशालय में पूर्व प्रभारी शिक्षा आयुर्वेदिक डॉ. उमाकांत से मिले थे। जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश का जल्द अनुपालन करवाने पर यूजी के लिए 1.10 करोड़ और पीजी के लिए 50 लाख रुपए दे देंगे। इसको लेकर दोनों ने मंत्री के निजी सचिव राजकुमार दिवाकर से मुलाकात करवाई। जिसके बाद दिवाकर ने सईद और अकरम की तत्कालीन मंत्री धर्मवीर सैनी से मुलाकात करवा दी। जहां आश्वासन मिलने के बाद सईद और अकरम ने अलग-अलग तारीखों में यूजी की मान्यता के लिए एसएन सिंह व उमाकांत को पैसे दिए। यह पैसा तत्कालीन मंत्री धर्म सिंह सैनी, प्रोफेसर एसएन सिंह, उमाकांत यादव व फाइल पास होने की प्रक्रिया से जुड़े लोगों में बांटा गया। एसटीएफसूत्रों के मुताबिक, पूर्व मंत्री दाखिला घोटाला के वक्त मंत्री नहीं थे। लेकिन उससे जुड़े लोगों से रिश्वत लेने की बात सामने आई है। इसके चलते उनके खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर जल्द कार्रवाई की जा सकती है। एसटीएफने पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी के निजी सचिव राज कुमार का मैजिस्ट्रेट के सामने आईपीसी की धारा-164 के तहत बयान दर्ज करवाया था। दिवाकर ने 164 के बयान में पूर्व मंत्री के रिश्वत लिए जाने की बात कही। जिसके बाद पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी को एसटीएफ ने सीआरपीसी-91 के तहत नोटिस भेजा था। इसके बाद सैनी की ओर से अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। एसटीएफने इस मामले में पूर्व आयुर्वेद निदेशक सत्यनारायण सिंह, निलंबित प्रभारी अधिकारी शिक्षा आयुर्वेद निदेशालय डॉ. उमाकांत, वरिष्ठ सहायक आयुर्वेद निदेशालय राजेश सिंह और कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद्र भाष्कर के खिलाफ भ्रष्टाचार, आईटी एक्ट, धोखाधड़ी, कूटरचना, साजिश करने समेत अन्य धाराओं में चार्टशीट लगाई है। वहीं कुलदीप वर्मा, अपट्रोन पावर ट्रॉनिक्स के एजीएम प्रबोध सिंह, रिमार्क टेक्नोलॉजी के पार्टनर रूपेश रंजन पांडेय, पार्टनर इंद्रदेव मिश्र, टेक्नेशियन आईटी सॉल्यूशन निदेशक सौरभ मौर्य, निदेशक हर्षवर्धन तिवारी उर्फसोनल, वीथ्री साफ्ट सॉल्यूशन निदेशक गौरव, अपट्रान पॉवर के तकनीकी सहायक रूपेश, विजय यादव, धर्मेंद्र यादव और आलोक त्रिवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना साजिश और आईटी एक्ट में चार्टशीट दाखिल की।

## स्कॉलरशिप घोटाले मामले में यूपी के कई शहरों में ईडी की छापेमारी, जानकारी नहीं दे रही टीम

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के हरदोई, बाराबंकी, लखनऊ, फर्रूखाबाद आदि जिलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला स्कालरशिप स्कैम का है। जिसमें ईडी के निशाने पर कई एजुकेशनल व मेडिकल इंस्टिट्यूट भी हैं। टीम शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा स्कॉलरशिप में फर्जीवाड़ा को लेकर जांच में जुटी है। कई एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है। फर्रूखाबाद शहर में डॉ. ओमप्रकाश इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नोलाजी कालेज के संचालक डॉ. प्रभात गुप्ता व उनके पुत्र शिवम गुप्ता के प्रतिष्ठानों और घर पर सुबह लखनऊ से आई टीम ने छापेमारी शुरू की। गुरुवार सुबह तीन कारों से पहुंचे टीम के सभी सदस्य घर में प्रवेश कर गए। उनके साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने न किसी को अंदर प्रवेश करने दिया और अंदर मौजूद लोगों को बाहर भी नहीं निकलने दिया। घर के निचले तल पर डा. प्रभात गुप्ता का अस्पताल है, जिसमें अल्ट्रासाउंड सेंटर भी संचालित है। ईडी की छापेमारी सुबह से जारी है। इसके साथ ही शिवम गुप्ता द्वारा संचालित इटावा-बरेली हाईवे पर सकवाई के पास स्थित डा. ओम प्रकाश इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कालेज में भी एक अलग से टीम पहुंची। वहां पर कालेज का गेट बंद कर अंदर अभिलेखों की जांच कर रही है। वहीं टीम के अधिकारी कुछ भी जानकारी देने से मना कर रहे हैं। यह किस विभाग की टीम है, स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भी इस बात की जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि सरकारी योजनाओं के लिए मिले धन के गबन के मामले में छापेमारी की जा रही है। ओम प्रकाश गुप्ता के अस्पताल पर भी छापेमारी हुई। ईडी की लखनऊ और दिल्ली की टीमों ने यूपी में करीब 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा स्कॉलरशिप में फर्जीवाड़ा करने से जुड़ा मामला होने की सूचना है।

# अपने शो 'मैत्री' को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचीं एक्ट्रेस श्रेनु पारिख



**लखनऊ समृद्धि न्यूज**

देश भर के दर्शकों का दिल छू लेने वालीं कई कहानियां दिखाने के बाद जी टीवी ने हाल ही में एक नया शो 'मैत्री' लॉन्च किया है। प्रयागराज की पृष्ठभूमि में रचा-बसा यह शो मैत्री (श्रेनु पारिख) और नंदिनी (भाविका चैधरी) का सफर दिखाता है, जहां दोनों एक दूसरे को दिल से बहन मानती हैं। बचपन से ही इन दोनों पक्की सहेलियों के बीच एक अटूट रिश्ता रहा है, मगर यूं लगता है जैसे उनकी दोस्ती के लिए जिंदगी ने कुछ और ही सोच रखा है। आज किस्मत के एक अजीब मोड़ पर दोनों एक दूसरे के आमने-सामने हैं। शो की लीड एक्ट्रेस श्रेनु पारिख इस दिलचस्प शो को प्रमोट करने आज लखनऊ पहुंची। शनशाइन प्रोडक्शन्स और टैल ए टेल मीडिया के निर्माण में बना 'मैत्री' हर रोज शाम 7 बजे, सिर्फ जी टीवी पर प्रसारित किया जा रहा है।श्रेनु का किरदार मैत्री एक सीधी-सादी और नेकदिल लड़की है। उसकी सादगी में ही उसकी सुंदरता बसती है। उसमें बच्चों-सी मासूमियत और जबर्दस्त उत्साह है, जो अपने आसपास के लोगों को भी खुशी से भर देती है। उसका स्वभाव ऐसा है कि वो एक साथ बहुत-से काम कर लेती है। वो प्रयागराज में एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी संभालती है, और काम और रिश्तों के बीच बैलेंस बनाना जानती है। हालांकि जब बात नंदिनी की हो, तो वो उसे सबसे ऊपर रखती है।

अपनी लखनऊ यात्रा को लेकर श्रेनु पारिख बताती हैं, ''मैं मैत्री का रोल निभाते हुए बेहद खुशी महसूस कर रही हूं और चूंकि यह जी टीवी पर मेरा पहला शो है, तो मैं इस मैं सफर को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मेरा किरदार एक बड़ी सीधी-सादी, पक्के इरादों वाली समझदार लड़की का है। वो बहुत-से काम करती है और प्रयागराज में एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी संभालती है। आज मैं अपने शो मैत्री को प्रमोट करने और दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद लेने नवाबों के शहर में आई हूं। मैं यहां चाट, पूड़ी-कचोरी और मलाई मक्खन जैसे कुछ स्ट्रीट फूड का मजा भी लूंगी और लखनऊ के फेमस चिकनकारी आउटफिट्स की शॉपिंग भी करूंगी।इस शो में भाविका चैधरी, श्रेनु पारिख, जान खान और अनन्या खरे जैसे दमदार कलाकारों के अलावा बाकी के कलाकार भी शामिल हैं।

# अवर अभियंता हुआ लाखों की साइबर ठगी का शिकार

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर 4 दिन तक लगातार निकाले पैसे**

बख्शी का तालाब विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता साइबर ठगी का शिकार हो गया। अवर अभियंता को लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी लैप्स के नाम पर झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिये।

गुरुवार को अवर अभियंता ने बख्शी का तालाब थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बीकेटी थाना क्षेत्र के साढामऊ गांव में स्थित विद्युत उपकेंद्र केंद्र 220 केवीए पर तैनात अवर अभियंता वरुण त्रिपाठी साइबर ठगी का शिकार हुआ। अवर अभियंता ने इस संबंध में गुरुवार को बख्शी का तालाब थाना में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में अवर अभियंता वरुण त्रिपाठी से जानकारी ली गई। तो उन्होंने बताया कि वह बीकेटी थाना क्षेत्र के साढामऊ गांव में स्थित 220 केवीए विद्युत उपकेंद्र पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल नंबर 8382 929794 पर दिनांक 10 फरवरी 2023 को 91 57 71 369 से फोन आया था। उनके एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी सितंबर 2022 से ड्यू है। जिसको 3 बजे तक प्रीमियम जमा कर देने से पॉलिसी लैप्स होने से बच जाएगी।

साइबर ठग ने कहा कि आप कपतमबज-जव-बवदेनउमत कोड जनरेट करा लेते हैं तो आपको 296512 मिलेंगे। इसके लिए आपको मोबाइल नंबर 8800254552 पर आलोक जैन से संपर्क करना पड़ेगा। जब अवर अभियंता ने संपर्क किया तो तथाकथित आलोक जैन ने पॉलिसी एक्टिवेट कराने के लिए प्रीमियम के बराबर 51385 जमा करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार आपको 296512 रूपए और आपकी किस्त 51385 कुल मिलाकर आपको ₹347897 यू पी आई के माध्यम से ट्रांसफर आईडी संख्या 3041 55083962 से उनके बताए गए बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। इस तरह 10 फरवरी से 14 फरवरी के बीच में साइबर ठगों ने विभिन्न खातों में 568375 रुपए ले लिए गए। ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने एचडीएफसी लाइफ के लखनऊ कार्यालय में जाकर संपर्क किया। जहां पता चला कि ऐसा कोई फोन एचडीएफसी लाइफ की तरफ से नहीं किया गया है। अवर अभियंता ने बीकेटी थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

▸ समस्त सीएचसी अधीक्षक सहित डॉ. सुषमा सिन्हा, एसआईसी जिला अस्पताल डॉ: पीडी गुप्ता व एसीएमओ डॉ. एपी. सिंह का वेतन रोकने के दिये निर्देश



जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यू.पी. एच.एम.आई.एस. हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एन.सी.डी., एन.बी.सी.पी., आर.एन.टी.सी.पी., पी.एम.एम.वी.वाई., नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति तथा वित्तीय समीक्षा सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। वहीं जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी सीएचसी अधीक्षक एवं पीएचसी अधीक्षकों की प्रतिदिन जूम के माध्यम से उपस्थिति को चेक करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत माह जनवरी, 2.23 का भ्रमण की समीक्षा की गई, इसके साथ ही एनआरसी में भर्ती बच्चों की समीक्षा की गई, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस की समीक्षा की गई, एनपीसीडीसीएस की समीक्षा की गई, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें। बैठक में समीक्षा के दौरान कार्यों की प्रगति कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त अधीक्षक सहित एसीएमओ डॉक्टर एपी सिंह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि अगले 15 दिन पर समीक्षा के आधार पर ही वेतन निकाला जायेगा। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित सीएमएस जिला अस्पताल डॉक्टर पीडी गुप्ता का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार कार्यों में रुचि न लेने पर समीक्षा के दौरान डॉ. सुषमा सिन्हा का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डीएम ने सभी संबंधित को निर्देश देते हुए कहा है कि आशाओं का भुगतान समय से करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने खराब परफॉरमेंस वाले सीएचसी अधीक्षकों कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों में प्रगति लाएं। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाए जिसमें 2 वर्ष से कम के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें टीका लगाया जाए। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें। ई कवच को पोर्टल को अपडेट करें। प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।



## एलबीएस महाविद्यालय के साथ एमएलके कॉलेज का करार

▸ शोध कार्य, पठन पाठन एवं पुस्तकालय, में रहेगी एक दूसरे की सहभागिता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मंडल मुख्यालय में स्थित प्रतिष्ठित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध और अध्ययन को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का सतत प्रयास कर रहा है। यह महाविद्यालय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से संबद्ध है। शास्त्री महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एलबीएस महाविद्यालय गोंडा एवं एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर के मध्य एक करार (एमओयू) हुआ है। दोनो महाविद्यालय के प्रतिनिधियों की ओर से हस्ताक्षर किए गए हैं। यह जानकारी प्रोफेसर आर के पाण्डे प्राचार्य ने दी। दोनो महाविद्यालय अपने अपने जनपद के लब्ध प्रतिष्ठ संस्थान हैं जिनके पास उच्च स्तरीय पुस्तकालय, प्रयोगशाला और शोध संसाधन उपलब्ध हैं। इन दोनो शिक्षण संस्थानों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद दोनो महाविद्यालयों के विद्यार्थी एक दुसरे के संसाधनों से शोध और अध्ययन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान प्रोफेसर आर के पाण्डे, डॉ रंजन शर्मा, प्रोफेसर शिव शरण शुक्ल, प्रोफेसर राजीव अग्रवाल, प्रोफेसर बी पी सिंह, डॉ ममता शर्मा, डॉ राजीव रंजन उपस्थित रहे एवं इस करार की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# जिला अस्पताल में मरीजों एवं तामीरदारों का मददगार बना सिंधी समाज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



शिव शांति आश्रम लखनऊ के गद्दी नशीन संत शिरोमणि साईं चाडू राम की पावन प्रेरणा से सिंधी समाज गोंडा द्वारा जिला अस्पताल गोंडा में 1 नवंबर (अमर शहीद कंवर राम के बलिदान दिवस) सन 2000 से मरीजों एवं तामीर दारों के लिए प्रातः सुबह 7:00 बजे चाय का वितरण दोपहर 1:00 बजे लंगर का वितरण एवं शाम को 6:00 बजे तहरी के वितरण की सेवा (बिना किसी अवकाश के) नित्य प्रति दिन हो रही है। चाय, लंगर एवं तहरी के वितरण के लिए लंबी लाइन लगती है। इच्छुक व्यक्ति पहले से ही सेवाओं का इंतजार करते रहते हैं।

सेवाओं में क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाता है। जिससे सेवाओं का लाभ लेने वालो की आत्मा तृप्त हो जाती है।सुबह प्रातः 7:00 बजे ही भीमन दास राजपाल एवं ऋषभ सिंधी हाथों में केटली लिए चाय की सेवा के लिए जिला अस्पताल पहुंच जाते हैं। दोपहर में 1:00 बजे हरिदास लधानी एवं बलराम रायतानी लंगर वितरण के लिए पहुंचते हैं। इसी तरह पूर्ण सेवा भाव से शाम को तहरी का वितरण भी होता है। शिव शांति आश्रम के गद्दी नशीन संत शिरोमणि श्री चंडूराम साहिब के निर्देशानुसार उनके द्वारा गठित की गई संत बाबा आसुदा राम सेवा समिति के नेतृत्व में संत बाबा आशुदा राम आश्रम, मालवीय नगर गोंडा से यह सेवा कार्य संचालित हो रहा है। संत आसुदा राम सेवा समिति इसके अलावा और भी कई सेवा कार्य करती है। जिसमे निर्धन एवं असहाय परिवारों को आर्थिक मदद एवम राशन पहुंचाना व गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक मदद करना प्रमुख है।

वर्तमान में संत आसुदा राम सेवा समिति की अध्यक्षता मथुरादास लधानी बड़े ही सेवा व भक्ति भाव से कर रहे हैं। सिंधी समाज गोंडा के सभी लोग इस सेवा कार्य से जुड़े हुए हैं, कोई धन की सेवा कर रहा है तो कोई तन की सेवा कर रहा है तो किसी ने अपना बेशकीमती गोदाम इस सेवा कार्य के लिए खाली करा कर दे दिया है। सिंधी समाज गोंडा में इस तरह की सेवाओं के लिए अन्य संतों की भी कई समितियां गठित है। सिंधी समाज सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहा है। जब-जब गोंडा में बाढ़ की समस्या आई है। तब तब सिंधी समाज ने बाड़ क्षेत्रों में सेवा पहुंचाई है। अगर बात करोना कॉल की करें, तो करोना काल में भी सिंधी समाज में 5,00,000 की सेवा प्रधानमंत्री राहत कोष में भिजवाई थी। करोना काल में ही टॉमसन इंटर कॉलेज में ठहरे हुए लोगों के लिए सिंधी समाज के लोगों ने मच्छरदानी जैसी अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया था। नगर के सुंदरीकरण में भी सिंधी समाज ने झूलेलाल चौराहा के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

## थाना नवाबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत हुई हत्या के 2 और आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** दिनांक 14.02.2023 को थाना नवाबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक लड़के की खेत की रखवाली करते समय गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें वादी विष्णु यादव पुत्र राममूरत की सूचना पर थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना का सफल अनावरण कर आरोपी अभियुक्तो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गयी थी। जिसमें थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी अभियुक्त सालिकराम को आलाकत्ल तमंचा मय खोखा कारतूस के साथ 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आज दिनांक 16.02.2023 को थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 और आरोपी अभियुक्तों-01. चंद्रेश यादव, 02. मुलायम को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# दो घरों से लाखो के जेवर व नगदी बटोर ले गए चोर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

वजीर गंज थाना क्षेत्र के डुमरिया डीह चौकी से मात्र 300 मीटर दूर स्थित बरवार पुरवा में बुधवार की बीती रात्रि में चोरों ने दो घरों में धावा बोल कर 20 हजार नगदी सहित लाखो के जेवर बटोर ले गए। चौकी पर चोरी की तहरीर दी गई। एक माह पूर्व भी चोरों ने चार घरों में धावा बोल कर पांच लाख नगदी सहित लाखों का सामान चुरा ले गये थे। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के डुमरियाडीह ग्राम पंचायत के मजरा बरवार पुरवा निवासी रमेश कुमार पुत्र राम स्नेही के घर पर बुधवार की बीती रात्रि करीब 1.30 बजे के आस चोर छत के पीछे से कमरे में घुस गए। अलमारी के लाकर को तोड़ कर चोरी चोरी किया। मकान मालिक रमेश कुमार ने बताया कि घर के सभी लोग सो रहे थे। रात्रि में चोर छत के पीछे से ऊपर के कमरे का दरवाजे के कुंडे को तोड़ कर घर मे घुस गया। अलमारी के लाकर, बक्सा के कुंडी को तोड़ दिया। आलमारी में रखा सोने का जेवर जिस की कीमती करीब दो लाख और नगदी 20 हजार रुपये उठा ले गए। रमेश कुमार के बगल ही मीना देवी पत्नी राम सुधी के घर पर चोरों घुस गए। कमरे के दरवाजे के कुंडी को तोड़ डाला और करीब एक लाख का जेवर और दो हजार रुपये के साथ ही साड़ी उठा ले गए। रमेश कुमार ने बताया कि खट पट की आवाज आने पर नीद खुली तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। आस पास के लोगो को भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना डुमरिया डीह के चौकी पर दी गई। पुलिस मौके पर आई और घटना की जांच किया।

### संजय की होनी थी, शादी

रमेश कुमार ने बताया कि उस के भतीजे संजय की शादी 22 फरवरी को होनी थी। शादी की तैयारी को लेकर लाखो रुपये के जेवर और कपड़ा की खरीद दारी किया था। जिस को चोर उठा ले गए।

### एक माह पूर्व हुई थी आधा दर्जन चोरी

रमेश कुमार पुत्र राम स्नेही ने बताया कि बीते 2 जनवरी की रात्रि में डुमरियाडीह बाजार में दो चोरो ने दो दुकान और एक घर मे धावा बोल कर लाखो की चोरी किया था। रमेश कुमार ने बताया कि वह किराना कि दुकान के साथ ही मिनी संचाक केंद्र पर चला रहा था। उस का पैसा पांच लाख रुपये नगद था जिस को उठा ले गए। उस रात्रि में राजेंद्र मास्टर, सुरेश गुप्ता और एक ग्राम विकास अधिकारी, एक होलसेल की दुकान में चोरी हुई थी। रमेश कुमार ने बताया कि उस के दुकान और घर पर मिला कर दो बार चोरी हो चुकी है।

# कर्नलगंज में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का हो रहा जमकर खेल

▸ खेत की भूमि में पंचायत भवन निर्माण की हुई जांच

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को लेकर सरकार के द्वारा अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं। जहां जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत तथा भ्रष्टाचार के चलते ग्रामीण क्षेत्र में विकास के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेलते हुऐ सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है।

मामला कर्नलगंज विकासखंड के ग्रामसभा बुढ़वलिया के ग्राम महीपतगंज से जुड़ा है। जहां जिम्मेदार सरकारी कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधान की मिलीभगत, भ्रष्टाचार के चलते खाद गड्ढे की सरकारी भूमि तथा खाद गड्ढे की भूमि से सटे हुए खेत की भूमि में जबरन पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। जिसके बाद खाद गड्ढे के बगल स्थित खेत के मालिक के द्वारा दिये गए शिकायती पत्र पर जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने जांच शुरू की और साथ ही पंचायत भवन के निर्माण कार्य को तत्काल रोकने के आदेश दिए,जिससे गांव में हो रहे भ्रष्टाचार के खेल को रोका जा सके। आपको बता दें कि ग्रामपंचायत बुढ़वलिया में वर्तमान समय में निर्माणाधीन पंचायत भवन इस समय काफी सुर्खियों मे है।

आरोप है कि पंचायत भवन की आंड़ में भ्रष्टाचार का जमकर खेल खेला जा रहा है। गांव के निवासी अकबर अली ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा उनके खाते की भूमि गाटा संख्या 202 तथा उसी से सटे हुए सरकारी खाद गड्ढे की भूमि गाटा संख्या 216 है,जिस पर ग्राम प्रधान ने जबरन सरकशी के बल पर बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के पंचायत भवन का निर्माण कराना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान के द्वारा उनके खेत में सीमांकन के दौरान लगाए गए खंभों को भी उखाड़ कर खेत की भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण करा दिया गया है जो पूर्णतया अवैध व गलत है। जिसको लेकर प्रार्थी ने उसके खेत की भूमि गाटा संख्या 202 तथा खाद गड्ढे की सरकारी भूमि 216 पर ग्राम प्रधान के द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण की जांच कराकर खेत को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। मामले में अकबर अली की तहरीर पर जिलाधिकारी डॉ0 उज्जवल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग को जांच के आदेश दिए। जिस पर जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस टीम के साथ ग्राम प्रधान व पीड़ित पक्ष अकबर अली की मौजूदगी में जांच का कार्य शुरू किया गया।

जांच में पाया गया कि अकबर अली के खेत में अतिक्रमण किया गया है, साथ ही राजस्व टीम ने जांच के दौरान पाया कि पंचायत भवन का निर्माण सड़क की जमीन, सरकारी खाद गड्ढे तथा प्रार्थी अकबर अली के भूमि में कब्जा करके बनाया जा रहा है। जिस पर राजस्व टीम ने नाप जोख करते हुए सीमांकन प्रक्रिया के दौरान खंभे गाड़ कर अतिक्रमण किए गए जगहों को चिन्हित कराया। राजस्व निरीक्षक तथा लेखपाल तथा पुलिस टीम के जांच के दौरान जिन लोगों के द्वारा पीड़ित अकबर अली के खेत में अतिक्रमण किया गया था, उन लोगों ने राजस्व टीम के साथ जमकर झड़प की। जिसके बाद राजस्व निरीक्षक ने सरकारी कार्य में बाधा डालने पर विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। तत्पश्चात ग्राम प्रधान तथा अन्य लोगों ने बहसबाजी बंद की और शांतिपूर्ण तरीके से जांच कार्य को संपन्न कराया। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक ने बताया कि जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को प्रेषित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अग्रिम आदेश के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी, तब तक पंचायत भवन के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है।

# डीएम-एसपी ने नगर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण

▸ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग : डीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन की प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल के हिन्दी विषय की बोर्ड परीक्षा का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्रों महाराज सिंह इण्टर कालेज, आज़ाद इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने उत्तरदायित्वों का कड़ाई के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे हुए सभी अधिकारी/कर्मचारी व शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि शान्तिपूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस-पास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता को बनाये रखने हेतु अपने उत्तरदायित्वों का संजीदगी के साथ निर्वहन करें। डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम तथा निगरानी के लिए बनाए गए कमाण्ड सेन्टर की बाबत भी जानाकरी प्राप्त की।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का ब्लाक प्रमुख ने किया उद्घाटन




▸ 200 बच्चों ने लिया कार्यक्रम में प्रतिभाग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए जगदीशपुर शोखा गांव चुना गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल, विशिष्ट अतिथि संस्थापक पुत्र कृष्ण लाल श्रीवास्तव प्रबंधक विश्वनाथ श्रीवास्तव अध्यक्ष डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, डॉ मुरारी लाल, डॉ सोमवीर सिंह एवं रीति निगम सम्मिलित हुए।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत की। ब्लाक प्रमुख जमुनहा शिवम जायसवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से विस्तार पूर्वक अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि वह भी अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रह चुके हैं और उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। मंच संचालन डॉ ने किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ सुभाष चन्द्र, प्रो मिथिलेश कुमार चौबे, प्रो दयाराम यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों को उनके दायित्व, कर्तव्य एवं कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर समेत कर्मचारी सम्मिलित थे। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमधिकारी डॉ मुकेश चन्द श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का सम्मान कर धन्यवाद दिया साथ मे ई0डी0पी0, आई0सी0टी0 प्रभारी धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को सप्त दिवसीय शिविर के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ संजय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, रीकेस्वर प्रसाद, सुबी खान, रविन्द्र श्रीवास्तव राष्ट्रीय सेवा योजना ममता वर्मा, अनुपमा शर्मा, कशिश गुप्ता आदि स्वयंसेवकों ने योगदान दिया।

# चोरी की चार बाइक संग तीन शातिर गिरफ्तार

▸ खरचहा चौराहे से पुलिस ने बाइक चोरों को पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले की हरदी थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक भी बरामद हुई है। बरामद बाईकों को सीज कर शातिर चोरों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर हरदी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने पुलिस टीम उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, विजय कुमार, एसआई अयोध्या सिंह, उमेश चंद और राम गांव थाने के उप निरीक्षक रविंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव समेत अन्य के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि हरदी और राम गांव थाने की संयुक्त टीम द्वारा खर्चहा चौराहे पर शाम को बाइक जांच शुरू की गई। जांच के दौरान बाइक से आ रहे लोगों की तलाशी ली। साथ ही वाहनों के कागजात मांगे तो बाइक चला रहा युवक कागजात नहीं दिखा सका। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो बाइक चोरी होने का पता चला। जिस पर हिरासत में ले लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक सवार के बताए गए स्थान से चोरी तीन और बाइक मिली। पुलिस ने चोरी की चार बाइक बरामद कर उसे सीज कर दिया है। जबकि बाइक चोरी में शामिल हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज निवासी निहाल अहमद पुत्र जमाल अहमद, मोहम्मद तौहीद उर्फ शानू पुत्र मोहम्मद हुसैन, मेराज पुत्र ढोढे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। तीनों शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## भारतीय तट रक्षक बल दिवस पर रंग कर्मी राजेश हुए सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मुंबई के वर्ली में बुधवार को बहराइच शहर निवासी रंग कर्मी राजेश मलिक को सम्मानित किया गया। फिल्म अभिनेता राजेश मलिक को मुंबई में भारतीय तटरक्षक बल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम करने के साथ साथ भारतीय तटरक्षक के महानिरीक्षक मनोज वसंत बाडकर के हाथों से एवार्ड मिला। राजेश मलिक ने अपना एवार्ड अपनी जन्मभूमि, कर्मभूमि बहराइच को समर्पित किया है। बतौर अभिनेता राजेश ने पाप की लंका, मेरे देश की धरती, जय राजा जी, डियर फ्रेंड, और वेब सीरीज ब्लाइंड शो, की हाल ही में राजेश मलिक ने दो हिन्दी फिल्म पुत्र -मोह, कोरी चुनरियां और वेब सीरीज डेरा साईन की है। उनकी चर्चित किताब आधा आदमी, 5 फुट 10 इंच, गांधी के आंसू, बाजार में उपलब्ध है।

# रंजिश में चालक को पीटा, वाहन में तोड़फोड़

▸ युवक ने मोबाइल और 15 हजार नकदी छीनने का भी लगाया आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





कोतवाली नगर के पीपल तिराहा के पास बुधवार रात को नशे की हालत में कुछ लोग पहुंचे। सभी कार से जा रहे युवक की पिटाई की। इसके बाद वाहन में तोड़फोड़ की। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। चालक ने मोबाइल और नकदी छीनने का भी आरोप लगाया है। अभी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। बहराइच शहर के दुलदुल हाउस निवासी सोनू बुधवार रात एक बजे वाहन संख्या यूपी 42 एवी 3636 से घर जा रहा था। कोतवाली नगर के पीपल तिराहा के पास युवक पहुंचा। रात 12 बजे कुछ लोग पहुंचे। सभी ने कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद युवक की पिटाई की। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। तब तक मारपीट करने वाले दबंग लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। सोनू ने बताया कि उसका मोबाइल और 15 हजार रूपये नकदी भी दोनों लोग लेकर फरार हो गए। इस मामले में चौकी इंचार्ज रोडवेज राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है। अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि रंजिश में मारपीट हुई है। कोतवाल शैलेश कुमार सिंह को फोन लगाया गया तो उन्होंने बताया कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## अपर आयुक्त ने तहसील सदर का किया निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज** देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अपर आयुक्त राकेश चन्द्र शर्मा ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तहसील सदर का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव तथा कार्यालय भवन की साफ-सफाई का जायज़ा लिया। अपर आयुक्त ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसील कोर्ट, राजस्व अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, कम्प्यूटर कक्ष सहित सभी पटलों का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि निष्प्रयोज्य उपकरणों एवं फर्नीचर्स का नियमानुसार निस्तारण करा दिया जाय। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, तहसीलदार सदर राज कुमार बैठा, नायब तहसीलदार मनीष सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नगर भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा

▸ सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर की पूजा अर्चना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



महाशिव रात्रि के मद्देनजर नगर क्षेत्र में साफ.सफाई का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने डीएम तिराहा, पानी टंकी तिराहा, स्टेडियम, गुरूनानक चौक, महार्षि बालार्क चिकित्सालय डिगिहा तिराहा, छावनी चौराहा, घंटाघर, पीपल तिराहा इत्यादि का सघन निरीक्षण करते हुए मौके पर ही नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय व नगर पालिका परिषद बहराइच के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण नगर विशेषकर महाशिव रात्रि के पर्व के दृष्टिगत सिद्धनाथ पीठ सहित अन्य मन्दिरों एवं शिवालयों के रास्तों एवं परिसरों तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई के विशेष प्रबन्ध किये जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। महाशिव रात्रि पर्व के अवसर पर मन्दिरों एवं शिवालयों की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम डॉ. चन्द्र ने सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की तथा महामण्डलेश्वर रवि गिरी जी महाराज से पर्व के सम्बन्ध में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। गिरी जी महाराज ने मन्दिर पहुंचे डीएम, सीएमओ डॉ. एस.के. सिंह, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय व अन्य का अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। डीएम डॉ. चन्द्र ने नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे रेहड़ी लगाने वालों को व दुकानदारों को निर्देशित करें कि वे नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए डस्टबीन अवश्य रखें। डीएम ने यह भी कहा कि ठेला व रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करने वालों को नियमानुसार नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाय। डीएम डॉ. चन्द्र ने नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए नगर मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में डे-बाई-डे अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। डीएम ने जनपदवासियों को महाशिव रात्रि पर्व की बधाई देते हुए अपील की है कि सौहार्द पूर्ण माहौल में पर्व को मनाएं।

# प्रमुख सचिव ने परीक्षा केंद्रों व कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

- प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- प्रमुख सचिव ने बोर्ड परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं की सराहना की
- समस्त परीक्षा केन्द्र व संकलन केन्द्र तथा राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम की कनेक्टिविटी की गहनता से कई गई जांच



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित परीक्षाएँ 16 फरवरी की प्रथम पाली संकेतांक 801 प्रारम्भिक हिन्दी 802 की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुयी। परीक्षा में प्रमुख सचिव (बेसिक/माध्यमिक शिक्षा) श्री दीपक कुमार द्वारा परीक्षा केन्द्र एस.एम. शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, बाबूगंज रायबरेली एवं डा. भीमराव अम्बेडकर इण्टर कालेज सवैयाधनी ऊँचाहार रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एस0एन0 शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, बाबूगंज रायबरेली में पंजीकृत 401 बालक व बालिकाओं में से 184 बालक व 208 बालिका उपस्थित रहे और 14 बालक व 02 बालिका अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार डा. भीमराव अम्बेडकर इण्टर कालेज सवैयाधनी ऊँचाहार में पंजीकृत 470 में से 312 बालक व 136 बालिका उपस्थित पाये गये और 15 बालक व 07 बालिका अनुपस्थित पाये गये। दोनों केंद्रों में समस्त व्यवस्थायें चुस्त दुरुस्त पायी गयी। इसी दौरान प्रमुख सचिव दीपक कुमार, जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार एवं राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, रायबरेली में स्थापित जनपदीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपदीय कन्ट्रोल रूम समस्त परीक्षा केन्द्र व संकलन केन्द्र तथा राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम की कनेक्टिविटी की गहन जांच की गई, जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम देखे गये। प्रमुख सचिव (बे./मा.शि.) द्वारा बोर्ड परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं की सराहना की एवं यथा आवश्यक सजगता के साथ परीक्षायें कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

## कड़े नियमों के साथ शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं



**डलमऊ रायबरेली।** यूपी बोर्ड 2023 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे सचल दल ने भी विद्यालय पहुंचकर नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई उपजिलाधिकारी डलमऊ आसाराम वर्मा ने मुराई बाग कस्बे के शांति मनोहर इंटर कॉलेज, श्री भागीरथी इंटर कॉलेज न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल में हिंदी एवं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट में हिंदी की परीक्षा आयोजित की गई न्यू आदर्श इंटर कॉलेज के हाई स्कूल में 582 में से 46 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वहीं इंटर की परीक्षा में 350 में 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए शांति मनोहर इंटर कॉलेज हाई स्कूल की परीक्षा में 250 में 25 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 273 में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे श्री भागीरथी इंटर कॉलेज में 342 में 23 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट के 321 में 43 परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ी है उप जिलाधिकारी डलमऊ आसाराम वर्मा ने दूसरी पाली में आयोजित इंटरमीडिएट की हिंदी परीक्षा में शांति मनोहर इंटर कॉलेज एवं श्री भागीरथी इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं पर केंद्र व्यवस्थापक को नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए निर्देशित किया इस बार हाईस्कूल में परीक्षार्थी ओएमआर शीट से परीक्षा दे रहे हैं माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड ने पहली बार हाईस्कूल परीक्षा में ओएमआर शीट का प्रावधान किया है

# लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा प्रभारी व दर्जा प्राप्त मंत्री वीरेंद्र तिवारी बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत। महराजगंज आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रभारी व दर्जा प्राप्त मंत्री वीरेंद्र तिवारी एवं बीजेपी जिला अध्यक्ष रामदेव पाल का महाराजगंज मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा के प्रतिष्ठान गरिमा मेडिकल स्टोर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं एवं अंग वस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया वहीं लोकसभा प्रभारी व दर्जा प्राप्त मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा सरकार विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनमानस के लिए चला रही है अभी तक जो गरीब अनेकों योजनाओं से वंचित रहते थे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर गरीब को लाभ देने का कार्य किया है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार हमेशा आम जनमानस के लिए विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिससे लोगों को काफी लाभ और मदद मिल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### बर्थडे पार्टी में कानपुर की डांसर से गैंगरेप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जाजमऊ में कानपुर की डांसर से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने तीन युवकों के खिलाफएफआईआर दर्ज करायी है। पीड़िता ने बताया कि सबसे पहले जाजमऊ पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया और उसकी शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया, जिसके बाद युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार जाजमऊ चौकी क्षेत्र के दीपक नगर इलाके में हो रही प्लॉटिंग के पास बुधवार देररात एक युवक का जन्मदिन मनाया जा रहा था। डांस करने के लिए तीन बार बालाओं को 6 हजार में कानपुर से बुलाया गया था। इस बीच पार्टी कर रहे युवक कानपुर की रहने वाली एक डांसर को जंगल में ले गये। जहां उसके साथ करीब 6 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता गुरुवार को शिकायत लेकर जाजमऊ चौकी पहुंची। जहां पुलिस ने उसकी बात को नजरअंदाज कर दिया। जिसके बाद वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर एक नामजद और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ शिकायत की है। वहीं पुलिस ने उसकी साथी डांसर को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूंछताछ की जा रही है।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवती गंभीर जिला अस्पताल रेफर

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवती ने विषाक्त पदार्थ खाने से हालत गंभीर हो गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां डॉक्टरों ने युवती की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गौरतलब हो कि गुरुवार को सरिता पुत्री गुरु प्रसाद उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी सिंहपुर मजरे सराय क्षत्रधारी थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में इलाज कराने आई तो पता चला कि सरिता ने विषाक्त पदार्थ खा लिया है। इस मामले चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि सुबह लगभग 10ः 40 मिनट पर एक युवक आया उसने बताया कि एक बच्ची ने कुछ विषाक्त पदार्थ खा लिया है मैंने जाकर उसको गैस्टिक दवा दी लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो हमने इसकी सूचना थाने पर दे दी है और इसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ट्रक व बस की भिड़ंत, ड्राइवर व 24 से ज्यादा सवारियां घायल



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज टोल प्लाजा के पास बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार दोपहर सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक में उरई डिपो रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में ड्राइवर समेत 24 से अधिक सवारियां जख्मी हो गई हैं। ड्राइवर को भी गंभीर चोट लगी है। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने सोहरामऊ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमित सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को घर रवाना कर दिया है। सवारियों से भरी बस लखनऊ से कानपुर जा रही थी। हादसे के बाद लखनऊ कानपुर हाईवे पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई। करीब 2 घंटे तक यातायात रेंगकर चलता रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात चालू करवाया। हादसे में बस चालक सुरेन्द घाटमपुर, कंडक्टर धर्मपाल हमीरपुर समेत विशाल श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, रोहित सिंह, राहुल यादव, विजयकांत, प्रमोद कुमार व सोनू आदि जख्मी हो गए। सभी घायलों का सीएससी नवाबगंज पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी मामूली जख्मी अपने घर चले गए। एक्सीडेंट के बाद जाम लगने की सूचना पर कंट्रोल रूम में हाईवे के अजगैन, दही, गंगाघाट, अचलगंज, सदर कोतवाली पुलिस को अलर्ट कर दिया। जिसके बाद हाईवे के बड़े वाहनों को ढाबों पर रोका गया और यातायात सुचारू शुरू कराया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को शादी में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को तेज रफ्तार कार ने रौद दिया। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और पिता व पुत्र दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा देररात उन्नाव शुक्लागंज मार्ग पर गोकुल बाबा चौराहे से आगे मिर्जा फैक्ट्री के गेट नंबर एक के सामने का है। मगरवारा चौकी पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद कार सवार गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बरौना गांव निवासी चंद्रकिशोर दीक्षित (65) पुत्र स्व. दीनबंधु दूरसंचार विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वह अपने अविवाहित बेटे रामगोपाल (26) के साथ सदर कोतवाली के शेखपुर स्थित मकान में रहते थे। बड़ा बेटा पंकज अपने परिवार के साथ गंगाघाट में रहता है। बुधवार को देररात रामगोपाल अपने पिता को लेकर दोस्त की शादी में सदर कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर नेहरूबाग स्थित एक गेस्ट हाउस आया था। देररात यहां से बाइक सवार पिता-पुत्र वापस शेखपुर जा रहे थे तभी गोकुल बाबा चौराहे से आगे मिर्जा फैक्ट्री के गेट नंबर एक के सामने तेज रफ्तार आर्टिगा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर लांघकर दूसरी लेन में पहुंची और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और पिता पुत्र नाले में चले गए। हादसे के बाद कार सवार गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके पास से बरामद दस्तावेजों के जरिए शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। दोनों गाड़ियों को मगरवारा चौकी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों से ईंटें चोरी कारवाने का वीडियो वायरल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों को मज़दूरों की तरह काम लेते हुए कैमरे में कैद हो गये।इससे झल्लाए प्रधानाध्यापक ने अभद्रता करते हुए मोबाइल छीन लिया।स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कर शांत किया।मामला सलोन विकासखंड के सलोन जगतपुर मार्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय मटका गांव का है।जहां पर मार्ग चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा सीमेंट के पुराने ईंटों को निकाल कर सडक़ किनारे लगाया गया है।गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय मटका के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बच्चों को डांटते हुए मौके पर खड़े होकर नौनिहालों से मजदूरों की तरह चोरी से ईंटें उठवा रहे थे।इसी दौरान



एक पत्रकार ने यह नजारा कैमरे में कैद कर लिया।इतने में गुस्से से झल्लाए प्रधानाध्यापक ने पत्रकार से अभद्रता करते हुए फोन छीन लिया।ग्रामीणों के बीच बचाव पर किसी तरह मामला शांत हुआ।वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हडकंप मच गया।स्थानीय लोगों के सहयोग से पत्रकार ने प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# होली और शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



- होली पर अवैध शराब की बिक्री करने वालों की खैर नहीं : एसएचओ लालगंज

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लालगंज कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों से आगामी त्यौहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की गई। कोतवाल शिवशंकर सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। गोष्ठी में सभी धर्म समुदाय के लोग तथा सम्भ्रन्त व्यक्तिय मौजूद रहे, सभी से आपस में शांति और सौहार्द से त्यौहारों को मनाने की अपील की गयी । सभी को आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध मे अपील की गयी। त्यौहारों में आसमाजिक तत्वो पर पुलिस कडी नजर रखेगी त्यौहारों में अशान्ति फैलाने वालो के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी ।जिसमें कोतवाल ने कहा कि इस बार होली पर अवैध शराब की बिक्री करने वालों की खेर नहीं। हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपनी की है कि कोई भी अपराधिक गतिविधी होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें। जिससे अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके। वहीं चेतावनी देते हुए कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील



बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक गुरुबक्शगंज इंद्रपाल सिंह द्वारा शिवरात्रि व होलिका दहन आदि त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवम् शांति व्यवस्था बनाए रखने व सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना गुरुबक्शगंज में पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गई । जिसमे महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक और रूट व्यवस्था व होलिका दहन को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में संभ्रांत व्यक्तियो से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

# नगर पालिका के वार्डो की समस्याओं का होगा निराकरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- टैक्स कलेक्शन के लिए लगाये जायेंगे कैम्प
- वार्ड नं. 15 व 25 की समस्याओं के निराकरण के लिए 20 व 21 फरवरी को कैम्प का आयोजन

जनपद रायबरेली के नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी डा0 आशीष सिंह ने बताया है कि नगर पालिका द्वारा नगर पालिका से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में टैक्स कलेक्शन हेतु निर्धारित तिथियों के अनुसार जनपद के विभिन्न वार्डों में वार्ड वार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वार्ड नम्बर 21, 22 एवं 27 की समस्याओं के निराकरण एवं टैक्स कलेक्शन हेतु आर0डी0ए0 कैम्पस में 17 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इसी प्रकार निर्धारित तिथि के अनुसार वार्ड नम्बर 15 एवं 25 की समस्याओं के निराकरण व टैक्स कलेक्शन के लिए घण्टाघर निकट रसीद मार्केट में 20 व 21 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। वार्ड नम्बर 09, 10, 11 एवं 18 की समस्याओं के निराकरण व टैक्स कलेक्शन के लिए गोरा बाजार चौराहा 22 व 23 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार वार्ड नम्बर 13, 24, एवं 29 हेतु मधुबन मार्केट में 24 व 25 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। वार्ड नम्बर 12, 26, व 28 हेतु टाउन हाल में 27 व 28 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। वार्ड नम्बर 01 के लिए अहिया रायपुर में 01 मार्च को कैम्प का आयोजन। वार्ड नम्बर 02 के लिए आजाद नगर में 02 मार्च को कैम्प का आयोजन। वार्ड नम्बर 06 के लिए प्रगतिपुरम कालोनी में 03 मार्च को, वार्ड नम्बर 08 गुरूनानक नगर में 04 मार्च को, वार्ड नम्बर 14 के लिए मुंशीगंज में 10 मार्च को, वार्ड नम्बर 17 के लिए खाली साहट में 11 मार्च को, वार्ड नम्बर 19 हेतु घोसियाना में 13 मार्च को, वार्ड नम्बर 20 के लिए अमरेशपुरी कालोनी में 14 मार्च को, वार्ड नम्बर 23 तिलियाकोट में 15 मार्च को, वार्ड नम्बर 30 अमर नगर में 16 मार्च को एवं वार्ड नम्बर 31 की समस्याओं के निराकरण व टैक्स कलेक्शन हेतु छोटी बाजार में 17 मार्च को कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## बाइक की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एनएच 232 गोविंदपुर वलौली गांव के पास बाइक की टक्कर लगने से सड़क पार कर रहे घायल व्यक्ति की लखनऊ में मौत हो गई। जिसके बाद परिवार जनों में कोहराम मच गया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और आगे की जरूरी कार्यवाही पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

बताया जा रहा है कि शंकर उर्फ पप्पी सोनकर अपने दोस्त के साथ पैदल घर वापस आ रहे थे तभी पीछे से आ रहे एक बाइक ने टक्कर मार दिया। जिसके बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

# चहक उत्सव एवं निपुण मेला कार्यक्रम संपन्न



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चहक उत्सव एवं निपुण मेला कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय औनानीस में सुखराम शर्मा सागर की अध्यक्षता मे किया गया। जिसमें कविता के माध्यम से अभिभावकों से बताया गया कि वे अपने बच्चों की परवरिश पौधों की भांति करें।क्योंकि जिस प्रकार पौधे की सही देखरेख उनको आगे बढ़ने में मदद करती है। ठीक उसी प्रकार यदि अभिभावक गण अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजेंगे तो बच्चे विद्यालयी शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ेंगे। प्रधानाध्यापक गौरव शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मो. इस्माइल खान ने कहा कि एक रोटी कम खाओ परंतु अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। एआरपी संदीप सिंह, आशुतोष, आशुतोष, मोहम्मद वसीम प्रधानाध्यापक, अमृतलाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने अपने विचार साझा किए और संकल्प लिया की अपने ग्रामसभा के विद्यालय को निपुण बनाने हेतु भरसक प्रयास करेंगे। साथ ही महिलाओं को जागरूक करने की भी भूमिका निभाई गई।

# आरेडिका पहुँची राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन से अभिप्रेरित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2023 में पूर्वोत्तर के 30 छात्र एवं छात्राएँ बुधवार को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में पहुँचे। यहाँ पर आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारी प्रतिनिधि संगठनों द्वारा यात्रा प्रतिनिधियों का स्वागत किया। आरेडिका के तकनीकी प्रषिक्षण केन्द्र के आडिटोरियम में आरेडिका पर बनी हुई कॉपरेट फिल्म के प्रदर्शन द्वारा कोचों के उत्पादन के बारे में बतलाया। इसके उपरान्त प्रतिनिधियों ने फैक्ट्री परिसर का अवलोकन किया। इस यात्रा के माध्यम से पूर्वोत्तर के सात राज्यों से आये प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश और रायबरेली जिले की सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होकर प्रसन्न हुए एवं स्वागत कर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया कि, रेलकोच और रायबरेली की जनता ने इतने उत्साह और प्रेम से हमारा स्वागत किया है, कि हमको ऐसा लग रहा है कि हम उत्तर प्रदेश में नहीं भारत के उत्तम प्रदेश में हैं।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाएं महाशिवरात्रि पर्व : एसडीएम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना परिसर में एसडीएम दयाशंकर पाठक की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आए जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों व कार्यक्रम आयोजकों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ होना चाहिए लेकिन समारोह में अराजकतत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का काम किया जाता है उससे आयोजकों को सतर्क रहना चाहिए किसी भी स्थिति में आयोजक प्रशासन को सूचना दें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धार्मिक प्रस्तुतियां समाज को बेहतर मार्गदर्शन देने का काम करती है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शुक्ला ने बीघापुर में निकलने वाली शिव शोभायात्रा के बारे में जानकारी लेकर लोगों से सहयोग की अपील की। बैठक में गोदावलेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर बाजपेई, दिलीप बाजपेई, कुलदीप अग्निहोत्री, मोहम्मद अब्दुल गनी, दिनेश चंद्र शुक्ला, रिंकू वर्मा आदि रहे।

# कालेज ने छात्रो को नहीं दिया प्रवेश पत्र, हिजामं ने काटा हंगामा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



इंटर बोर्ड की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र न दिए जाने की मिली सूचना पर हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी अपने मंच के साथियों के साथ चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज आवास विकास कॉलोनी पहुंचे। श्री द्विवेदी ने अभिभावकों व छात्रों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली जिससे पता चला कि आधा सैकड़ा से अधिक छात्रों को स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए हैं इसको लेकर कल से ही अभिभावक व छात्र परेशान थे। विमल द्विवेदी द्वारा डीआईओएस सहित उच्च अधिकारियों को उक्त मामले की जानकारी दी व आधा घंटे का समय देते हुए कहा कि यदि आधा घंटे के अंदर प्रवेश पत्र बच्चों को नहीं दिए जाते हैं तो वह जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर अभिभावकों और छात्रों के साथ धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि योगी जी के निर्देश हैं कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। मामले की जानकारी होने पर पुलिस बल के साथ दही थाना प्रभारी राघवेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे जहां थाना प्रभारी ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर स्कूल प्रबंधक द्वारा सभी छात्रों को प्रवेश पत्र जारी कराते गये। अभिभावकों ने विमल द्विवेदी व मंच के साथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, अभिषेक, अखिल, शिव सेवक सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 40वीं विशाल शिव शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

- समिति पदाधिकारियों ने सुरक्षा व सफाई को लेकर प्रशासन से किया अनुरोध
- यात्रा में 5 सौ से अधिक भगवान व महापुरूषों की रहेंगी झाकियां





महाशिवरात्रि सत्य और शक्ति का दिन है शिव सत्य स्वरूप है और मां आदिशक्ति स्वरूपा है। शिवरात्रि के समान और कोई दूसरा व्रत नहीं है। कलियुग में यह व्रत सब पापों का नाश कर मनोकामनाएं पूर्ण करता है। महाशिवरात्रि पर्व 18 फरवरी दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे कमला मैदान से परम्परागत 40वीं विशाल शिव शोभा यात्रा निकल कर नगर भ्रमण करते हुए शाम 5 बजे श्री झण्डेश्वर महादेव मन्दिर पर समाप्त होगी। यात्रा का शुभारम्भ पूज्य सन्तो, जिलाधिकारी, पुलिस एवं सांसद आदि के द्वारा गणेश पूजन के साथ झण्डी दिखाकर होगा।

विशाल शिव शोभायात्रा में हाथी, घोड़े बैण्डबाजो आदि के साथ लगभग 500 से अधिक भगवान व महापुरुषों की झांकियां रहेंगी। यात्रा मार्ग में स्थान-स्थान पर स्वागत द्वार बनाये जायेंगे पूरे नगर को दुल्हन की तरह से सजाया जायेगा। शिवभक्तों के द्वारा स्थान-स्थान पर भण्डारे व प्याऊ लगाकर बारातियों की तरह से सजाया जायेगा।

आगामी शिव बारात में आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा। शिव बारात की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। समिति द्वारा जिला प्रशासन एवं स्थानीय नगर पालिका परिषद से आग्रह किया गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से समुचित पुलिस व्यवस्था करे तथा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी छोटा चौराहा से आई0बी0पी0 चौराहे तक 17 फरवरी की रात 8:00 बजे से एकल मार्ग की मी व्यवस्था करें। विशाल शिव शोभा यात्रा के यात्रा मार्ग की मरम्मत कराई जाए, सफाई, चूना छिड़काव व सुनिश्चित स्थानों पर पानी के टैंकरो की परम्परागत रूप से नगर पालिका परिषद द्वारा व्यवस्था की जाये और 18 फरवरी की शाम 7 बजे से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे। रात्रि 8 बजे से श्री झण्डेश्वर महादेव के श्रृंगार दर्शन आरती पूजन, प्रसाद वितरण के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन है।

प्रेसवार्ता के दौरान समिति के प्रमुख पदाधिकारी आचार्य करूणा शंकर तिवारी, रामस्वरूप ब्रहम्चारी जी, आचार्य हरिदेव शास्त्री, चन्द्रप्रकाश गुप्ता, विनोद शर्मा एड., धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अरुण प्रकाश सिंह चौहान, नीरज शुक्ला, दिलीप गुप्ता, रेखा शुक्ला, श्रीकान्त शुक्ला, जगदीप निगम, अरविंदर सिंह आदि लोग उपस्थिति रहे।

# झाड़ियो में मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी मार्ग झाड़ियों के समीप एक अधेड़ शव पड़ा मिला जिससे ग्रामवासियों की नजर पड़ने पर कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। सूचना पर आनन फानन घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी जाजमऊ क्षेत्र निवासी कल्लूपुरवा श्रीराम निषाद 51 वर्षीय जो बीते दिनों किसी कार्य के लिए घर से निकला था जिससे आज प्रातः काल गांव के समीप राजधानी रोड पर झाड़ियों पर मृत पड़ा मिला जिससे ग्रामवासियों की नजर पड़ने पर कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई। सूचना पर आनन-फानन घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर बारीकी से जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। परिजनों में रो रोकर बुरा हाल है मृत शव चेहरे व कमर में चोट के निशान है जिससे अनुमान है कि मृतक को हत्या कर शव को फेंक कर अपराधी फरार हो गए जिससे पुलिस छानबीन में तत्पर पर लगी हुई है।

# बीबीसी पर वक्र दृष्टि

सनिया के बसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत में स्वतंत्र मीडिया को अपरिहार्य माना जाता रहा है। हाल के वर्षो में कई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों पर आयकर छापों के बाद अब ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन यानी बीबीसी के दिल्ली-मुंबई स्थित कार्यालय आयकर विभाग के निशाने पर आये हैं। विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि सरकार के खिलाफमुखर लोगों और मीडिया संस्थानों को केंद्र सरकार की एजेंसियां ईडी और आयकर विभाग निशाने पर लेती रही हैं। वर्ष 2002 के गुजरात दंगों में तत्कालीन मोदी सरकार की भूमिका पर बनी एक विवादित डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के बाद बीबीसी पर केंद्र सरकार की भृकुटि तनी हुई है। जिसके बाद मंगलवार व बुधवार को आयकर विभाग के दस्ते की छापेमारी चलती रही है। जिसके खिलाफ भारतीय पत्रकार संगठन और विदेशी मीडिया संस्थान लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं बीबीसी का कहना है कि हमारा पत्रकारिता से जुड़ा काम आम दिनों की तरह चलता रहेगा और हम श्रोताओं-दर्शकों को सेवाएं देने को वचनबद्ध हैं। विपक्षी कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस आदि दल सरकार की कार्रवाई को निराशाजनक बताते हुए कह रहे हैं कि केंद्र सरकार आलोचना सहन नहीं करती। साथ ही सरकार के इस कदम को अलोकतांत्रिक और तानाशाहीपूर्ण बताया। वहीं भाजपा बीबीसी को औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित बता रही है कि किसी विदेशी मीडिया को तब तक भारत में काम करने की आजादी है जब तक भारत की अस्मिता से खिलवाड़ न हो। साथ ही दलील दी जा रही है कि ये तलाशी कानून के दायरे में है और इसकी टाइमिंग से सरकार का कोई लेना-देना नहीं। वहीं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी का कहना है कि प्रेस की आजादी को सरकारी एजेंसियों के दबाव से प्रभावित किया जा रहा है। नियंत्रित करने के प्रयास से ही मीडिया बेबाकी से आवाज नहीं उठा पा रहा है। वहीं एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का कहना है कि सरकार व सरकारी संस्थानों की आलोचना करने वाले मीडिया संस्थानों को परेशान करने के लिये एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। निःसंदेह, मीडिया संस्थानों पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचने की आशंका है। दुनिया में नागरिक स्वतंत्रता और मीडिया की आजादी की वकालत करने वाली संस्थाएं कह रही हैं कि बीबीसी द्वारा प्रसारित डॉक्यूमेंट्री के बाद केंद्र सरकार डराने की कार्रवाई कर रही है। अमेरिका ने भी खुले तौर पर तो इस मामले में प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन कहा है कि हम दुनियाभर में स्वतंत्र प्रेस की जरूरत मानते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को मानव अधिकार के रूप में देखते हैं। स्वतंत्र मीडिया लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देता है। प्रेस की आजादी ने भारत में लोकतंत्र को मजबूत किया है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया गुजरात दंगों में राज्य सरकार की विफलता को दर्शाने वाली डॉक्यूमेंट्री को सेंसर किये जाने के तीन हफ्ते के बाद बीबीसी के दफ्तरों में आयकर विभाग की छापेमारी को बदले की कार्रवाई बता रहा है। वहीं केंद्र सरकार ने इस डॉक्यूमेंट्री को प्रोपेगैंडा और औपनिवेशिक मानसिकता के साथ भारत विरोधी बताया था। वहीं बीबीसी की दलील है कि उसने सरकार को अपना पक्ष रखने का मौका दिया था लेकिन सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। विदेशी मीडिया आरोप लगाता रहा है कि राजग सरकार भारत में स्वतंत्र मीडिया संस्थानों, मानवाधिकार संगठनों व थिंक टैंकों पर छापेमारी करती रही है और आलोचना करने वाली आवाजों को दबाने का प्रयास करती रही है। कहा जा रहा है कि यह स्थिति भारत में प्रेस की आजादी की स्थितियों को दर्शाती है। वहीं सरकार की दलील है कि छापेमारी का मकसद टीडीएस, फॉरेन टैक्सेशन के मामले से जुड़ा है। यह भी कि कोई संस्थान कानून से ऊपर नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले न्यूज पोर्टल क्विंट के मालिक, कुछ बड़े अखबारों के संस्थानों, फिल्म निर्माता और निर्देशक अनुराग कश्यप व अभिनेत्री तापसी पन्नू के घर व दफ्तरों पर आयकर छापे डाले गये थे। निर्देशक व अभिनेत्री सरकार के खिलाफमुखरता से बयान देते रहे हैं। तब भी विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार विरोध में उठ रही आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है।

# बयानवीरों की जय हो!



एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी

**अगर हम भारत की करें तो कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण रोधी अभियान, उद्योगपति का रिसर्च कंपनी की रिपोर्ट मामला, रामचरित्तमानस मामला, असम के बाल विवाह कानून के खिलाफ कार्यवाही, ज्ञानवापी मुद्दा सहित पिछले कुछ दिनों, महीनों और सालों के आरंभ मुद्दे उठाकर देखें तो हमें बयानवीरों का यह बयान जरूर मिलेगा कि मुद्दों से भटकाने की कोशिश! या संविधान खतरे में है? एजेंसियों का दुरुपयोग इत्यादि याने जो पक्ष सत्ताधारी है, तो विपक्ष बोलता है। यदि विपक्ष सत्ताधारी हो जाता है तो पक्ष था वह विपक्ष ने आकर यही बोलता है! यह हम पिछले दशकों से ही देखते आ रहे हैं। बल्कि आज भी जो पक्ष केंद्र में विपक्ष है और जो राज्य में विपक्ष है, उनके बयानवीरों की शैली हम देखेंगे के एकसी ही होगी, जहां जो विपक्ष में होगा यह शैली जरूर होगी। परंतु ऐ बाबू ये तो पब्लिक है, ये सब जानती है ये तो पब्लिक है। साथियों बात अगर हम बुधवार 15 फरवरी 2023 को 370 हटाए गए राज्य सहित अनेकों राज्यों व मुद्दों की करें तो वहां अनेकों बयानवीरों के बयान इस तरह के हैं, हालांकि यह मीडिया में उठाए गए हैं और टीवी चैनलों पर भी इन्हें देखा जा सकता है, परंतु मेरा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं बल्कि व्यंग्य के रूप में सच्चाई जाहिर करना है।**

वैश्विक स्तरपर हमें अनेकों देशों के पक्ष-विपक्ष के बयानों को मीडिया के माध्यम से सुनने को मिलता है जिसमें एक बयान कामन हो चला है कि, देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह की बातें सामने लाई जा रही है! यानें मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश और दूसरा संविधान खतरे में? इस प्रकार के बयान पक्ष विपक्ष द्वारा अपने वह पार्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी सुविधाओं के अनुसार दिए जाते हैं तथा अगर बात आंग पर आई तो फट से पीछा छुड़ा लिया जाता है कि यह उसका निजी बयान है, पार्टी या सरकार या दूसरा हित से कोई लेना देना नहीं! शाबाश! यह हुई न बात, सांप भी मरे लाठी भी न टूटे, परंतु ए बाबू ये तो पब्लिक है, ये सब जानती है ये, तो पब्लिक है। पड़ोसी मुल्क ने भी जब दो दिन पहले पीओके जाकर यह मुद्दा उठाया तो वैश्विक मीडिया में आया घरेलू आर्थिक दुर्गति से ध्यान हटाने की कोशिश है, अभी भारत में भी कुछ दिनों से अलग अलग मुद्दों पर अलग अलग नेताओं के द्वारा बयान आया कि, देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण रोधी अभियान, उद्योगपति का रिसर्च कंपनी की रिपोर्ट मामला, रामचरित्तमानस मामला, असम के बाल विवाह कानून के खिलाफ कार्यवाही, ज्ञानवापी मुद्दा सहित पिछले कुछ दिनों, महीनों और सालों के आरंभ मुद्दे उठाकर देखें तो हमें बयानवीरों का यह बयान जरूर मिलेगा कि मुद्दों से भटकाने की कोशिश! या संविधान खतरे में है? एजेंसियों का दुरुपयोग इत्यादि याने जो पक्ष सत्ताधारी है, तो विपक्ष बोलता है। यदि विपक्ष सत्ताधारी हो जाता है तो पक्ष था वह विपक्ष ने आकर यही बोलता है! यह हम पिछले दशकों से ही देखते आ रहे हैं। बल्कि आज भी जो पक्ष केंद्र में विपक्ष है और जो राज्य में विपक्ष है, उनके बयानवीरों की शैली हम देखेंगे के एकसी ही होगी, जहां जो विपक्ष में होगा यह शैली जरूर होगी। परंतु ऐ बाबू ये तो पब्लिक है, ये सब जानती है ये तो पब्लिक है।

साथियों बात अगर हम बुधवार 15 फरवरी 2023 को 370 हटाए गए राज्य सहित अनेकों राज्यों व मुद्दों की करें तो वहां अनेकों बयानवीरों के बयान इस तरह के हैं, हालांकि यह मीडिया में उठाए गए हैं और टीवी चैनलों पर भी इन्हें देखा जा सकता है, परंतु मेरा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं बल्कि व्यंग्य के रूप में सच्चाई जाहिर करना है। आइए हम बयान पढ़ते हैं। 370 हटाए गए राज्य की एक पार्टी की अध्यक्षा ने राज्य में चल रहे अतिक्रमण रोधी अभियान की आलोचना करते हुए बुधवार को सत्ताधारी पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्रपर बेरोजगारी और उद्योगपति विवाद जैसे अहम मुद्दों से देश का ध्यान हटाने के लिए इस राज्य का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।उन्होंने यहांसंवाददाताओं से कहा, उद्योगपति मुद्दे और इससे देश की अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान से ध्यान हटाने के लिए उन्हें इस राज्य से बेहतर कुछ नहीं मिलता,जैसे अतिक्रमण रोधी अभियान। असम में बाल विवाह कानून के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई हो रही है।



सीएम ने कुछ दिन पहले बाल विवाह पर सख्ती की बात कही थी और अब उसका असर दिखने लगा है। चार हज़ार से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है और 2200 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। आगे भी धरपकड़ जारी है, लेकिन इसको लेकर सियासत भी जारी है।जहां एक तरफ एक पार्टी प्रमुख ने दुल्हे की गिरफ्तारी के बाद शादीशुदा महिलाओं की देखरेख को लेकर सवाल उठाया है तो वहीं एक विधायक ने इसे असल मुद्दों से भटकाने का प्रयास बताया है। दरअसल, एक पार्टी केविधायक ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सिर्फ असम के सीएम द्वारा बजट की खामियों और उद्योगपति के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश है। पार्टी बाल विवाह के खिलाफ है लेकिन सरकार जागरूकता फैलाने, साक्षरता दर बढ़ाने जैसे कदमों पर ध्यान नहीं दे रही है। बाल विवाह के नाम पर लोगों को जेल भेजना गलत है। असम सरकार ने अभी भी बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को लागू करने के लिए नियम नहीं बनाए हैं। बिहार के मंत्री के रामचरितमानस को लेकर दिए गए अपमानजनक बयान पर सियासी विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। राज्य के डिप्टी सीएम ने मंत्री के रामचरितमानस पर दिए गए अपमानजनक बयान पर कहा कि वे संविधान का पालन करते हैं। संविधान सभी को भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी देती है। उन्होंने कहा कि क्या यह कोई मुद्दा है, संविधान हमें बोलने की आजादी देता है। महंगाई और बेरोजगारी की बात कोई क्यों नहीं करता, केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। वे जो चाहें कर सकते हैं, महागठबंधन नहीं टूटेगा। वही यूपी के एक नेता द्वारा भी रामचरितमानस पर उठाए गए सवालों पर इस तरह की बातें की जा रही है। प्रमुख विपक्षी पार्टी अध्यक्ष ने कल एक बयान में कहा कि पीएम की हमेशा मुद्दे को भटकाने की कोशिश रहती है ताकि लोगों को यह मालूम हो कि जो वो बोल रहे हैं वो सच है। हमने सदन में उनसे बहुत से प्रश्न पूछे थे कि उद्योगपति इतना बड़ा लखपति कैसे बना? और इतने घोटाले क्यों हो रहे हैं? हम जवाब चाहते हैं। उत्तर प्रदेश की प्रमुख पार्टी के प्रमुख ने कथित तौर पर सत्ताधारी पार्टी और उसके सहयोगी ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को उठा रहे हैं क्योंकि वे लोगों का ध्यान वास्तविक मुद्दों से हटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी एक पुरानी मस्जिद है और मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सत्ताधारी पार्टी के अदृश्य सहयोगी समय-समय पर सामने आते हैं और नफरत के बीज बोते हैं। एक नेता ने कहा जो लोग देश के प्रशासन को ठीक से नहीं संभालते हैं वे विभिन्न समुदायों के बीच एक खाई पैदा करने और स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने इसे कई राज्यों में देखा है। बेरोजगारी, गरीबी और अन्य मुद्दे बढ़ रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार छोटे मुद्दों के पीछे पड़ी है, एक ऐसा बयान एक नेता ने भी दिया कि केरल एक ऐसी जगह है जहां सामुदायिक आधार पर कोई सीमा नहीं है और लोग भाईचारे और सौहार्द में विश्वास करते हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी नाटक में शामिल होकर देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा था कि पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में बदलाव निश्चित है। जब वे सत्ता से बाहर होते हैं, तो वे देश को बचाना चाहते हैं, और जब सत्ता में होते हैं, तो वे खुद को बचाना चाहते हैं। लोग इस तरह की सोच को समझ चुके हैं और इसलिए बदलाव निश्चित है। इस तरह के अनेकों बयान अनेकों बार आते रहते हैं और मुझे ऐसा लगता है, आगे भी आते ही रहेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बयानवीरों की जय हो,देश के सामने बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश! संविधान खतरे में? पक्ष-विपक्ष अपनी सुविधानुसार बयान देने में माहिर हैं पर, ए बाबू ये तो पब्लिक है ये सब जानती है, ये तो पब्लिक है।

**संकलनकर्ता लेखक : कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट, गोंदिया, महाराष्ट्र।**

## विचार

# त्रिपुरा के त्रिकोणीय चुनाव

*आदित्य नारायण*

भारत के उत्तर-पूर्व के छोटे से राज्य त्रिपुरा में आज विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। यह राज्य बंगलादेश की सीमाओं से सटा हुआ है और इस कदर सटा हुआ है कि इसकी राजधानी अगरतला का बाहरी हिस्सा बंगलादेश की सीमाओं में आता है। यह इलाका बह्मन वाड़ी कहलाता है जबकि काजी रोड अगरतला के भीतर है। भारत के उत्तरी क्षेत्र के लोग त्रिपुरा को सिने संगीत सम्राट स्व. सचिन देव बर्मन की वजह से भी पहचानते हैं। स्व. एस.डी. बर्मन पूर्व त्रिपुरा रियासत के राजकुमार भी थे परन्तु यह आदिवासी बहुल राज्य है जिस पर मार्क्सवादी पार्टी का दो दशकों से भी अधिक समय तक शासन रहा परन्तु पिछले 2018 के चुनावों में भाजपा ने इस शासन को उखाड़ फैंका और अपनी सरकार गठित की। सबसे अधिक आश्चर्य यह रहा कि 2013 के चुनावों में मात्र दो प्रतिशत वोट पाने वाली भाजपा 2018 में पूर्ण बहुमत में आयी और 60 सदस्यीय विधानसभा में उसे 40 से अधिक सीटें अपने सहयोगी दलों के साथ मिलीं। इन चुनावों में भाजपा का मुख्य सहयोगी दल आदिवासी व जनजातियों की पार्टी 'आईपीएफटी' थी परन्तु इस बार के चुनावों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि राज्य की राजनीति में लम्बे अरसे तक एक-दूसरे की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी रही मार्क्सवादी पार्टी व कांग्रेस आपस में साझा मोर्चा बना कर भाजपा का मुकाबला कर रही हैं और तीसरी तरफ त्रिपुरा की पूर्व रियासत शाही वंशज प्रद्युत देव बर्मन ने अपनी अलग जनजातीय व आदिवासी पार्टी 'तिपरा मोथा' का गठन करके ताल ठोकी है। इस वजह से यह चुनाव त्रिकोणीय माना जा रहा है क्योंकि राज्य के आदिवासी इलाकों में देव बर्मन की पार्टी के प्रति लोगों में भारी उत्साह है। इस पार्टी की प्रमुख मांग है कि राज्य के जनजातीय व आदिवासी लोगों को राज्य के भीतर ही स्वायत्तशासी अधिकार इस प्रकार दिये जायें जिससे उनकी भाषा से लेकर संस्कृति तक का विकास हो और अपने ही राज्य में उन्हें हीनभावना का शिकार न होना पड़े। हालांकि इस तरफ पहले से ही यह व्यवस्था आदिवासी क्षेत्र के लिए 'त्रिपुरा जनजातीय स्वायत्त जिला परिषद' का गठन करके की गई थी परन्तु इसका कोई खास असर जनजातीय क्षेत्रों पर नहीं हो सका। अतः श्री प्रद्युत देव बर्मन की पार्टी तिपरा मोथा ने वृहद त्रिपुरा लैंड की मांग करते हुए आदिवासी समाज को सशक्त करने की आवाज उठाई है। उल्लेखनीय यह है कि त्रिपुरा के क्षेत्रफल का 70 प्रतिशत हिस्सा जनजातीय है और विधानसभा की 60 में से 20 सीटें इस समाज के लिए आरक्षित हैं। अतः श्री देव बर्मन को इन चुनावों में सन्तुलक या किंग मेकर समझा जा रहा है। श्री देव बर्मन पिछले चुनावों से पहले कांग्रेस में ही थे और पार्टी के प्रमुख स्तम्भ समझे जाते थे परन्तु शीर्ष नेतृत्व द्वारा राज्य में पार्टी संगठन पर ध्यान न दिये जाने की वजह से इनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया था। कालान्तर में इन्होंने अपनी अलग पार्टी पहले एक समाजसेवी संगठन के रूप में शुरू की और बाद में इसे राजनीतिक आवरण दे दिया। जहां तक सत्ताधारी भाजपा का सवाल है तो 2018 के चुनावों के बाद इसे अपना मुख्यमन्त्री बदलना पड़ा क्योंकि पिछले मुख्यमन्त्री ऐसी बेतुकी बयानबाजी करते थे जिसकी वजह से न केवल जग हंसाई होती थी बल्कि उनके कच्चे व आधे-अधूरे ज्ञान का भी प्रदर्शन होता था। पिछले चुनावों में जो सबसे बड़ी घटना हुई थी वह यह थी कि राज्य की जनता का मार्क्सवादी पार्टी व कांग्रेस की राजनीति से मोहभंग हो गया था और उन्होंने राजनैतिक पटल पर प्रभावकारी उपस्थिति दर्ज कराने में कामयाब रही भाजपा को अपना समर्थन दे दिया था। सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ था क्योंकि उसका पूरा जनाधार खिसक कर भाजपा के खेमे में चला गया था। इससे पूर्व मार्क्सवादी पार्टी और भाजपा में जो लड़ाई चलती थी उसमें कांग्रेस का वोट प्रतिशत 40 से ऊपर रहता था और मार्क्सवादी पार्टी का 50 से ऊपर। भाजपा ने यह समीकरण बुरी तरह तोड़ डाला। इस बार भी कांग्रेस पार्टी मार्क्सवादी पार्टी के साथ पिछले पायदान पर ही है और वह केवल 13 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है जबकि मार्क्सवादी 40 पर और शेष पर कुछ अन्य छोटे सहयोगी दल। इस छोटे से राज्य में चुनावी लड़ाई बहुत दिलचस्प है क्योंकि बीच में तिपरा मोथा के आ जाने से भाजपा व वाम मोर्चा दोनों के ही समीकरण बिगड़ सकते हैं। सत्ता की चाबी श्री प्रद्युत देव बर्मन के हाथ में जा सकती है। मगर राज्य में बंगला भाषी जनसंख्या भी अच्छी खासी है जिसकी वजह से प. बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी चुनावी मैदान में है। हालांकि इस पार्टी को राज्य के मतदाता बहुत गंभीरता से नहीं ले रहे हैं परन्तु फिर भी इसके प्रत्याशी बंगलाभाषियों को कितना रिझा पायेंगे, यह देखने वाली बात होगी। देखने वाली बात यह भी होगी कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा के वोट काटती है अथवा वाम मोर्चा के। इसका पता तो नतीजों वाले दिन 2 मार्च को ही चलेगा।

साहित्य | झरोखा

## वैश्विक पटल पर भारत तीव्रता से बढ़ रहा है...

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**


रक्षा क्षेत्र में समझौतों के झंडे
गाड़ रहे हैं
मेक इन इंडिया मेक फॉर वर्ल्ड
कर रहे हैं
दि रन वे टू अ बिलियन
अपॉर्चुनिटीस
चौदह वां एयरो इंडिया सफल हो
रहा है

विश्व के प्रमुख फैशन हाउसों में
अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहें हैं
अपने शिल्प और फैशन सामग्री
को
वैश्विक पटल पर आगे बढ़ा रहे हैं
भारत को विश्व की फ़ैशन
राजधानी बना रहे हैं



भारत को अपने उत्पादों को विश्व
के प्रमुख
फैशन हाउसों के साथ प्रदर्शन
कर रहे हैं

प्रदर्शन में विश्व स्तर पर अपनी
उपस्थिति दर्ज़ करा रहे हैं
बिना किसी पूर्वाग्रह के राष्ट्र की
प्रगति में सहयोग कर रहे हैं



# राशिफल

**मेषः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**बृषभः-** बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**मिथुनः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कर्कः-** भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे-संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंहः-** घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

**कन्याः-** भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

**तुलाः-** दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

**वृश्चिकः-** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनुः-** राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

**मकरः-** भावनाओं पर नियंत्रणरख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के नय रास्ते बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**मीनः-** अपनी भावुकता पर नियंत्रण रखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

# शिवाजी महाराज और मुस्लिम समाज



*मुख्तार खान*

महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम बड़े आदर और श्रद्धा के साथ लिया जाता है। हर साल 19 फरवरी को पूरे राज्य में शिवाजी जयंती बड़े धूम-धाम के साथ मनाई जाती है। 6 जून 1674 को शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिन भी मनाया जाता है। आज से लग भाग साढ़े तीन सौ वर्ष पहले शिवाजी महाराज ने रायगढ़ किले में हजारों लोगों की उपस्थिति में राज्याभिषेक का अनुष्ठान पूरा किया था। इतिहास में अनेक राजा महाराजा हुए हैं। ऐसे राजा जिन्होंने जनता की भलाई के काम किए, लोग उन्हें आज भी याद रखते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज भी ऐसे ही एक महान राजा हुए। जिन्होंने समता ,बंधुता न्याय के मूल्यों पर आधारित स्वराज की स्थापना की थी। अपने शासन काल में बिना किसी भेद भाव के उन्होंने जनकल्याण के कार्य किए। इसीलिए इतने वर्ष गुज़र जाने के बाद भी लोग उन्हें याद करते हैं। शिवाजी महाराज क्या केवल हिंदुओं के ही राजा थे?

अपने राजनीतिक स्वार्थ को लेकर शिवाजी महाराज को एक हिंदू शासक के रूप में किया जता रहा है। क्या शिवाजी महाराज जैसे विशाल व्यक्तित्व को केवल हिन्दू धर्म की फ्रेम से देखा जाना न्यायोचित होगा? शिवाजी महाराज के विशाल व्यक्तित्व को केवल धर्म रक्षक के रूप में प्रस्तुत करना अपने ही महापुरुषों के कद को घटाने जैसा ही है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें बताता है कि उन्होंने अपने शासन काल में एक उच्च आदर्श प्रस्तुत किया। वे संतों, पीर औलिया के साथ साथ सभी धर्मों का सच्चे मन से आदर किया करते थे। इसी लिए जब उन्होंने स्वराज की स्थापना की स्थानीय मराठों के साथ साथ बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के मुसलमानों ने भी उनका साथ दिया। उस जमाने में जो मराठे शिवाजी महाराज की सेना में रहे उन्हें शिवजी के मावले कहा जाता है। इन मावलो में यहां के हजारो मुस्लमान भी शामिल रहे। इसीलिये आज भी कोल्हापुर, सतारा के मुसलमान बड़ी धूम धाम के साथ शिवाजी जयंती के जुलूस में हिस्सा लेते हैं। शिवाजी महाराज के शासन काल में जनकल्याण, न्याय, आपसी भाई चारे को विशेष प्राथमिकता दी जाती रही। इसीलिये वे आज तक लोगों के दिलों पर छाए हुए हैं। शिवाजी महाराज का परिवार सूफी संतों का बड़ा आदर किया करता था। उनके दादा ने मुस्लिम पीर बाबा शाह शरीफ के नाम पर ही अपने दोनों बेटों के नाम शाह जी और शरीफ जी रखा था। शिवाजी महाराज स्वयं भी सूफी संत बाबा याकुत का बड़ा आदर किया करते थे। वे जब कभी किसी भी महाज़ पर जाते पहले बाबा से दुवाओं की दरख्वास्त करते। अपने दौर में उन्होंने बहुत सी खानकाओं के लिए चिरागी की व्यवस्था भी की थी। शिवाजी के शासन काल में महिलाओं को विशेष सम्मान दिया जाता था। युद्ध के समय भी स्त्री अस्मिता की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाता था। कल्याण के सूबेदार की पराजय के बाद उस की सुंदर बहु को जब शिवाजी महाराज के सामने पेश किया गया। अपने सरदार के इस कृत्य पर वे बड़े शर्मिंदा हुए। उस मुस्लिम महिला से उन्होंने क्षमा मांगी उसे अपनी मां समान बताया। साथ ही महिला को पूरे राजकिय मान सम्मान के साथ अपने वतन लौट जाने की व्यवस्था भी करवाई। शिवाजी महाराज का अपने मुस्लिम सैनिकों पर अटूट विश्वास था। शिवाजी महाराज की विशाल सेना में 60 हज़ार से अधिक मुस्लिम सैनिक थे। उन्होंने ने एक सशक्त समुद्री बेड़े की भी स्थापना की थी, इस समुद्री फ़ौज की पूरी कमान मुसलमान सैनिकों के हाथों में ही थी। यहां तक कि समुद्री किलों की बाग डोर दरिया सारंग, दौलत खान, इब्राहीम खान सिद्दी मिस्त्री जैसे अनुभवी मुस्लिम सूबेदारों के हाथों में सौंपी गई थीं। शिवाजी महाराज की उदारता और कार्यशैली देख कर अनेक मुस्लिम सिपहसालार जिन में रुस्तमोज़मान, हुसैन खान, कासम खान जैसे सरदार बीजापुर की रियासत छोड़कर सात सौ पाठानो के साथ शिवाजी महाराज से आ मिले थे। सिद्दी हिलाल तो शिवाजी महाराज के सबसे करीबी सरदारों में से एक था। सिद्दी हिलाल ने शिवाजी के साथ कई मोर्चों पर अपनी बहादुरी के जलवे दिखाए। शिवाजी महाराज की सेना में तोप चलाने वाले अधिकतर मुस्लिम सैनिक ही हुआ करते थे। इब्राहिम खान प्रमुख तोपची थे।



वहीं शमाखान, इब्राहीम खान घुड़सवार दस्ते के प्रमुख सरदार हुआ करते थे। शिवाजी के खास अंगरक्षको में से एक सिद्दी इब्राहीम थे। अफज़ल खान से हुई मुठभेड़ में सिद्दी इब्राहीम ने अपनी जान पर खेलकर शिवाजी महाराज की रक्षा की थी। आगे चलकर शिवाजी महाराज ने इन्हें फोंडा किले का प्रमुख नियुक्त किया था। सारे तथ्य इस बात की गवाही देते हैं कि महाराज और उनके मुस्लिम सहयोगियों का आपस में कितना गहरा रिश्ता रहा होगा। शिवाजी महाराज जब आगरे के किले में नजरबंद थे तब क़ैद से फरार होने में मदारी मेहतर नाम के एक मुस्लिम व्यक्ति ने सब से अहम भूमिका निभाई थी। वह अपनी जान की परवाह किए बगैर शिवाजी महाराज का रूप धारण किये बेखौफ दुश्मनों के बीच बैठा रहा। शिवाजी महाराज ने अपने सहयोगियों का दिल जीता था वे अपने राजा के लिये जान लिए अपनी जान तक देने के लिए तैयार रहते। काजी हैदर फारसी भाषा के विद्वान थे। शिवाजी महाराज ने इन्हें अपना वकील नियुक्त किया था। प्रशासन के पत्र व्यवहार और समझौतों गुप्त योजनाओं में इनकी प्रमुख भूमिका हुआ करती। एक बार काजी हैदर को लेकर किसी हिंदू सरदार ने संशय जताते हुए महराज को चौकन्ना रहने की सलाह दी। इस पर शिवाजी महाराज ने तुरंत कहा उनसे कहा किसी की जात देख कर ईमानदारी को परखा नहीं जाता यह तो उस व्यक्ति के कर्म पर निर्भर होता है। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की तैयारियां बहुत पहले से ही शुरू हो चुकी थी। रायगढ़ के आस पास नई इमारतों का निर्माण हो रहा था, साथ ही नए मन्दिरों का भी निर्माण हो रहा था, एक दिन महाराज जब निर्माण कार्य का जायज़ा लेने रायगढ पहुंचे। महल में लौट कर उन्होंने अपने सरदारों से पूछा नगर में आपने आलिशान मंदिर तो बनाए लेकिन मेरी अपनी मुस्लिम प्रजा के लिए मस्जिद कहां है? जाहिर है इस ओर किसी का लक्ष्य ही नहीं गया था तुरंत ही राजा के आदेश पर ठीक महल के सामने ही एक मस्जिद बनाई गयी। आज भी किले के पास इस के अवशेष मौजूद हैं। शिवाजी और अफजल खान के संघर्ष को आज भले ही हिन्दू-मुस्लिम रंग देकर पेश किया जाता है। लेकिन खुद शिवाजी महाराज ने अफजल खान की मृत्यु के बाद आदेश दिया कि अफजल खान के पार्थीव शरीर को इस्लामी रीति रिवाज के साथ ससम्मान दफन किया जाय, अफजल खान की पक्की कब्र भी बनाई गई। साथ ही उनके पुत्रों को क्षमा दान दिया गया। अपने दुश्मन के साथ ऐसा व्यवहार की मिसाल इतिहास में बहुत कम ही मिलती है। इतिहास की इन सभी घटनाओं से यह साबित होता है कि शिवाजी महाराज और मुगलों के बीच किसी तरह की धार्मिक वर्चस्व की लड़ाई नहीं थी। प्रायः राजाओं के आपसी संघर्ष राजनीतिक हितों के लिए हुआ करते थे। शिवाजी महाराज के प्रशासन और जीवन शैली से हम सब को अवगत होना बेहद जरूरी है।

*जनवादी लेखक संघ, महाराष्ट्र*

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# जिलाधिकारी ने किया बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने डीआईओएस कार्यालय आकर परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम के कैमरों से कई स्कूलों की स्थिति देखी। गुरुवार को डीएम अनिल कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सुबह करीब 10 बजे डीआईओएस कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने आनलाइन कंट्रोल सिस्टम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों में चल रही हाईस्कूल के हिंदी विषय की परीक्षा देखी। डीएम ने परीक्षा केंद्रों का ऑनलाइन अनुश्रवण, पर्यवेक्षण कर रहे अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने रैंडम करीब 50 विद्यालयों की ऑनलाइन एक-एक कक्ष में संचालित परीक्षा का स्वयं अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मचारियों से डीएम ने परीक्षा के संबंध में जानकारी ली, जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारी, एसडीएम विधेश, सहायक कंट्रोल रूम प्रभारी देवेंद्र कुमार निगम व लवलेश वर्मा, डीआईओएस दफ्तर के वरिष्ठ सहायक अश्विनी कुमार वर्मा मौजूद रहे।प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को



नकलविहीन, निष्पक्ष, शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए डीआईओएस कार्यालय सहित प्रदेश मुख्यालय पर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की सतत ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। जिले में 141 परीक्षा केंद्र है, जिसमें 08 राजकीय विद्यालय, 41 अशासकीय सहायता प्राप्त, 92 वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों को 07 जोन, 13 सेक्टर में बांटा गया है, जिनमें मजिस्ट्रेट की लगे है। वही सभी 141 परीक्षा केंद्रों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए। जिले में हाई स्कूल में 55748 एवं इंटरमीडिएट में 50300 परीक्षार्थी परीक्षार्थी नामांकित है। जनपद खीरी में संचालित बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए डायट प्राचार्य, डीआईओएस, बीएसए एवं दो खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में कुल पांच सचल दस्ते भ्रमण सील रहकर सभी 141 परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षाओं का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण कर रहे।

# बढ़ती मंहगाई ने मध्यम वर्ग व गरीबों की रसोई का बिगाड़ा बजट

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

बढ़ती कीमतों से पैदा होने वाले दबावों पर लगाम लगाना जरूरी हो चला है क्योंकि मध्यम वर्ग के पास महंगाई की मार से बचने का कोई उपाय नही हैं और मध्यम वर्ग और गरीबी में जीने को मजबूर हैं! यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के बाद यह देखा जा रहा है कि महंगाई का जोर कम नहीं हो पा रहा है इस समस्या ने गरीबों के साथ साथ मध्यम वर्ग के परिवारों को भी नहीं छोड़ा है!दरअसल अब अमीरी और गरीबी के बीच पिस गए हैं मध्यम वर्ग परिवार! यह समझना मुश्किल है कि सरकार इस भयंकर महंगाई को कम करने के लिए क्यों कुछ नहीं करती है! ऊपर से सब कुछ सहज दिखने के बरक्स हकीकत यह है कि महंगाई ने सबका रसोई का बजट काफी बिगाड़ दिया है!अब मामला रोजमर्रा की खाने पीने की चीजों पर भी आफत आती जा रही है मसलन रसोई गैस सिलेंडर रोटी के लिए आटा सब्जियां खाने का तेल दूध अब कम आय वर्ग की लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है! बल्कि अब छोटे बच्चों के मुंह से दूध भी छिन रहा है!बढ़ती कीमतों की तकलीफ से जनता को निजात दिलाने के लिए सरकार को कुछ इस ओर सोचना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### दो शातिर चोर, चोरी के माल सहित गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी ।दो शातिर चोरों को सदर कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार। साथ ही सदर कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से चोरी के तीन मोबाइल,एक सोने का लॉकेट, 1730 रुपए समेत अवैध तमंचा भीशातिर किया बरामद ।सदर कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया की पंडित दीनदयाल चौराहे के पास से हुई चोरों की गिरफ़्तारी। इन शातिर चोरों पर पहले से दर्ज है कई मुकदमें।

### नगर पालिका आपके द्वार कैम्प में 6 शिकायतें मिली, तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका आपके द्वार के तहत आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन के माध्यम से नगर की जनसमस्याओं जैसे कर करेत्तर व दाखिल खारिज से संबंधित समस्याओं साफ सफाई, पेयजल संयोजन/आपूर्ति, मार्ग प्रकाश, सड़क गड्ढा मुक्ति सहित समस्याओं के लिए नगर में वार्डवार, तिथिवार रोस्टर के तहत 16 फरवरी को वार्ड नं0 17 पक्का कटरा एवं वार्ड नं. 18 महाराजा गंज में कैम्प का आयोजन किया गया । नगर पालिका द्वारा लगाए गए इस कैम्प में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमे 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष 3 शिकायतों का निस्तारण की कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है। कैंप में अधिशासी अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अवर अभियंता (सिविल) एवं राजस्व निरीक्षक सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने डनलप में मारी टक्करए एक की मौत दो घायल

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** रेउसा थाना क्षेत्र में लकड़ी लदे बैल डनलप और अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर हो जाने से जहां डनलप चालक की मौत हो गई वहीं उस पर सवार दो लोग घायल हो गये। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डनलप के परखचे उड़ गये और बैल भी घायल हो गये। टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। जानकारी के अनुसार रेउसा थाना क्षेत्र के भीरी गांव निवासी रमजान (25वर्ष) पुत्र बाबू गुरुवार सुबह लगभग चार पांच बजे बैल डनलप पर सेमल की लड़की लादकर जहांगीराबाद लकड़ी मण्डी जा रहे थे। टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। मृतक के परिजनों द्वारा शव को अपने पैतृक गावं ले जाने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार परिवारीजन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहते हैं।

### किसके संरक्षण में चल रहा स्टाम्प खरीद पर मनमाने दाम वसूलने का फंडा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** स्टांप की बिक्री उसमें अंकित मूल्य पर होनी चाहिए। नगर में इनकी बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से ज्यादा पर हो रही है। तहसील व उसके बाहर हो रही स्टांपों की कालाबाजारी की शिकायत होने के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। स्टांपों की बिक्री करने का लाइसेंस एडीएम द्वारा जारी किया जाता है। तहसीलदार कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय के साथ मुंसिफकोर्ट के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं। ये लाइसेंसधारी स्टांप विक्रेता ऑफ्लाइन व ऑनलाइन दोनों तरह से स्टांप की बिक्री कर रहे हैं। स्टांप की बिक्री सरकारी निर्देशानुसार उसमें अंकित मूल्य पर होना चाहिए। किन्तु ऐसा नहीं रहा है। स्टांप विक्रेता मनमाने मूल्य पर इनकी बिक्री कर रहे हैं। सबसे ज्यादा मांग 10 रुपए के स्टांप की होती है। मांग का फायदा उठाते हुए स्टांप विक्रेता 10 रुपए का स्टांप 15 से 20 रुपये में बेच रहे है। इसके साथ 100 रुपए का स्टांप 120 से 130 रुपये में बेचा जा रहा है। स्टांप विक्रेताओं द्वारा स्टांप की कालाबाजारी करने के कारण लोगों को शपथ पत्र बनवाना महंगा पड़ रहा है। खुलेआम स्टांप की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगरवासी अब्दुल कय्यूम, अशफाक, पुष्पेंद्र, नरेंद्र ने इसकी शिकायत 3 माह पूर्व तहसीलदार से की थी। इसके बाद इस पर अंकुश नहीं लग पाया है। अबकी समाजसेवियों ने इसकी शिकायत मंडलायुक्त को भेजकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# फर्स्ट फेज के 660 प्रशिक्षणार्थियों को मिली स्मार्टफोन की सौगात

- विधायक, प्रभारी डीएम ने बांटे प्रशिक्षणार्थियों को स्मार्टफोन, खिले चेहरे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



खीरी में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷एक जिला एक उत्पाद÷, ÷विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना÷ के फर्स्ट फेज वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रशिक्षित 660 लाभार्थियों को स्मार्टफोन की सौगात मिली, स्मार्टफोन पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। गुरुवार को जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र राजापुर कार्यालय परिसर में स्मार्ट फोन वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने आईआईए चैप्टर के जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में दीप जलाकर किया। इसके बाद विधायक सदर ने प्रभारी डीएम के साथ फर्स्ट फेज में प्रशिक्षित सभी 660 लाभार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया। विधायक योगेश वर्मा ने प्रशिक्षित लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के हुनर, कौशल में पंख लगाने के उद्देश्य से सरकार ने स्मार्टफोन की सौगात दी है। स्मार्टफोन पर प्रशिक्षण से जुड़े कई स्टडी मटेरियल उपलब्ध हैं, जिसका लाभ लेकर अपनी दक्षता को और बढ़ाएं। युवा प्रशिक्षणार्थी कल का भविष्य है। आज आधुनिक तकनीकी युग में शिक्षा के साथ कौशल विकास कर हुनरमंद बनाने का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने फर्स्ट फेज के प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्मार्टफोन के लिए शुभकामनाएं दी, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आपकी प्रशिक्षण दक्षता को बढ़ाने में स्मार्टफोन मददगार साबित होगा। स्मार्टफोन में उपलब्ध स्टडी मैटेरियल से कार्य कौशल को बढ़ाते हुए अपने भविष्य को संवारे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।आईआईए चैप्टर जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

### ओडीओपी उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में ओडीओपी उत्पाद थारू हस्तशिल्प एवं गुड को भी प्रदर्शित किया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में विधायक सदर, प्रभारी डीएम ने भी थारू हस्तशिल्प उत्पाद निर्मित टोपी धारण कर ओडीओपी को प्रमोट किया। वही गुड उत्पादों का स्वाद भी चखा। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने आवाहन किया कि सभी को आगे आकर ओडीओपी उत्पाद से जुड़ना चाहिए।

### विधायक, डीएम ने बांटे ओडीओपी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

विधायक सदर योगेश वर्मा ने प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह के साथ उत्तर प्रदेश डिज़ाइन एवं शोध संस्थान( सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित 10 दिवसीय दक्षता एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया।

### आगामी त्यौहार के मद्देनजर सामाजिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की हिदायत दी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बेहजम चौकी परिसर में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि एवं होली के मद्देनजर एसडीएम मितौली विनीत कुमार उपाध्याय और सीओ मितौली राजेन्द्र प्रसाद ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों को हंसी खुशी के संयम बरतते हुए सामाजिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की हिदायत दी। एसडीएम विनीत उपाध्याय ने बताया कि होली त्यौहार पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने और किसी नयी परम्परा न डालने की बात कही होलिका दहन अपने पुराने स्थान पर ही जायेंगे और क्षेत्र के प्रतिष्ठित मंदिरों पर ही शिवरात्रि पर जलाभिषेक और धार्मिक कार्यक्रम करने की हिदायत दी आप सभी आपस में भाईचारा कायम करते हुए त्यौहार मनायें। इस मौके पर इंस्पेक्टर अवधेश यादव चौकी प्रभारी साहब लाल, क्षेत्र के ग्राम प्रधानगण सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक पोषण वाटिका लाभार्थियों से किया संवाद

- जैविक खाद से होने वाली सब्जियों का ही सेवन करेंगे
- जनपद में जैविक फसलों को बढ़ावा भी दिये जाने की आवश्यता

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने रामपुरा विकासखण्ड के ग्राम कंजोसा में सामुदायिक पोषण वाटिका के लाभार्थियों के साथ संवाद का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में संवेदनशीलता की बहुत ज्यादा आवश्यकता है, पिछले 3 सालों से इलाके में लगातार बाढ़ आ रही है किसान केवल एक ही फसल ले पा रहे है। इसलिए अभी तत्काल आवश्यकता है कि इस क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाकर कार्य किए जाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि इस ग्राम पंचायत में कैंप लगाकर केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने पोषण वाटिका से जुड़ी महिलाओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास को पूरे जनपद में फैलाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में परमार्थ संस्थान अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। अब आवश्यकता है कि जैविक रूप से पैदा होने वाली इन सब्जियों को मिड-डे मील, आंगनबाड़ी एवं अन्य जगह आपूर्ति की जाये जहरमुक्त उत्पाद स्वास्थ्य के लिए जहां एक तरफ बेहतर है वही जलवायु परितर्वन के प्रभाव को रोकने में भी सहायक है। शीघ्र ही उन्होंने ग्राम सभा की भूमि में सामुदायिक पोषण वाटिका स्थापित करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिये और बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तत्काल वहां समस्या निवारक कैम्प आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा जैविक खाद से सब्जियों फूल आदि का उत्पादन करते हैं आने वाले दिनों में इसके महत्व को समझकर सभी लोग जैविक खाद से होने वाली सब्जियों का ही सेवन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में ही नहीं अन्य जनपदों में भी आप को पहचान दिलाने का कार्य किया जाएगा और जैविक फसलों को बढ़ावा भी दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सामुदायिक पोषण वाटिका कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है। इसको बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन से सहायता प्रदान की जायेगी। जो समस्याऐं निकलकर आयी उनका प्राथमिकता से समाधान किया जायेगा, इसके लिए संबंधित अधिकारी समस्या ग्रसित गांव में कैम्प करेगें। सामुदायिक पोषण वाटिका से जुड़ी पूजा, विटोली, गुड्डी बेवी, सुषमा, पुष्पा, लाली, मीरा के द्वारा सामुदायिक पोषण से हो रहे फायदों के बारे में विस्तार से जिलाधिकारी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सामुदायिक पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया, एवं इसको लगाने की विधि के बारे में महिलाओ के साथ चर्चा की। पोषण वाटिका में जीवामृत, घनामृत, अमृतपानी आदि से हो रही जैविक खेती के तरीकों के बारे में समझा। विकासखण्ड रामपुरा के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समस्या ग्रसित आपदा प्रभावित क्षेत्र में जनपद के आखिरी गांव में जिलाधिकारी ने आकर हम सबका उत्साहवर्द्धन किया है। परमार्थ संस्थान के प्रमुख संजय सिंह ने कहा कि परमार्थ संस्थान आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए निरंतर सक्रिय है। संस्थान के द्वारा क्षेत्र में पोषण वाटिका अभियान एवं विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का संचालन करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थान जल संरक्षण को लेकर भी लोगों को साक्षर कर रहा है। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार, ब्लॉक रामपुरा के एडीओ, विटोरा के ग्राम प्रधान आदि सहित महिलाएं उपस्थित रहे।

### कुठौंद प्रधान के भतीजे ने खुद को मारी गोली

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को ग्राम कुठौंद के प्रधान नरेंद्र महंत के भतीजे पिंकू महंत उम्र करीब 32 वर्ष ने अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली गोली की आवाज सुनते ही मोहल्ला वालों ने उनको सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो कॉलिंग कर पिंकू महंत को धमकाया गया जिससे डिप्रेशन में आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली इसके पहले भी वह कई बार फेसबुक वह अन्य साधनों द्वारा अपनी हत्या की सूचना दे चुका था। कुठौंद पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# 21 कृषि फीडरों के विभाजन का कार्य युद्धस्तर पर जारी : यादव

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

अधीक्षण अभियंता आरके यादव ने बताया कि विद्युत वितरण मण्डल, जनपद के अंतर्गत कुल 21 कृषि फीडरों का विभाजन करने का कार्य सम्पादित किया जा रहा हैं। अभी तक 4 कृषि फीडरों का विभाजन कर दिया गया है। जिससे पूर्व के 4 फीडरों की अतिभारित समाप्त हो गयी है, शेष 17 कृषि फीडरों के विभाजन का कार्य तीव्र गति से सम्पादित किया जा रहा हैं जिसे जल्द से पूर्ण कर लिया जायेगा। 4 कृषि फीडरों के विभाजन होने से निम्न ग्राम आच्छादित हुये है उप खण्ड कार्यालय का नाम विद्युत वितरण उप केन्द्र उरई ग्रामीण, उप केन्द्र का नाम 33/11 केवीए उप केन्द्र कुकरगांव से लाभान्वित ग्राम कुकरगांव, खजुरी, हरक्का, बीरपुरा, मंगराया, बोहदपुरा, उपखण्ड कार्यालय का नाम विद्युत वितरण उपकेन्द्र उरई ग्रामीण, उपकेन्द्र का नाम 33/11 केवीए उपकेन्द्र बाबई फीडर चुर्खी के लाभान्वित ग्राम रनियां, सरसई, चुर्खी, बड़ी नादई, छोटी नादई, पाल की खेर, स्वरूपुर, उपखण्ड कार्यालय का नाम विद्युत वितरण उपकेन्द्र कालपी, उपकेन्द्र का नाम 33/11 केवीए उपकेन्द्र न्यामतपुर के फीडर गाजीपुर के लाभान्वित ग्राम न्यामतपुर, ईगुई, कोड़ा किर्राही, जरारा, खड़गुई मुस्तकिल, खरगुई दुबारा, उपखण्ड कार्यालय का नाम विद्युत वितरण उपकेन्द्र कालपी, उपकेन्द्र का नाम 33/11 केवीए उपकेन्द्र कोंचनाका उप केन्द्र हरदोई के लाभान्वित ग्राम मड़ोरा, बजीदा, उसरगांव, इमलिया, कपासी, गढ़र, ईटवा, टिकटौली, व्यासपुरा, मिनौरा ग्राम आच्छादित हैं।

# जनपद की पहली और अनूठी पहल निपुण बालक बालिका खोज प्रतियोगिता

- बीआरसी मड़ोरा में हुआ निपुण बालक बालिका खोज प्रतियोगिता की जिला स्तरीय परीक्षा का आयोजन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के कुशल निर्देशन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बेसिक शिक्षा के कक्षा 1 से 3 तक बच्चों को जनपद की पहली और अनूठी पहल कर निपुण बालक बालिका खोज प्रतियोगिता का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर शुरू की। अभी तक इस परीक्षा के तीन चरणों को पूर्ण कर लिया गया।

पहले चरण में कक्षा 1 से 3 तक सभी बच्चों को निपुण लक्ष्य ऐप्प के माध्यम से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जिसमें 1188 प्राथमिक और प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालयों के कक्षा वार 5 टॉप बच्चों को अगले चरण के लिए नॉमिनेट किया जिनकी संख्या 13455 थी। इन 13455 बच्चों का अकादमिक टीम द्वारा वेरिफिकेशन और मूल्यांकन कर टॉप मोस्ट कक्षा वार 1 बच्चें को न्याय पंचायत स्तर की परीक्षा के लिए चयनित किया गया इस प्रकार से न्याय पंचायत स्तर की परीक्षा में 3530 के सापेक्ष 3430 बच्चों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी। जिसमें अगले चरण यानि ब्लॉक स्तर की परीक्षा के लिए प्रत्येक कक्षा से टॉप मोस्ट 1 बच्चा सिलेक्ट कर उसकी परीक्षा बीआरसी पर कराई गई जिसमें 246 के सापेक्ष 219 बच्चों परीक्षा में शामिल हुए। इन बच्चों में से प्रत्येक ब्लॉक से कक्षावार टॉप मोस्ट 1 बच्चा सिलेक्ट होकर जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया और क्वालीफाई 31 बच्चों ने जिला स्तर पर बीआरसी मडोरा में बने परीक्षा केंद्र पर आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग किया और परीक्षा के दोनों चरण लिखित और क्विज में अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि इनका परिणाम एक हफ्ते के अंदर जारी किया जाएगा और वृहद कार्यक्रम करा कर जिला स्तर पर चयनित सभी बच्चों को पुरस्कृत और सम्मानित जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। जिला समन्यवक प्रशिक्षण विश्वनाथ दुबे और एसआरजी टीम से लोकेश पाल, अभिलाष तिवारी, नितिन आनंद पाल ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रथम स्तर से लेकर जिला स्तर तक जो बच्चे चयनित हुए है इनका मौखिक, भाषीय, व्यवहारिक, सामान्य जानकारी और लिखित आदि पहलू पर ज्ञान को परखा गया है इसके लिए राज्य अध्यापक पुरुस्कार प्राप्त शिक्षकों और विषय विषज्ञयों द्वारा प्रश्न पत्र निर्माण का कार्य कराया गया। परीक्षा में 31 बच्चे प्रतिभाग किए जिनका लिखित परीक्षा के उपरांत साक्षात्कार एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर मूल्यांकन किया गया. परीक्षा का परिणाम घोषित कर इन्हें शीघ्र जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। परीक्षा का निरीक्षण परियोजना निदेशक डीआरडीए डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार द्वारा किया गया।

# आटा थाने की नाक के नीचे से चोर लाखों का माल ले उड़े

**आटा(जालौन), समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने किराना की दुकान की दीवार में सेंघ लगाकर नगदी सहित तीन लाख का सामना पार कर दिया। मालिक को घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब आसपास के दुकानदारों ने दुकान में छेद देखा वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बुधवार की शाम को रोज की तरह आटा निवासी दुर्गेश पुत्र शिवकुमार अपनी किराना की दुकान में ताला डालकर घर चला गया था। तभी देर रात मौके पर फायदा उठाकर चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंघ लगाकर गोलक से 25 हजार की नगदी सहित अखरोट के गत्ते अंजीर गत्ता, मखाने के गत्ते के साथ करीब तीन लाख का माल पार कर दिया। सुबह जब आसपास के दुकान के दुकानदार आए तो उन्होंने दीवार फूटी देख दुर्गेश को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच में जुटी है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे दी है। गौरतलब है कि दुकानदारों को जब इस चोरी के बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने बताया कि बस स्टैंड पर 112 पुलिस के साथ साथ थाना पुलिस भी तैनात रहती है। लेकिन जब चोरी हो रही थी उस वक्त पुलिस कर्मी कहा सो रहे थे। पुलिस की इस लचर व्यवस्था से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

# 'आप' पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी : शेखर

- योगी सरकार गरीबों के घरों पर चला रही बुल्डोजर
- तालिबानी सरकार के जैसा कर रही काम
- नियम कानून ताक पर रखे

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



पूरे प्रदेश में इन दिनो गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। हालत यह है कि लोगों को जिंदा जला दिया जा रहा है। ऐसे में आम आदमी पार्टी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। यह बात किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शेखर दीक्षित ने कही।

उन्होंने कहा कि सीतापुर के रामकोट क्षेत्र में एक गरीब की झोपड़ी पर बुल्डोजर चला दिया गया। जबकि घर का सामान व आनाज घर मे ही रखा था। प्रशासन की इस मनमानी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंडित शेखर दीक्षित ने सीतापुर आकर रामकोट क्षेत्र में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। जिसके बाद पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार मे प्रशासन मनमानी पर उतारू है। गरीबों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। रामकोट में जिस झोपड़ी पर बुल्डोजर चलाया गया है, वह कैंसर पीड़ित है। एक तो ईलाज का भारी खर्च है, दूसरे जैसे तैसे वह परिवार का खर्च चला रहा है। उस पर प्रशासन उस परिवार कर इस तरह की कार्रवाई कर रहा है। कानपुर में तो मां बेटी को प्रशासन ने जिंदा ही जला दिया। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के घरों का विनाश किया जा रहा है। जो रसूखदार हैं, उन पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। केवल गरीबों की झोपड़ी पर ही बुल्डोजर चलाया जा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि यदि कोई 30 वर्ष से काबिज है, तो उसे न हटाया जाए। बावजूद इसके यहा प्रशासन मनमानी कर रहा है। इसे देखकर यही लग रहा है कि प्रदेश में तालिबानी सरकार चल रही है। वहीं विनाश का बुल्डोजर दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी संघर्ष करेगी।

# 36 किलोमीटर दूर बना परीक्षा केन्द्र

- आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इण्टर कॉलेज जहांगीराबाद का मामला

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड की हाई स्कूल और इण्टर मीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई हैं लेकिन इस बार केन्द्र निर्धारण में खामियों के चलते विद्यालयों से लगभग 36 किलोमीटर दूर परीक्षा केन्द्र बनाये जाने से बालक बालिकाओं और अभिभावकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।बताते चलें कि जहांगीराबाद स्थित आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इण्टर कालेज को? इस बार परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया गया है। यहां पढ़ने वाली इण्टर की 58 छात्राओं और एक छात्र का परीक्षा केन्द्र विद्यालय से लगभग 36 किलोमीटर दूर जनता इण्टर कालेज कल्यानपुर लहरपुर कर दिया गया है जहां तक सुबह सुबह दुपहिया वाहनों से जाने में काफी परेशानी तो होती ही है तथा समय भी अधिक लगता है और बाइक खराब होने पर पेपर छूटने का भी डर बना रहता है। प्रधानाचार्य राम सिंह वर्मा ने बताया कि मैंने केन्द्र संशोधन के लिए दो बार सम्बन्धित अधिकारियों को प्रत्यावेदन भी दिये लेकिन केन्द्र में कोई संशोधन नहीं किया गया। अभिभावक राम सजीवन? वर्मा,राज कुमार सिंह,हाजी मौलाना नफीसुल हक मजाहिरी, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद हारून व रसूल अहमद आदि ने आपत्ति जताते हुए रोष व्यक्त किया है।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं छह सौ लोगों की समस्याएं, मेरे रहते किसी के साथ नहीं होने पाएगा अन्याय : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



● समस्या निस्तारण में लापरवाह व संवेदनहीन अधिकारियों को बांध लेना पड़ेगा बोरिया-बिस्तर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे अपने दायित्व से बोरिया बिस्तर बांध लेना पड़ेगा। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने उक्त हिदायतें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब छह सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे-मुन्ने बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बच्ची के लिए रैपर से निकालकर उसे चॉकलेट खिलाया।

# हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

## 25- 25 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

13 वर्ष पूर्व पांच वर्षीय इकलौते बालक को शर्बत में जहर पिलाकर मारने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को उम्रकैद व 25-25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के सिरवीट गांव निवासी रामलाल ने न्यायालय में दाखिल धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि एक फरवरी 2010 को दोपहर एक बजे की घटना है। उस समय घर पर वह और उसकी पत्नी मौजूद नहीं थे। उसी समय सिरवीट गांव निवासी रामप्रसाद पुत्र मानाधारी व शांति देवी पत्नी रामप्रसाद तथा धौरहरा गांव निवासी पप्पू पुत्र नरेश समेत पांच लोग उसके घर में आकर उसके 5 वर्षीय इकलौते बालक चंदन को शर्बत में जहर डालकर पिला दिया। इसके बाद बेटे की हालत बिगड़ने लगी तो घर पर मौजूद लड़कियों ने शोरगुल करना शुरू कर दिया। शोरगुल की आवाज सुनकर आस पास व गांव घर के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद बेटे को लेकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। जहां चार घंटे तक बेटा अस्पताल में जिंदा रहा उसके बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बेटे के शव को उसे दे दिया गया। बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद करमा थाने जाकर 3 फरवरी 2010 को सूचना दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई। कोर्ट के आदेश पर करमा पुलिस ने 7 अप्रैल 2010 को रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को उम्रकैद व 25 - 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# दिव्यांगजनों को सांसद ने वितरित किया उपकरण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विकास भवन परिसर, बाराबंकी में आयोजित कैम्प के माध्यम से पूर्व से चिन्हांकित 104 दिव्यांगजन को सांसद उपेन्द्र सिंह रावत , जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह , मुख्य विकास अधिकारी , जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त अजीविका मिशन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में 100 ट्राईसाइकिल, 02 कान की मशीन एवं 02 स्मार्ट केन का वितरण किया गया।

### पुरेडलाई में आज वितरित होंगे कृतिम अंग उपकरण

**बाराबंकी।** जिला दिव्यांग जनशशक्तिकरण अधिकारी ने आगे बताया कि आज17 फरवरी को अपराह्न एक बजे विकास खंड पूरेडलई के प्रांगण में कृत्रिम अंग वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा करेंगे।

# 21 को त्रिवेदीगंज में लगेगा रोजगार मेला

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में दिनांक 21.02.2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से खण्ड विकास कार्यालय परिसर, त्रिवेदीगंज में हैदरगढ़ विधानसभा हेतु एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र के विविध सेक्टरों की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करेंगे। आवेदक अपने यूजर आईडी के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल सेवायोजन डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन पर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार मेला आईडी 7233 पर इच्छित कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो, तथा बायोडाटा के साथ मेला स्थल खण्ड विकास कार्यालय परिसर, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी में समय से उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। कंपनियों का विवरण सेवायोजन पोर्टल के साथ साथ खण्ड विकास कार्यालय परिसर, त्रिवेदीगंज तथा जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। इस पूर्णतः निःशुल्क ऑनलाइन रोजगार मेले में सेवायोजन पंजीयन नहीं रखने वाले अभ्यर्थी भी भाग ले सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# भूमि विवाद में एसडीएम ने यथा स्थिति बनाये रखने का दिया आदेश

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

## एसडीएम ने दोनों पक्षों को मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। इस संबंध में उन्होंने इंस्पेक्टर असंद्रा नीतीश श्रीवास्तव को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं

असंद्रा थाना क्षेत्र के पूरे मंशाराम दीवान मजरे गजपतिपुर गांव में आबादी की भूमि पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के मध्य चल रहे विवाद में बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट ने उभय पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। गांव निवासी बलराम तिवारी और चांद मोहम्मद उर्फ ननकऊ आदि के मध्य आबादी की भूमि के स्वामित्व को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है ।बलराम तिवारी जहां इसे बैनामे की भूमि बताकर अपना दावा कर रहे हैं वहीं दूसरा पक्ष दशकों से इसपर काबिज होने की बात कहकर इसे अपनी भूमि बता रहा है ।दोनों पक्षों के मध्य भूमि विवाद का यह मामला कई बार समाधान दिवस में भी पहुंचा परंतु इसका कोई समाधान नहीं हो पाया। बीते 22 जनवरी को बलराम तिवारी ने चांद मोहम्मद उर्फ ननकऊ आदि पर अपने बैनामे की जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य करवाने की शिकायत की थी ।पुलिस ने निर्माण कार्य रोकवाकर उभय पक्षों को थाना समाधान दिवस पर तलब किया था लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका ।इसी मामले को लेकर अगले शनिवार को फिर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे ।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुला लाई ।थाने पर आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार रामसनेहीघाट ने उभय पक्षों की बात सुनी और समाधान दिवस के उपरांत पुलिस बल के साथ वह मौके पर गए थे । तहसीलदार ने बीते सोमवार को दोनों पक्षों को तहसील तलब किया था ।दोनों पक्ष तहसील पहुंचे परंतु एसडीएम के किसी जरूरी मीटिंग में चले जाने के कारण उक्त समस्या का निस्तारण नहीं हो सका ।बृहस्पतिवार को दोबारा दोनों पक्ष तहसील पहुंचे । एसडीएम राम आसरे वर्मा और तहसीलदार राहुल सिंह ने उभय पक्षों से वार्ता की ।इसके बाद एसडीएम ने दोनों पक्षों को मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया ।इस संबंध में उन्होंने इंस्पेक्टर असंद्रा नीतीश श्रीवास्तव को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# एक्शन एड द्वारा नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मोमेंट के तहत दिया गया प्रशिक्षण : कमलेश कुमार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**




ब्लाक नगवा के आदिवासी गांव दरमा में एक्शन एड द्वारा नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मोमेंट के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एक्शन एड फेलो कमलेश कुमार ने सरकार की सरकारी योजनाओ जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पीडीएस, मनरेगा, वनाधिकार और श्रम विभाग में पंजीयन कराने से योजना जैसे मातृत्व शिशु एवम बालिका मदद योजना , मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, कन्या विवाह सहायता योजना , निर्माण कामगार मृत्यु योजना आदि 17 योजनाएं श्रम विभाग से संचालित है जिनके बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ महादुरो की सहायता हेतु मुफ्त मदद और सलाह के लिए इंडिया लेबर लाइन नंबर1800 833 9020 और इंडिया लेबर लाइन के नियमो और मजदूरों की मजदूरी आदि को बताया गया तथा संवैधानिक मूल्यों न्याय , समता, स्वतंत्रता , बंधुता इसके साथ मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य, साथ ही साथ जाति धर्म मजहब, लिग भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम मोहब्बत मेल जोल के साथ एक मजबूत संगठन बनाकर बुनायदी समस्याओं का समाधान किया जाए।जिसेसे शांति सद्भाव आपसी प्रेम मोहब्बत भाई चारा बना रहे।

# यातायात पुलिस के आधुनिकीकरण हेतु नये उपकरण खरीदे गए

**इटावा, समृद्धि न्यूज़**

जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ एवं सुव्यवस्थित करने व यातायात पुलिस के आधुनिकीकरण हेतु नये उपकरणों की खरीददारी की गई।यातायात निदेशालय लखनऊ के आदेशानुसार यातायात पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करते हुए जनपद की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरुक कर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से आधुनिक उपकरणों की खरीददारी की जा रही है। व्हील क्लाइम्ब नो-एंट्री जोन में वाहनों के चालान हेतु, सेफ्टी हेलमेट, कोन माउंटेड सोलर फ्लैसर वार्निंग लाइट, रेडबीन सेफ्टी टॉर्च यातायात व्यवस्था में संकेतक हेतु, रेडियम जैकेट रात्रि में यातायात कर्मियों की सुरक्षा हेतु, रेडियम बैल्ट रात्रि में यातायात कर्मियों की सुरक्षा हेतु, मैसेज प्लेट विद कोन यातायात जागरुकता संबंधी उपकरण, रेन कोट, सोलर डेलीनेटर चौराहो पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उपकरण खरीदे गए।

# अनुपस्थित मिले एआरटीओ सहित कई कर्मचारी, दी गई हिदायत

## औचक निरीक्षण पर बाराबंकी पहुंची आरटीओ ऋतु सिंह, सुनी शिकायतें, कराया निस्तारण कार्रवाई की गति पर जताया रोष

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व शासन के निर्देशों का असर अयोध्या मंडल और मंडल से संबंधित जिलों में साफ दिखने लगा है।गुरुवार को इन्हीं निर्देशों का सख्ती से अनुपालन कराने को लेकर परिवहन विभाग में अपने सख्त तेवर,अनुशासन प्रिय छवि व कर्तव्यनिष्ठा के लिए विख्यात आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती ऋतु सिंह ने बाराबंकी जिले का औचक निरीक्षण किया।सड़क सुरक्षा की बैठक पर चर्चा और राजस्व समीक्षा करने के लिए तकरीबन 10 बजकर 45 मिनट पर बाराबंकी कार्यालय पहुंची आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती सिंह को निरीक्षण के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिस पर उनके द्वारा रोष व्यक्त किया गया।इस दौरान कार्यालय में अपने वाहनो से संबंधित कार्यो से पहुंचे कई आवेदक आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती सिंह के सामने उपस्थित हुए जिनकी समस्याएं सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराया गया।इस मौके पर कई आवेदकों ने बताया कि वे अपने वाहनों से संबंधित कार्यो को लेकर विगत कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे लेकिन उनका कार्य नहीं हो रहा था।इन आवेदकों में विजय मिश्रा, संजीव कुमार व पटना से आए हुए अब्दुल असलम ने बताया कि वे विभिन्न कार्यो से आए हुए हैं।इस बीच एआरटीओ प्रशासन श्रीमती अंकिता शुक्ला व एआरटीओ प्रवर्तन सर्वेश गौतम करीब 11 बजकर 45 मिनट पर कार्यालय पहुंचे।इन दोनों ही अधिकारियों से विलंब से कार्यालय पहुंचने का कारण पूछे जाने पर ये दोनों ही अधिकारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती सिंह ने बताया की गत 15 फरवरी तक की समीक्षा में जनपद बाराबंकी की राजस्व प्राप्ति कदापि संतोषजनक नहीं है।उन्होंने बताया कि ओवरलोड तथा बकाया वाहनों पर कार्रवाई की गत एक फरवरी से 14 फरवरी तक की समीक्षा में पाया गया कि एआरटीओ बाराबंकी सर्वेश कुमार गौतम द्वारा मात्र पांच वाहनों का चालान किया गया तथा चार वाहन बंद किये गये है जबकि श्रीमती अंकिता शुक्ला द्वारा मात्र तीन वाहनों का चालान किया गया और दो वाहन बंद किए गए हैं।राजस्व तथा प्रवर्तन कार्रवाई के साथ साथ बकाया राजस्व वसूली का भी काफी निम्न स्तर होने पर आरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती सिंह द्वारा अत्यधिक असंतोष व्यक्त किया गया।आरटीओ प्रशासन/ प्रवर्तन श्रीमती सिंह द्वारा परिवहन मंत्री व मुख्यालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों के अनुपालन हेतु सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि प्रतिदिन 10 बजे कार्यालय के सभी काउंटरों पर कार्य शुरू हो जाना चाहिए।इसके साथ ही प्रवर्तन अधिकारियों को ओवरलोडिंग, एचएसआरपी, अनाधिकृत संचालन,सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन तथा अन्य प्रवर्तन संबंधी अभियोगो में प्रभावी चेकिंग तथा राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत प्राप्ति हेतु युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुण्यतिथि पर 19 को होगा कवि सम्मेलन

**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के बबुरिहा गांव निवासी समाजसेवी कामख्यादीन द्विवेदी की बारहवीं पुण्यतिथि पर आगामी 19 फरवरी को अखिल भारतीय संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। गांव के शिवपति कामाख्यादीन द्विवेदी इंटर कालेज में होने वाले इस संत सम्मेलन में देश के कई संत विद्वान शामिल होंगे। यह जानकारी आयोजक यदुनाथ द्विवेदी राष्ट्रप्रेमी ने दी है।

## बलिया गजपतिपुर में जवाबी कीर्तन कल

**सिद्धौर बाराबंकी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी को श्री जागेश्वर महादेव मंदिर बेलिया गजपतीपुर में शानदार जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया है । हर हर महादेव युवा जागरण मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुकेश मृदुल उरई जालौन और सुशील दिनकर प्रयागराज के मध्य जवाबी का शानदार मुकाबला होगा।

## निर्माणाधीन गौशालाओं का एडीओ पंचायत ने किया निरीक्षण

**कोटवाधाम, बाराबंकी।** सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार ने निर्माणाधीन गौशालाओं मेला रायगंज तथा रमसहांय का निरीक्षण किया एंव गौशाला में करवाये जा रहे निर्माण कार्य तेजी के साथ करवाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी ने गौशाला मेला रायगंज तथा रमसहांय में करवाये जा रहे गौशाला निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और मेला रायगंज में प्रधान प्रतिनिधि माजिद हासमी रमसहांय के प्रधान दयाशंकर को निर्देश दिए कि शीघ्रातिशीघ्र गौशालाओं का निर्माण गुणवत्ता युक्त करवाया जाय। इस मौके पर तकनीकी सहायक शिवनारायन मौर्या आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत बदोसरांय में आर आर सी सेंटर कचरा निस्तारण केन्द्र की भूमि का संदीप कुमार वर्मा लेखपाल से चिन्हांकन कराया इस मौके पर ग्राम प्रधान निसार मेंहदी आदि उपस्थित रहे।

## आधा दर्जन हैंडपंप खराब, ग्रामीणों को पेयजल के लिए उठानी पड़ रही कठिनाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय विकासखंड की कमेला ग्राम पंचायत में भले ही कागजों पर हैंडपंप रिबोर हो गए हो परंतु अभी भी आधा दर्जन हैडपंप खराब होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। यहीं नहीं ग्राम प्रधान द्वारा रिबोर के नाम पर लाखों रुपये निकालें जाने का आरोप है। सुबेहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमेला के पिचूरी गांव में करीब आधा दर्जन हैंडपंप खराब हो गए हैं । गांव के ओरीलाल व सूर्यलाल शर्मा,राजकरन रावत,अशोक रावत,रामकरन रावत ने बताया कि उनके घर के बाहर लगा हैडपंप करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। साहबदीन कोरी ने बताया कि उनके यहां लगा हैडपंप दूषित पानी दे रहा है।गांव के रामबरन यादव के यहां करीब दो वर्ष से हैडपंप खराब पड़ा है। इसकी शिकायत एसडीएम हैदरगढ़ से भी छह माह पहले की जा चुकी हैं। वहीं ग्राम पंचायत कमेला के दीपक तिवारी ने कई बार इसकी लिखित शिकायत ब्लाक के अधिकारियों से की लेकिन हैडपंप को मरम्मत करवाने का आश्वासन मिलता रहा। आज तक सभी हैडपंप जस के तस पड़े हैं। अशोक कुमार रावत ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमारी ग्राम सभा में अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम प्रधान ने अब तक सभी हैडपंपों को कागज पर रिबोर दिखाकर पैसा निकाल लिया है। पंचायत सचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि खराब हैडपंप की हमें कोई जानकारी नहीं थी। जो भी हैंडपंप खराब पड़े हैं। सभी की जांच कर मरम्मत का कार्य 2 दिन के अंदर कराया जाएगा।

## डम्फर की चपेट में आकर महिला की हुई दर्दनाक मौत, पति, बच्चे बाल बाल बचे

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़-बछरावां मार्ग पर गुरुवार की दोपहर एक डंफर की टक्कर से बाइक सवार महिला की जहाँ घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में उसका पति व बच्चे बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के ही दौलतपुर गांव निवासी राम अचल शुक्ला अपनी पत्नी 32 वर्षीय रेखा शुक्ला एवं बच्चों को लेकर बाइक से पहाड़पुर गांव स्थित रिश्तेदारी में आयोजित निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे।पोखरा चीनी मिल के समीप बछरावां की ओर से तेज गति से आ रहे मौरंग लदे डंफर ने बाइक में टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार महिला के सड़क पर गिरते ही डंफर के पहिये ने उसके शरीर को दो टुकडों में कर दिया।महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।दुर्घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले डंफर को कब्जे में ले लिया है। इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## प्रबन्धक के अनुरोध पर टला परीक्षा बहिष्कार का निर्णय

**अयोध्या।** जनवरी माह का वेतन न मिलने से आक्रोशित कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रबन्धक व प्राचार्य के अनुरोध पर छात्रहित में परीक्षा बहिष्कार का निर्णय रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया है।वेतन न मिलने पर उत्पन्न गतिरोध के मामले को लेकर रविवार को प्रबन्ध समिति की आकस्मिक बैठक आहूत की गई है।शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्पन्न गतिरोध पर यदि कोई सकारात्मक निर्णय लेकर वेतन भुगतान की कार्यवाही सोमवार से प्रारम्भ होने के संकेत नहीं मिलते हैं तो बाध्य होकर 20 फरवरी से परीक्षा बहिष्कार किया जाएगा।ज्ञांत हो कि आगामी 20 फरवरी से बैक पेपर की भी परीक्षायें प्रारम्भ हो रही हैं, इसलिए परीक्षा बहिष्कार की स्थिति में बड़ी संख्या में छात्र और छात्रायें प्रभावित होगें।इसके साथ ही यह भी ध्यातव्य है कि 117 शिक्षकों एवं 87 नाम कर्मचारियों का वेतन मात्र एक शिक्षक को एच.आर.ए. न देने के सम्बन्ध में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना के कारण रूक गया है।


**एजेण्डा**

ग्राम नियामतपुर की भूमि प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं सभी ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि भूमि प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक दिनांक 26/02/2023 को प्रातः 10:00 बजे प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर पर होनी निश्चित है। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्रीमती कल्पना सिंह करेगी। भूमि प्रबंधन समिति की बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी।

1. ग्राम नियामतपुर की गाटा सं0 197, 207, 253, 47, 165, 288, 294, 266, 20(क), 150, 172, 280, 240, 173(क), 359, 415(क) का आवासीय आवंटन करने पर विचार किया जायेगा।
2. अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से

**अध्यक्ष** **भूमि प्रबंधन समिति** **मंत्री** **भूमि प्रबंधन समिति**

**कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज, लोहियापुरम आवास विकास फर्रुखाबाद**

**आवश्यकता है।**

महाविद्यालय में स्नातकस्त स्तर पर कलासंकाय के हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, एवं समाजशास्त्र, विषयों व परास्नातक स्तर पर गृह विज्ञान स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान एवं परास्नातक स्तर पर जन्तु विज्ञान विषयों व एम0लिब0 बि0लिब0, बी0कॉम0, बी0एड पाठ्यक्रम हेतु सहायक आचार्यो /प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थी/ सेवानिवृत्त 65 वर्ष तक के अभ्यर्थी 10 दिवसों में आवेदन करें। वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बैंक माध्यम से देय होगा।

**सचिव**

# तेज रफ्तार ने छीन लीं पांच जिंदगियां, मचा कोहराम

- बोलेरो और स्कार्पियो के उड़े परखचे, शराब की मिलीं बोतलें
- खंती में पलटने के बाद पेड़ से टकरा गईं दोनो गाड़ियां

बांदा। समृद्धि न्यूज







मृतकों की फाइल फोटो

समृद्धि न्यूज

**सड़कों** पर बेतहाशा दौड़ रहे वाहनों की गति पर लगाम नहीं लग पा रही। आए दिन हादसे होने से सड़कें खून से लाल रहती हैं। इसी कड़ी में गुरुवार की भोर बारातियों से भरी तेज रफ्तार स्कार्पियो और बोलेरो ओवरटेक करने के चक्कर में आपस में भिड़ गईं। दोनो गाड़ियों के परखचे उड़ गए। हादसा इतना भीषण था कि पांच लोग अकाल मौत का शिकार हो गए।

पैलानी थाना क्षेत्र के निवाइच गांव निवासी शुभम सिंह की शादी थी। शुभम ने अपने पास पड़ोस के लोगों और दोस्तों को बारात में शामिल होने के लिए बुलाया था। रात को सारे कार्यक्रम निपटाने के बाद बोलेरो में सवार पांच और स्कार्पियो में सवार छह लोग वापस अपने गांव आ रहे थे। दोनो गाड़ियों के चालक एक दूसरे को पीछे करने के चक्कर में वाहनों को तेज गति से भगा रहे थे। तिंदवारी के मिरगहनी गांव के पास रास्ता संकरा होने की वजह से स्कार्पियो चालक गाड़ी को आगे निकालना चाहता था। इसी बीच बोलेरो चालक ने भी आगे बढ़ाने की कोशिश की। तेज रफ्तार दोनो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसा इतना भीषण हुआ कि दोनो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए खंती में पलट गईं। सभी बाराती अपने-अपने वाहनों के नीचे दब गए। किसी तरह सूचना पाकर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी को बाहर निकाला। लेकिन तब तक पांच लोगों की मौतें हो चुकी थीं। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने गाड़ियों से शराब की बोतलें बरामद कीं। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि सभी लोग बारात में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। दोनो वाहनों के चालक शराब के नशे में थे। दोनो वाहनों के चालक एक-दूसरे को ओवरटेक करने में लगे हुए थे। इसी के चलते यह हादसा हुआ।



पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को ढाढस बंधातीं डीएम, साथ में एसपी

### एक साथ हुई पांच मौतों से गांव में छाया मातम

बांदा। स्कार्पियो और बोलेरो दोनो आपस में टकराकर सड़क किनारे खंती में पलट गईं। इसमें सवार प्रभात पांडेय, उमेश सिंह, ग्राम प्रधान के पुत्र अभिनव, कुलदीप सिंह, अतुल सिंह की मौत हो गई। घरवालों ने बताया कि प्रभात पांडेय एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र था। वह कुछ दिन पहले ही परीक्षा देने के लिए मुंबई से गांव आया था। उमेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। अभिनव बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह दो भाइयों में छोटा था। वहीं कुलदीप सिंह किसानी करता था। उसकी शादी हो चुकी है। उसके एक बेटा है। अतुल सिंह भी अविवाहित था। वह तहसील में कंप्यूटर की दुकान किए हुए था। इसी से वह अपने परिवार का गुजर बसर करता था। एक साथ हुई मौतों से गांव में मातम छा गया। सूचना पाकर जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद और सपा नेता अशोक सिंह गौर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। मृतक परिजनों को ढाढस बंधाया।

### जिंदगी और मौत से जूझ रहा फौजी

बांदा। स्कार्पियो और बोलेरो की जबरदस्त भिड़ंत में स्कार्पियो सवार फौजी सुशील सिंह घायल हो गया। उसके पैरों और सीने में गंभीर चोटें थीं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर में वह जीवन और मौत से जूझ रहा है। बताया कि वह पूना में तैनात है। 26 नवंबर को उसकी शादी हुई है। शादी के बाद वह वापस अपनी तैनाती स्थल चला गया था। दोबारा शुभम की शादी में शामिल होने के लिए एक सप्ताह पहले छुट्टी लेकर गांव आ गया।

## गांजा तश्करी मामले में न्यायालय ने सुनाई सजा

**चित्रकूट।** गांजा तस्करी के मामले में दम्पति समेत चार लोगों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि 30 अगस्त 2022 को मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन मानिकपुर में सघन जांच कर रहे थे। इस दौरान तीन पुरूष और एक महिला जीआरपी टीम को देखकर भागने लगे। जिन्हें टीम ने दबोच लिया। पकड़े गए लोगों के बैग से बड़े पैमाने पर गांजा बरामद हुआ था। जिसमें हमीरपुर जिले के मौदहा थाने के नरायण गांव के निवासी महावीर वर्मा, मोनू कुमार व छत्तीसगढ़ रायपुर जिले के कूरा गांव के निवासी बलविन्दर सिंह औरउसकी पत्नी पिंकी कडरा के विरुद्ध मानिकपुर जीआरपी थाने में स्वापक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया।

# हर पांच साल में जरूर बदले एलपीजी सुरक्षा नली: कौशल कुमार

**इटावा** जनपद के ग्राम बरालोकपुर के अन्तर्गत मेसर्स घनश्याम दास गुप्ता इण्डेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी द्वारा सैनिक पब्लिक स्कूल में सुरक्षा से समृद्धि के तहत एलपीजी ग्राहक जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का स्वागत व उदघाटन प्रधानाचार्य श्री नेम सिंह यादव जी ने किया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन इटावा एलपीजी बिक्री क्षेत्र अधिकारी कौशल कुमार ने अपने सम्बोधन में एलपीजी की महत्वत्ता को बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर घर में भोजन बनाने में एलपीजी का प्रयोग हो रहा हैं,तो हम सभी को एलपीजी के सुरक्षित प्रयोग के विषय में भी जानकारी अवश्य होनी चाहिये,एवम हम सभी को ये ज्ञात होना चाहिये कि दुर्घटना आपातकालीन नम्बर 1906 है,अगर जरा सी भी गैस की महक या लीकेज प्रतीत हो तो तत्काल 1906 को डॉयल कीजिये, इसका रिस्पॉन्स तत्काल प्रभाव में होता है,इसी के तहत प्रत्येक पाँच वर्ष में एलपीजी हौज पाइप को भी बदलना अवश्य चाहिये,क्योंकि जितनी भी दुर्घटनाएं होती हैं उनमें प्राय: हौज पाइप का सही न होना पाया जाता हैं।साथ ही उन्होंने 10 किलो कंपोजिट सिलेण्डर के विषय में भी विस्तृत जानकारी साझा की,जो कि सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही कारगर है। इस अवसर पर एजेंसी संचालक नवनीत गुप्ता ने कहा कि अगर एलपीजी से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल आप हमारे एजेंसी पर सम्पर्क स्थापित कीजिये, हमारी प्राथमिकता आपकी एलपीजी के प्रति अच्छी सेवाएं उपलब्ध कराना है,एवं हम आप सभी से अपील करते हैं कि गैस का सुरक्षित उपयोग करें,समय पर सुरक्षा हौज बदलवाएं,सिलेण्डर की डिलीवरी लेते समय प्री डिलीवरी चैक अवश्य कराएं।विद्यालय में हुये इस कार्यक्रम के द्वारा लगभग 200 घरों में एलपीजी से सुरक्षित प्रयोग का सन्देश पहुँचेगा।




## असंगठित मजदूर मोर्चा ने मुक्त कराए बाल मजदूर

**चित्रकूट।** कारखाना में बाल मजदूरी कराने वाले मजदूरों को असंगठित मजदूर मोर्चा ने मुक्त कराया है। जिले के बालापुर माफी निवासी राजकुमार पुत्र मंगल रैदास ने बताया कि बांदा जिले के कमासिन थाना क्षेत्र के कल्ला निवासी ठेकेदार धर्मा ने चित्रकूट जिले के बालापुर माफी गांव के मजदूरों को राजस्थान के भीड़वाला शहर में एक कारखाना में जबरन काम कराया जाता रहा। जिसको लेकर उसने अंसगठित मजदूर मोर्चा व एक्शन एंड संस्था के पदधिकारियों से संपर्क किया। जिस पर असंगठित मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार व एक्शन एड उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर खादिल चौधरी को जानकारी दी। जिन्होंने भीड़वाला शहर के अधिकारियों से संपर्क कर मजूदरों को छुड़ाने का कार्य किया। गुरुवार को सभी मजदूर अपने गांव पहुंचे।

# पूर्व प्राचार्य डा. एसकेएस यादव को दी गई विदाई

**भोगांव।** नेशनल महाविधालय के प्राचार्य डा. एस के एस यादव को बिधालय प्रवन्ध तंत्र एंव शिक्षिको ने फूलमालाओ से लादकर भावभीनी विदाई दी तथा नवनियुक्त प्राचार्य डा. अनिलेश पाल का स्वागत भी किया गया। ज्ञातव्य हो कि बिधालय कें प्राचार्य डा. एस के एस यादव ने निजी कारणो से अपने पद से प्रबन्ध तंत्र को इस्तीफा सौपा था जिस कारण बिधालय के प्राचार्य पद खाली हो गया था बिधालय के प्रबन्ध तंत्र के प्रबन्धक नकुल सक्सेना ने बिधालय के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डा. अनलेश पाल को प्राचार्य पद की जिम्मेदारी सौपी है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम मे डा. एस के एस यादव को बिधालय के पूर्व प्राचार्य डा. अजव सिंह यादव, डा. आशारानी वर्मा, डा. राजेश गुप्ता, डा. फ्तेह सिंह, डा. एस के निमेष, डा. आनन्द मोहन यादव, डा. राजकुमार सिंह, डा. कौशलेन्द्र दीक्षित, डा. आशुतोष मिश्रा, डा. आदित्य गुप्ता, डा. राजेश चौहान, डा. पथिक ने फूलमालाओ से लादकर भावभीनी विदाई दी तथा डा. अनिलेश पाल को फूलमालाओ से लादकर तथा बुके भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर डा. एस के एस यादव ने कहा कि बिधालय के प्रबन्ध तंत्र एंव शिक्षको का विधालय के विकास के लिये जो योगदान दिया है उसे कभी भी भुलाया नही जा सकता है लेकिन उनकी व्यक्तिगत कारणो से बिधालय से त्यागपत्र देना पडा। उन्होने कहा कि महाविधालय परिवार द्वारा इतने कम समय मे दिये गये प्रेम को बह कभी नही भूलेगे। प्राचार्य डा. अनिलेश पाल ने बिधालय के उन्नयन, विकास के लिये हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डा. के के सिंह, डा. वन्दना सक्सेंना, विनय यादव, विशाल यादव, पंकज दीक्षित, अवधेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## शोकसभा में पूर्व ब्लाक प्रमुख को दी गई श्रद्धांजलि



बांदा। समृद्धि न्यूज

**गुरुवार** को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव और पूर्व ब्लाक प्रमुख महुआ स्व. मनोज वर्मा के निधन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजयकरण यादव ने स्व. मनोज वर्मा के बारे में बताया कि उनके पार्टी को दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सदैव पार्टी के प्रति ईमानदारी से तन-मन-धन से साथ देकर संघर्षों, आंदोलनों व पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित थे। उनका निधन अपूर्णनीय क्षति हुई है। शोकसभा व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदीप यादव, अशोक श्रीवास, रामपाल प्रजापति, उर्मिला वर्मा, अनुराधा जड़िया, नीलम गुप्ता, शिवकरण पाल, शगुफ्ता सिद्दीकी, मुशीर भाई, आरिफ रानू, दिनेश यादव, रिजया अली, द्वारिका यादव, वीरेंद्र गुप्ता, गौरीशंकर प्रजापति, आशीष श्रीवास्तव, जनमेजय सिंह, अवध बिहारी यादव, सुशील यादव, विष्णु यादव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केन्द्र शासित घोषित हो चित्रकूट का 84 कोस परिक्षेत्र

- धार्मिक स्थलों के सर्वांगीण विकास को एकजुट हुए महंत

चित्रकूट। समृद्धि न्यूज



**आदिकाल** से चित्रकूट ऋषियो की तपोस्थली रही है। 84 कोस परिक्षेत्र शक्ति स्थल है। यहां घनघोर जंगलों में गुफाएं, कंदराएं विद्यमान हैं। जहां ऋषि मुनि आज भी तपस्यारत हैं। साथ ही प्रकृति के नैसर्गिक सौन्दर्य के बीच नदियां, झरने है। इसी 84 कोस के विकास के लिए चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के साधु, संत, महंतो ने पत्रकारों से वार्ता कर अवगत कराया कि 84 कोस परिक्रमा का एक सर्किट बनाते हुए केन्द्र शासित क्षेत्र घोषित कराने की मांग शासन-प्रशासन से की जाएगी। जिससे उप्र-मप्र चित्रकूट क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के महंतों में दिव्यजीवन दास दिगम्बर अखाड़ा, सत्य प्रकाश महाराज यज्ञवेदी, शिवराम दास निर्मोही अखाड़ा, रामजी दास संतोषी अखाड़ा, अनूप दास खाकी अखाड़ा सीतापुर, आदित्य दास महानिर्वाणी अखाड़ा, दीनदयाल दास राघव प्रयाग चित्रकूट सहित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आनंद प्रताप सिंह, पत्रकार सामाजिक चिंतक संदीप रिछारिया के अलावा उप्र, मप्र क्षेत्र के दर्जनों पत्रकारों के समक्ष महंतो ने अपने विचार रखते हुए कहा कि चित्रकूटधाम के 84 कोस परिक्षेत्र को केन्द्र सरकार अपने अधीन लेकर केन्द्र शासित क्षेत्र घोषित करें। चित्रकूटधाम नगर पालिका क्षेत्र में पूर्णरूप से शराब, मुर्गा, बकरा, अंडा, पान मसाल, सिगरेट आदि बंदी की जाए। जिससे यहां आने वाले यात्रियों की भावनाएं दूषित न हों। धार्मिक आधार पर श्रीकामदगिरि परिक्रमा को नंगे पैर लगाया जाता है वहीं कुछ बाहर के लोग जूते चप्पल पहनकर परिक्रमा लगा रहे हैं। इस पर भी रोक लगे। संतो-महंतो ने बताया कि चित्रकूटधाम में चार परिक्रमा का महत्व है। जिसमें ब्रह्मपुरी की परिक्रमा, कामदगिरि की परिक्रमा, पंचकोसीय परिक्रमा, 84 कोस परिक्रमा के महत्व को आम लोगों तक पहुंचाया जाए। मंदाकिनी, पयस्वनी, सरयू नदी के मिलन स्थल राघव प्रयाग घाट को सुंदरतम सर्वांगीण विकसित कराया जाए। चित्रकूट नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सभी चौराहो व तिराहों का नाम यहां मौजूद धर्मस्थलों के नाम से हों। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जैसे बेड़ीपुलिया चौराहा का नाम सूर्यकुंड, शिवरामपुर चौराहे का नामम लैना हनुमान जी, भरतकूप चौराहे का नाम भरत, खोह तिराहे का नाम देवांगना आदि किया जाए। स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्लास्टिक, पालीथीन प्रतिबंधित है, लेकिन चित्रकूट में खुलेआम विक्रय हो रही है जो जल प्रदूषण का मुख्य कारक भी है। इस पर कड़ाई से रोक लगे।

# पुलिस लाइन में हुआ व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी का आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज

**वरिष्ठ पुलिस** अधीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के व्यापारी बंधुओं एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी आयोजित की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला सुरक्षा प्राथमिकता पर है एंटी रोमियो अभियान चलाया जाएगा महिला छेड़खानी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर के भीड़भाड़ वाले स्थानों और बाजारों में जहा महिलाओं का आगमन अधिक है उन स्थानों पर चारो ओर घूमने वाले कैमरे लगाये जायेंगे। रात्रि गश्त को बढ़ाया जाएगा। चोरी की घटना को जल्द वर्कआउट किया जाएगा सभी लोग मोटर साइकिल पर हेलमेट का प्रयोग करें और तीन सवारी के साथ मोटर साइकिल न चलायें ऐसे वाहनों का चालान किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन ने कहा विगत दिनों अशोक नगर में मोहन गुप्ता के यहां तेरह लाख रुपये की चोरी जिसमें लाखों रुपया एवं सोने के जेवरात चोर चुरा ले गए एवं मामा मील स्थित दीपक जैन के प्रतिष्ठान से आठ लाख की चोरी की घटनाओं का अति शीघ्र खुलासा किया जाए। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा महा शिवरात्रि एवं होली के त्यौहार को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाने की मांग की। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक को जिले के कुछ अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिए शहर में नाबालिग लड़कों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक ऑटो चलाई जाने से कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिसका भी संज्ञान लेना चाहिये। बैठक में बैठक में एसपी सिटी कपिल देव एसडीएम सदर सी ओ सिटी अमित कुमार, ईओ नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी सहित विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सहित जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, युवा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, जिला सचिव संजीव राजपूत, बसरेहर अध्यक्ष सोनू मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष मीना सिंह राजपूत, महिला जिलाउपाध्यक्ष अंजना दोहरे, नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल नई मंडी अध्यक्ष सत्येंद्र कुशवाहा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा लाइनपार अध्यक्ष पंकज कुशवाहा नई मंडी अध्यक्ष सतेन्द्र कुशवाह जिला सचिव संतोष वर्मा दीपक जैन मोहन गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



## मार्ग दुर्घटनाओं में युवक की मौत, तीन घायल

**इटावा।** दावत खाकर घर वापस लौट रहे मैनपुरी जनपद के बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मैनपुरी जनपद के घिरोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोसमां निवासी अनुराग 25 वर्ष पुत्र अखिलेश व चंद्रगुप्त 40 वर्ष पुत्र शिवनारायण एक ही बाइक पर सवार होकर यहां एक मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वे दावत खाकर वापस हाईवे होकर लौट रहे थे तभी कुरसेना के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि अनुराग का पैर फैक्चर हुआ है जबकि चंद्रगुप्त के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जसवंतनगर हाईवे पर हुए दूसरे हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। रात 8 बजे करीब नगर के अहीर टोला मोहल्ला निवासी सुभाष चंद्र उर्फ पप्पू दूधवाले का 25 वर्षीय बेटा शिवम यादव और जैन मोहल्ला निवासी संजय गुप्ता का 19 वर्षीय पुत्र हर्षित गुप्ता दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर इटावा से घर वापस लौट रहे थे।

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**बांदा।** घर के दरवाजे पर शराब के नशे में बैठे युवक को मना करना महंगा पड़ गया। दो लोगों ने युवक पर लाठी से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। गिरवां थाना क्षेत्र के गढ़ी चांदपुर गांव निवासी विजय (25) पुत्र राममनोहर बुधवार की शाम अपने घर में था। पड़ोस के ही दो युवक उसके घर के दरवाजे पर शराब पी रहे थे। इसी बीच कमरे से बाहर निकले विजय ने उन्हें मना किया। दोनो लोग विजय को गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनो नशेड़ियों ने विजय पर लाठी से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### मेड के विवाद को लेकर युवक को पीटा

**भोगांव।** मेड के विवाद को लेकर दवंगो ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। बताते है कि नगर के मोहल्ला जगत नगर निवासी अप्रेस कुमार पुत्र रामचरन बुधवार को प्रात 7 बजे जब वह अपने ग्राम नगला पाठ स्थित खेत पर गया, तो देखा कि गांव के ही युवक ने उसके खेत की मेड़ पर कांटे लगा दिए है जब उसने कांटे लगाने का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये मारपीट की। किसी तरह उसने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जीवनलीला की समाप्त

**भोगांव।** अज्ञात कारणो से प्रौढ ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली जिससे परिजनो मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। बताते है कि थाना क्षेत्र के ग्राम भवानी नगर दानचौरा निवासी 42 वर्षीय नंदकिशोर पुत्र बैजनाथ ने मंगलवार की शाम काली नदी के किनारे जाकर पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है, देर सायं तक जब वह घर वापस नहीं आया तो परिवारीजनों ने उसकी खोजबीन की। उसका शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया है।

### पुरानी रंजिश में महिला को पीटा

**भोगांव।** पुरानी रंजिश को लेकर दवंगो ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। बताते है कि थाना क्षेत्र के ग्राम नूरमपुर निवासी रक्षा यादव पत्नी अरूण कुमार बुधवार को प्रात 11 बजे वह अपने घर पर थी तभी गांव का ही युवक वहां आया और उसके दरवाजे पर बैठकर शराब पीने लगा। जब वृद्ध ससुर ने शराब पीने से मना किया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए ससुर के साथ हाथापाई करने लगा। सास-ससुर ने घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया तो आरोपी ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुसकर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाना ले आई है।

### हादसों में आधा दर्जन घायल

**चित्रकूट।** अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बताया गया कि सरैया कस्बा निवासी सुनीता पत्नी राकेश, मऊ थाना क्षेत्र के मोहिनी गांव के बच्चू पुत्र रामआसरे, शानू पुत्र हरिओम, भरतकूप थाना क्षेत्र के रसिन गांव के रवि पुत्र धर्मपाल, शिवमोहन पुत्र प्रहलाद, कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कुलीतलैया के अजय पुत्र लखनलाल, सेमरिया जगन्नाथवासी के पुरुषोत्तम पुत्र बुद्धूलाल, छपरामाफी गांव निवासी बलबीर पुत्र रामकृपाल घायल हुए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सा दी गई है।

### बस की टक्कर से युवक की मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के खोह गांव निवासी उमाशंकर पांडेय पुत्र रामकेश पांडेय बीती देर शाम बस स्टैन्ड पर सड़क पार कर रहा था। तभी बस ने ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह घर से निकल गए थे। शाम तक घर न आने पर खोजबीन शुरू किया। गुरुवार को पता चला कि मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र हैं। परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम है। घटना से मातम छा गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

### दो मार्च को होगा प्रधान, सदस्य के रिक्त पदों पर चुनाव

**चित्रकूट।** राज्य निर्वाचन आयोग के ग्राम पंचायतों के प्रधान व सदस्य के उप निर्वाचन की निर्गत अधिसूचना के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने रिक्त पदों जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो पर उप निर्वाचन विनिर्दिष्ट समय सारणी के अनुसार कराए जाने हैं। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र को जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक, पत्रों की संवीक्षा 21 फरवरी कार्य समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने की तारीख 22 फरवरी व इसी दिन प्रतीक आवंटन, मतदान 2 मार्च को प्रातः सात बजे से अपराह्न 5 बजे तक, मतगणना 4 मार्च को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगा। उन्होंने बताया कि रिक्त ग्राम पंचायत प्रधान व सदस्य में सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत मछरिहा में प्रधान पद अनारक्षित, ब्लाक मऊ की ग्राम पंचायत गाहुर वार्ड संख्या चार में सदस्य पद अनारक्षित श्रेणी है। बताया कि समय सारणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे।

### घर में घुसे युवक ने छात्रा से किया दुष्कर्म

**बांदा।** सूने घर में घुसे युवक ने छात्रा को दबोच लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। शोरशराबा सुनकर मौके पर पहुंची चाची को देख आरोपी युवक भाग निकला। खेत से घर लौटे माता-पिता को छात्रा ने आपबीती बताई। पिता बेटी को लेकर थाने पहुंचा और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। छात्रा का महिला अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया गया। कमासिन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा हाईस्कूल में पढ़ती है। मंगलवार की दोपहर उसके माता-पिता खेत चले गए थे। घर में कोई नहीं था। सूना मौका देख पड़ोसी युवक संतोष दीवार फांदकर घुस गया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

- हाईस्कूल की परीक्षा में 3060 और इंटरमीडिएट में 2910 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा
- डीएम ने कई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, केन्द्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों को किया चेक
- चार स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट समेत एक शिक्षक अनुपस्थित रहे, मांगा स्पष्टीकरण

**कन्नौज/गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**शासन** की मंशा अनुसार जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2022-23 के प्रथम दिन नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई गई। वही कड़ी सुरक्षा देख कई परीक्षार्थियों ने प्रथम दिन ही परीक्षा छोड़ दी। नगर व क्षेत्र में सचल दल सहित अन्य अधिकारियों की गाड़ियां फर्राटा भरती रहीं। परीक्षा के प्रथम दिवस हाईस्कूल में पंजीकृत 28816 परीक्षार्थियों में 25756 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3060 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में इंटर मीडिएट की परीक्षा में पंजीकृत 24178 परीक्षार्थियों में 21268 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 2910 परीक्षार्थी रणछोड़दास रहे।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने शहर के परीक्षा केन्द्र एस. बी. एस. इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, के.के. इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को तनावमुक्त होकर अपनी पूर्व की तैयारी के अनुसार परीक्षा देने के लिये प्रेरित भी किया। उन्होने परीक्षा केन्द्र भ्रमण कर स्टैटिक तथा सेक्टर मजिस्टेऊट की उपस्थित का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा की समुचित एवं पारदर्शिता बनाये रखने के दृष्टिगत स्कूल के प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा कक्षों तथा प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं के डबल लॉक को देखा। उन्होने सम्बन्धित प्रधानाचार्यो को निर्देश दिए कि परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराना है। इसको देखते हुये सीसीटीवी कैमरे पूर्णतया संचालित रहें। किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि सीसीटीवी कैमरे हमेशा अपडेट रहे तथा परीक्षा के दौरान मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध रहेगा। साथ ही परीक्षा केन्द्रों में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। यदि इसमे किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही कहा कि जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेट किया जायेगा। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो कें आसपास स्थित कम्प्यूटर, फोटो कापी की दुकाने भी बन्द रखी जाएं। इसका पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। कन्ट्रोल रूम सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल की प्रथम पाली में 28816 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 25756 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 3060 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटर मीडिएट की परीक्षा में 24178 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 21268 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई जबकि 2910 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा नही दी गई। उन्होने बताया कि स्वामी भजनानन्द इ.का.में स्टेऊटिक मजिस्टेऊट शिवराज सिंह,स्वामी वेधडक हाई सेकेंड्री नदसिया में विनोद कुमार,पं.कन्हैयालाल अग्निहोत्री आदर्श इ.का.चियासर में ब्रजमोहन व भारती शिक्षा सदन इ.का.सिकन्दरपुर में मनोज कुमार अनुपस्थित पाये गये। जिसके चलते चारो स्टेऊटिक मजिस्टेऊट से स्पष्टीकरण मांगा गया। वही कन्ट्रोल रूम प्रभारी अविनाश कुमार गौतम ने नगर के गोमती देवी गर्ल्स इ.कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षक धीरेन्द्र द्वितीय पाली में अनुपस्थित पाये गये। जिसकी जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह को दी गई। बीएसए ने उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये अध्यापक को निलम्बित करते हुये कम्पोजिट विद्यालय भिदासीन विकास खण्ड कन्नौज में सम्बद्ध किया। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड उमर्दा को जांच अधिकारी नियुक्त कर 15 दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। वहीं गुरसहायगंज संवाददाता के अनुसार परीक्षा के प्रथम दिन सुबह पाली के पेपर देने के लिए नगर के एबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, एचएम इंटर कॉलेज, तेराजाकेट स्थित एसईएन इंटर कॉलेज, सराय प्रयाग स्थित ब्रजमोहन विमला देवी इंटर कॉलेज, जलालाबाद स्थित बीड़ी तिवारी इंटर कॉलेज, सियरमऊ स्थित पंचम लाल इंटर कॉलेज, डिगसरा स्थित मां शीतला देवी इंटर कॉलेज, मतौली स्थित भारतीय इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में वॉइस रिकॉर्डर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की नकल विहीन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। वही विद्यालयों के गेट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।







## तीन परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 176 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।** यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन प्रथम पाली में सुबह 8 से 11.15 बजे तक 10 वी का हिंदी व वहीं द्वितीय पाली में शाम 2 से 5.15 बजे तक 12वीं की परीक्षा हिंदी,सामान्य हिंदी की संपन्न हुई। कस्वा में जीटी पर स्थित वीडीटी इंटर कॉलेज में प्रथम पाली 10 वी में पंजीकृत 336 में 280 परीक्षार्थी व द्वितीय पाली 12वी में पंजीकृत 305 में 250 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे। जेल रोड स्थित माँ शीतला देवी इंटर कॉलेज डिगसरा में प्रथम पाली 10 वी में पंजीकृत 369 में 341 परीक्षार्थी व द्वितीय पाली 12 वी में पंजीकृत 272 में 261 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। एवं पंचमलाल इंटर कॉलेज सियरमऊ में प्रथम पाली 10 वी में पंजीकृत 318 में 301 परीक्षार्थी व द्वितीय पाली 12 वी में पंजीकृत 105 में 96 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। तीन केंद्रों पर प्रथम पाली में 1023 में 101 परीक्षार्थियों ने व द्वितीय पाली में 682 में 75 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। केंद्रों के बाहर खड़े होकर स्कूल के बाहर लगाए गए कक्षावार रोल नंबर चार्ट में बच्चे अपना कक्ष देखते रहे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश द्वार पर संघन चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों का प्रशासन ने भ्रमण कर निरीक्षण किया। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। काफी संख्या में अभिभावक भी अपने बच्चों को परीक्षा दिलाने के लिए पहुंचे थे।



## खबरें चलते-चलते

### वाइक चोरी,पीडित ने पुलिस को दी तहरीर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** रेलवे क्रासिंग के निकट खडी मोटरसाइकिल को चोर लेकर फरार हो गए। पीडित वाहन स्वामी ने काफी खोजबीन के पश्चात पुलिस को तहरीर देते हुये विधिक कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई। मानीमऊ रेलवे क्रासिंग के निकट बसपा नेता ब्रजकिशोर उर्फटाटा की बाइक खडी थी। जिसे चोर चोरी कर चंपत हो गये। वाहन स्वामी ने काफी खोजबीन की किन्तु पता नही लग सका। अंत में पुलिस चौकी प्रभारी अमित पोरवाल को अज्ञात चोरों के खिलाफतहरीर दी। गौरतलब है कि रेलवे क्रासिंग पर लगा अगर सीसीटीवी कैमरा सही होता तो चोरो तक पुलिस आसानी से पहुंच सकती थी। किन्तु एक सप्ताह से तार टूटे पडे है। जिन्हे अभी तक सही नही कराया गया है। जबकि एस.पी. कुंवर अनुपम सिंह द्वारा अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये कैमरा लगवाया गया था। ओवर लोड ट्रक आलू लादकर निकला जिसके चलते सीसीटीवी कैमरे के तार टूट गये। इससे पूर्व में भी अन्य घटनाएं रेलवे क्रासिंग पर घटित हो चुकी है।

### तमंचा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर सूचना पर एक व्यक्ति को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफपुलिस ने विधिक कार्यवाही की है। जलालपुर पनवारा पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष चन्द्र दलबल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सारोतोप मोड के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खडा है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त स्थान पर छापामारी करते हुये सारोंतोप निवासी हसरत अली को अपनी हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उक्त शख्स के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। चौकी पुलिस ने आरोपी को कोतवाली लाकर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की है।

### विहिप ने उठाई अतिक्रमण हटाने की मांग

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** विद्यालय गेट के निकट बनी दुकानों के बाहर तखत डालकर एवं बाइकों को आड़ा तिरछा खड़ा करके अतिक्रमण करने के कारण छात्राओं को विद्यालय में जाने के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष ने विद्यालय गेट के पास से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। गुरुवार को नगर के तिर्वा रोड निवासी विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बृजेश गुप्ता उर्फरामू ने जानकारी देते हुए बताया कि तिर्वा रोड स्थित सरोजनी देवी आदर्श बालिका इंटर कॉलेज गेट के पास दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर तखत डालकर एवं मोटरसाइकिल व अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण जमाए हुए हैं। जिसके कारण छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए विद्यालय पहुंचने में छात्राओं को असुविधा से बचाने के लिए पालिका प्रशासन से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। इस दौरान अवधेश गुप्ता, संजीव गुप्ता उर्फटीटू, आरव गुप्ता, शुभम दुबे आदि मौजूद रहे।

### जमीन बेच कर पैसे देने का दबाव बनाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** दबंग युवक ने महिला एवं उसकी पुत्रीयों को परेशान करते हुए जगह बेचकर रुपए देने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी गुड्डी देवी पत्नी स्वर्गीय लाल सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मोहल्ले का ही बंटी पुत्र राजू उससे व उसकी पुत्रियों को आए दिन परेशान करता है तथा उस पर जगह बेंच कर रुपए देने का दबाव बना रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### रंजिश के चलते युवक को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अनीभोज निवासी ओमप्रकाश पुत्र महेश चंद्र यादव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की शाम वह घर की ओर जा रहा था। जैसे ही अनवर टायर वाले की दुकान के निकट पहुंचा तभी जयपाल, अनिल निवासीगण ग्राम सरहरिया थाना ठठिया ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उससे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सरस्वती शिशु मंदिर कानून गोयान का वार्षिक उत्सव आज

**कन्नौज।** सरस्वती शिशु मंदिर कानून गोयान का वार्षिक उत्सव रामलीला मैदान ग्वाल मैदान में आज 17 फरवरी 3 बजे से प्रारम्भ होगा।

# पंचतत्व में विलीन हुए एमएलसी बनवारी लाल दोहरे

- महादेवी गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ हुआ अन्तिम संस्कार
- महादेवी गंगा घाट पहुंचे राज्यमंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत डीएम और एसपी ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**





**उ.प्र.विधान** परिषद के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बनवारी लाल दोहरे का बुधवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया था। शांम को राजनेता का पार्थिव शरीर घर आते ही हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पार्टी के नेताओं सहित आम जनमानस की भीड उनके पैत्रक आवास ग्राम डहलेपुर में एकत्र हो गई। गुरूवार को उनके पार्थिव शरीर को पैत्रक आवास से राजकीय वाहन द्वारा अंतिम संस्कार के लिये महादेवी गंगा घाट लाया गया। जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान महादेवी गंगा घाट पहुंचे राज्यमन्त्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत डीएम और एसपी ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

गौरतलब है कि बनवारी लाल दोहरे सदर विधान सभा से तीन बार विधायक रहते हुये प्रतिनिधित्व कर चुके है। मृदुभाषी और सरल स्वभाव के चलते जनता में काफी लोकप्रियता थी। जैसे ही नगर सहित जनपद में मृत्यु का समाचार प्राप्त होने से उनके प्रशंसकों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड गई। श्री दोहरे के निधन से कई लोग उनके व्यवहार को याद करते हुये भावुक हो गए। उ.प्र.विधान परिषद के सदस्य बनवारी लाल दोहरे के निधन की खबर मिलते ही प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संदेश भेजा, जिसमें कहा कि श्री दोहरे का निधन अत्यन्त दुःखद है। उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ है। श्री दोहरे की अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। महादेवी गंगा घाट जाने वाले मार्ग पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। मार्ग पर कई जगह बैरिकेंटिंग कर वाहनों को पार्किंग में खडा कराया गया। राज्य मन्त्री असीम अरूण, सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित भाजपा के तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने महादेवी गंगा घाट पहुंचकर उन्हें श्रंद्धाजलि दी। श्री दोहरे के पुत्र ने मुखाग्नि दी। श्री दोहरे के निधन से जिले में शोक की लहर है।



## जिले में 1936 क्षय रोगियों का चल रहा है इलाज: निर्मल सिंह

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**देश को** वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निक्षय दिवस मनाया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान ,गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ योजनाओं का लाभ दिलाना है।

डीटीओ ने बताया कि जनपद में निक्षय दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर ने ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के 10 प्रतिशत लोगों की टीबी की जांच की गई। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में निक्षय दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम में 13 क्षय रोगियों को गोद लिया गया व इस अवसर पर उन्हें पोषण पोटली भी वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष व नोडल ऑफीसर राष्ट्रीय से उन्मूलन कार्यक्रम डॉ आदेश ने कहा क्षय रोगियों को इलाज के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग की भी आवश्यकता होती है जिसके लिए निक्षय मित्र बन हम सब सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित निक्षय मित्र के रूप में डॉ. आदित्य गौतम, डॉ. प्रशांत यादव, डॉ. रुचिरा राय ,डॉ. राजकुमार, डॉ. सुमित आर्य, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. धीरज चौरसिया, डॉ. असद अहमद ,डॉ. गौरी गुप्ता, डॉ. अब्दुल करीम डॉ. रोहित कुमार डॉ. खुशबू कुमारी का आभार व्यक्त किया और आगे भी उनसे सहयोग की कामना की। इस अवसर पर एनटीईपी के डॉ. पीके शुक्ला, टीम लीडर उदयवीर सिंह, जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह, एसटीएस कुंवर सिंह, एसटीएलएस राघवेंद्र प्रताप सिंह, डीआरटीबी परामर्शदाता अर्चना चौहान, टीबी एचवी सत्येंद्र कुमार यादव, लैव टेक्नीशियन गिरिराज गुप्ता , संजीव यादव व तनवीर हसन आदि लोग उपस्थित रहे। पीपीएम समन्वयक निर्मल ने बताया कि सरसई नावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी निक्षय दिवस के अवसर पर 5 क्षय रोगियों को गोद लिया गया और पोषण पोटली वितरित की गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में 1936 क्षय रोगियों का इलाज चल रहा है और पिछले निक्षय दिवस पर 15 क्षय रोगियों को खोजा गया था।

## सीसीटीएनएस रैंकिग में जनपद को उत्तर प्रदेश में मिली पांचवीं रैंक

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में कन्नौज जिले को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में माह जनवरी में जनपद को 05 वीं रैंक प्राप्त हुई है । इससे पूर्व माह दिसम्बर मे 11 वीं रैंक प्राप्त हुई थी। माह अगस्त से नवम्बर तक लगातार 04 महीने से जनपद कन्नौज सीसीटीएनएस की रैंकिग में उ0प्र0 टॉप में 10 मे रैंक प्राप्त करता रहा है। तकनीकी सेवाऐं मुख्यालय लखनऊ द्वारा वर्ष 2022 माह जून से पूरे प्रदेश के जिलों की सीसीटीएनएस के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा कर रैंकिग की जाती है, जिसमें 28 बिन्दुओं जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी, सम्पत्ति जब्ती, आरोप पत्र, आनलाईन शिकायतें, आनलाईन चरित्र आदि कार्यो की समीक्षा कर रैंकिंग की जाती है। इन सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही के अनुरूप तकनीकी सेवा मुख्यालय द्वारा अंक प्रदान किए जाते हैं।

तकनीकी सेवाएं मुख्यालय द्वारा दिनांक 16.02.2023 को माह जनवरी में किये गये सीसीटीएनएस के कार्यो के आधार पर पूरे प्रदेश की सीसीटीएनएस की रैंकिग जारी की गयी जिसमें इस बार की रैंकिंग में जनपद कन्नौज को 100 में से 94.21 अंक प्राप्त हुए उ0प्र0 में 05वीं रैंक प्राप्त हुई है । पुलिस अधीक्षक श्री कुँवर अनुपम सिंह द्वारा जनपद के थानों पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए व सीसीटीएनएस पर कार्य करने वाले आरक्षियों के कार्यो की सराहना की गयी तथा जनपद के सीसीटीएनएस नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविंद कुमार व सीसीटीएनएस प्रभारी श्री सुशील कुमार प्रजापति (कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए) को बधाई देते हुये भविष्य में भी इसी तरह बेहतर कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

## मारपीट में महिला घायल,मुकदमा दर्ज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर महिला को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीडिता ने सदर कोतवाली में हमलावरो के विरूद्ध तहरीर देते हुये कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पडताल शुरू कर दी है।

सरायमीरा क्षेत्र के मोहल्ला ठेकेदार गली निवासनी उर्मिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिवस शांम को वह अपने घर पर थी, इसी बीच बोर्डिग ग्राउंड निवासी शिवम ठाकुर व राजू अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में घुस आये और रंजिश को लेकर गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध जताने पर उक्त लोगों ने उसे मारापीटा, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। मामले को लेकर पीड़िता ने उक्त दोनो के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पडताल शुरू कर दी है।

# शौच करने गये युवक के हाथ में लगी गोली, सीएचसी में भर्ती

- पुरानी रंजिश के चलते गांव के पांच लोगों पर लगाया गोली मारने का आरोप
- पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध


अस्पताल में भर्ती घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शौच करने गए युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में हाथ गोली लग गयी। सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर बांगर निवासी देवेंद्र उर्फ बबलू पुत्र गंगाराम निवासी हमीरपुर बांगर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह गुरुवार शाम लगभग 8.15 बजे अपने खेतों की तरफगांव सिरमौरा के सामने शौच करने गया था, तभी उसके पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रामवीर पुत्र सूबेदार तथा हरिशंकर पुत्र परशुराम पर तथा 5 अज्ञात लोग पर गोली मारने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लाई। जहां काफी देर तक कोई डॉक्टर ना मिलने पर पुलिस एक फार्मासिस्ट को लेकर आई। जिसने उपचार शुरु किया। फिलहाल घायल की हालत गम्भीर बनी हुई है।

## मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर निवासी मोनिका, कम्पिल क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी सुनील, जनपद कुरुक्षेत्र के थाना थानेशवर निवासी पन्नालाल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# बुखार से किशोरी की हालत बिगड़ी, मौत


मृतक किशोरी का फाइल फोटो

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बुखार से पीड़ित किशोरी की मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजन शव लेकर घर चले गए।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिल्हा निवासी धर्मेंद्र सिंह की चौदह वर्षीय पुत्री नेहा एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। उसका इलाज गांव के ही एक झोलाछाप से चल रहा था। बुधवार शाम हालत बिगड़ने पर परिजन किशोरी को कायमगंज सामुदाकि स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका दो भाई बहिनो में बड़ी थी। मृतका की माता वीनू देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## दबंगों के कब्जे से पट्टे की भूमि छुड़वाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीणों ने पट्टों की भूमि दबंगों के कब्जे से छुड़वाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम सिनइया नगला के ग्रामीणों ने भू-माफियाओं द्वारा वृक्षारोपण के लिए दिये गये जमीन के पट्टे की जमीन को कब्जा कर लिये जाने की शिकायती की और कब्जा छुड़वाने की मांग जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर की। दिये गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने दर्शाया कि पीड़ित दलित वर्ग के लोग है। उन्हें वृक्षारोपण के लिए पट्टे में जमीन दी गई थी। मुश्किल से जमीन को ठीक कर पाये। तो पट्टा प्राप्त भूमि कब्जे में कर ली और अवैध रुप से उस पर कंडे पथवा दिये। ग्रामीणों ने कई बार वृक्षारोपण भी करवाया, लेकिन ग्रामीणों द्वारा वर्ष उजाड़ दिया जाता रहा। ग्रामीणों ने कहा कि यही जमीन उनके पालन पोषण का सहारा है। दबंग उस पर खड़ी फसल नहीं काटने दे रहे है। ग्रामीणों ने कार्यवाही करने और फसल काटने की अनुमति देने की मांग की है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन की उनकी रोजी रोटी का सहारा मात्र है। दिये गये ज्ञापन पर ग्राम सवितापुर, बिहारीपुर के ग्रामीणों में हरिराम, सतीश चन्द्र, रामसेवक सहित दर्जनों ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

# दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने महिला को किया बेघर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव बरतल निवासी रामजीत कश्यप की पत्नी श्री देवी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका मायका जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव इमादपुर में है। उसके पिता व भाई संजीव कुमार चार वर्ष पूर्व उसका विवाद काफी दान दहेज देकर किया था।

दिये गये दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। पति अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व अंगूठी का मांग कर रहे है। गुरुवार को ससुरालीजनों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की नियत से फांसी लगाकर हत्या कर देना चाहते थे। आसपास के लोगों ने उसे आकर बचाया। ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसके दोनों बच्चों को छीन लिया। पुलिस ने पीड़िता का जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## अवैध बालू खनन का दर्ज कराया मुकदमा

**कमालगंज (सं)।** अवैध खनन करते हुए पकड़े जाने पर लेखपाल रामजी क्षेत्र महमदगंजस, तहसील अमृतपुर ने अवनीश दीक्षित पुत्र श्यामाचरण निवासी खुटिया थाना कमालगंज, विनीत पुत्र विद्या प्रकाश निवासी मिश्रन पुरवा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाया। जिसमें बताया गया कि यह दोनों लोग परम नगर खाई में अवैध खनन करते हुए पकड़े गए। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विधि को सही ढंग से परिभाषित कर न्याय दिलायें: एसडीएम


शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अधिवक्तागण

- बार एसोसिएशन सदर तहसील का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न
- सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शाल ओढ़ाकर हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन तहसील सदर का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अतर सिंह कटियार को शपथ दिलायी। अध्यक्ष अतर सिंह कटियार ने बार के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ दिलायी। पद व गोपनीयता की शपथ के दौरान सदर तहसील प्रांगण में सभी अधिवक्तागण मौजूद रहे। अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद कनौजिया ने की। संचालन अधिवक्ता एल्डर्स कमेटी के सदस्य राम सनेही मुन्ना यादव ने किया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सदर एसडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा प्रबुद्धजनों के चुनाव सम्पन्न होने में संकट आता है, लेकिन चुनाव अच्छे तरह से सम्पन्न हुए। इसलिए एल्डर्स कमेटी बधाई की पात्र है। बार एवं बेंच में सामंजस्य व्यक्तिगत कभी नहीं हुआ। विचारों में तंज आना स्वाभाविक है। अधिवक्ता विधि को सही ढंग से परिभाषित कर न्याय दिलायें। दिक्कत हमेशा बेंच के पास होती है। हम तहसील के सभी अधिवक्ताओं को आश्वस्त करते हैं कि सही के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। मेरा मूल पद सदर तहसील है। मैं अपनी क्षमता के अनुसार सभी की मदद करुंगा और सभी सदस्यों का सामंजस्य बनाकर बार और बेंच का सहयोग करुंगा। सदर तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय ने कहा शपथ जब हम लेते हैं तो यह महत्वपूर्ण पर्व हो जाता है। हम सबको साथ लेकर चलें। सिस्टम का चक्रव्यूह बहुत कठिन है। अधिवक्ता न्याय की कड़ी व माध्यम हैं। प्रैक्टिस करना जीविका का एक साधन है। हम सब मिलकर सिस्टम की कमियों को दूर करेंगे। आपसी विरोध को समाप्त करेंगे। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष अतर सिंह कटियार, उपाध्यक्ष योगेशचंद्र दीक्षित, सचिव अतुल कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव विकास कुमार सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, आडीटर प्रकाश कुमार द्विवेदी, सदस्य आशुतोष कुमार कटियार, ओमप्रकाश सिंह, रुकमंगल सिंह, उमेश कुमार सारस्वत आदि पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद कनौजिया ने कहा बहुत तनावपूर्ण माहौल होने के बाद भी सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से 15 दिन के अंदर चुनाव सम्पन्न कराकर शपथ ग्रहण समारोह भी करा दिया। इस मौके पर डी.जी. गजराज सिंह, अधिवक्ता पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, रविनेश यादव राजीव चौहान, होशियार सिंह राजपूत, जनार्दनदत्त राजपूत, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, राजेश यादव, बृजेश यादव, अजय त्रिवेदी के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। साहित्यकार राम किशन राजपूत ने अध्यक्ष अतर सिंह कटियार का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। फिरोज अली व मंजेश कटियार ने नव निर्वाचित अधिवक्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## तीन ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उपचार के लिए परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी अमन कुमार, चैनी नगला निवासी विपिन, मेरापुर क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी रवि ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चालक सहित तीन घायल



**शमशाबाद (सं.)।** बारात से लौट रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला दमू निवासी अमन पुत्र कर्मवीर, आकाश पुत्र शिवनंदन सिंह तथा शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम असगरपुर निवासी लकी पुत्र संजय कुमार बुधवार को एक रिश्तेदार की बरात में शामिल होने कार संख्या यूपी 80डीएम/2366 से कायमगंज गए थे। वापस लौटते समय फैजबाग रजलामई पेट्रोल पम्प के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। चीखपुकार की आवाज सुनकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर अमन पुत्र कर्मवीर की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# खबरें चलते-चलते

## रोजगार मेला 18 को

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 18 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें पांच प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। जिनमें रिक्तियों के पद की संख्या 350 है। प्रधानाचार्य आईटीआई ने अभ्यार्थियों से प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होकर रोजगार मेले में सुबह 10 बजे उपस्थित होने की अपील की है।

## बोलेरों की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव चीरपुरा निवासी पप्पू पुत्र बादाम सिंह बाइक से दावत खाने बिचपुरी गांव जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात बोलेरो चालक ने टक्कर मार दी। लिससे युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

## दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराने के लिए दी तहरीर

**कमालगंज (सं.)।** घटनाक्रम के अनुसार अनिल कुमार पुत्र रवेद्र सिंह ग्राम बिजी पोस्ट दरौरा थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह बीती 10 फरवरी की शाम 6.00 बजे उसका भाई सुनील कुमार पुत्र रावेद्र सिंह, भाभी शैलेश पत्नी पंचम सिंह, भतीजी गुड़िया पुत्री पंचम सिंह को दवा दिलाने बाइक से रजीपुर बाजार जा रहा था। गांव उगरापुर के पास रजीपुर की ओर से जा रहे टेंपो यूपी76टी 2670 के चालक जहानगंज के भड़ौसा गांव निवासी शाहिद पुत्र साबिर ने तेजी व लापरवाही से चलाकर भाई सुनील की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भाई सुनील के पैर की बिलिया टूट गई। उन्हें फतेहगढ़ डॉ0 विशाल के यहां भर्ती कराया था। जहां हालत गंभीर होने पर इटावा स्थित निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## डीएम ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में वाणिज्य कर विभाग को प्रवर्तन कार्यवाही में सुधार लाने के साथ साथ अधिक से अधिक वाहन चेक करने के निर्देश दिए। स्टांप रजिस्ट्रेशन मे माह की प्राप्तियों में कमी पाई गई सुधार लाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग को फरवरी माह में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को वसूली में सुधार करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग बिलिंग में सुधार लाए। प्रत्येक माह बिल उपभोगता को प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए। लम्बित विद्युत बिलों को किश्तों में जमा कराना सुनिश्चित करें। सभी नगर पालिकाओं को अभियान चलाकर टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए।दिन शनिवार को महा शिवरात्रि है सभी मंदिरों पर बेहतर साफ-सफाई करायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।


बैठक लेते जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह

# पति से झगड़ा होने पर महिला ने हाथ की काटी नस

**घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पति से झगड़ा होने पर महिला ने नस काट ली। सड़क किनारे घायलावस्था में पड़ी मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम जोया पत्नी मोहसिन निवासी शेखपुर रुस्तमपुर बताया। उसने बताया कि पति ने झगड़ा होने पर उसे गदनापुर रास्ते में छोड़ दिया। जिससे क्षुब्ध होकर हाथ की नस काट ली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया।

## दबंगों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज(सं.)।** दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिंगुरापुर निवासी सितारा देवी पत्नी पिंकू ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बुधवार शाम 8 बजे गांव के मीरा देवी पत्नी स्वर्गीय बृजेश कुमार, अमन, मानु, प्रांशु पुत्रगण बृजेश कुमार ने बेबजह मेरे साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी और कानों के कुंडल और गले का पेंडल छीन लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## दबंग प्रधान के खिलाफ दिया शिकायती पत्र

**फर्रुखाबाद (सं.)।** तहसील अमृतपुर के गांव बली पट्टी रानी गांव के निवासियों ने प्रधान पर अराजकता करने और चुनावी रंजिश में ग्रामीणों का उत्पीड़न कराने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में की। ग्रामीणों ने लाज व प्राण रक्षा का शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने कहा कि दबंग प्रधान ब्रह्मदत्त शुक्ला अपने अराजक प्रवृत्ति के सहयोगियों से सांठगांठ करके विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित करवाते हैं। 11 सूत्रीय शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने सौंपा। शपथ पत्र पर महानन्द अग्निहोत्री, प्रीती पत्नी परमानन्द ने हस्ताक्षर किये व दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों में विवेकानन्द, रजत, हीरालाल, अल्का, मनमोहन, साधना, नंदनी, अंजली आदि दर्जनों ग्रामीणो ने अपने-अपने हस्ताक्षर किये हैं।

# प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से अवश्य जोड़ा जाये: बीडीओ

- ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन


बैठक लेते बीडीओ व मौजूद अभिभावक व अन्य

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड मोहम्मदाबाद में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में बीडीओ त्रिलोक चन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से अवश्य जोड़ा जाए। अक्षय तृतीया को बाल विवाह होने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। इसलिए सभी लोग मिलकर सुनिश्चित करें कि जनपद में कोई भी बाल विवाह न होने पाए। यदि किसी को भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हो तो तुरन्त 112 इमरजेंसी नम्बर अथवा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, ट्रैफिकिंग, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि के बारे में चर्चा की। बीईओ भारती शाक्य ने कहा कि सभी लोग ग्राम सभा में अभिभावकों को जागरूक करें। जिससे वह बच्चों को स्कूल भेजें। इस मौके पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना सिंह, सीएचसी से डॉ0 जितेन्द्र यादव, उप निरीक्षक मिथलेश कुमार, उप निरीक्षक रामवीर सेंगर के अलावा ब्लॉक समन्वयक विवेक मौजूद रहे।

# महिलायें सुषमा स्वराज सम्मान से होंगी सम्मानित


श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करतीं मुख्य अतिथि व मौजूद अन्य महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कार्य समिति की बैठक डाक्टर रजनी सरीन के निवास लोहाई रोड पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री ने सभी महिला पदाधिकारियों की बैठक ली और होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में जो बहनें उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्हें सुषमा स्वराज सम्मान से सम्मानित करना है। हर बूथ स्तर पर 15 महिलाओं की टोली बनायी है। कमल दूत की रचना के साथ आगामी चुनाव में उतरना है। बहनें जो भी समाज के कार्य कर रही हैं उनको समाज तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग अवश्य करें। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मीरा सिंह, छिबरामऊ की विधायक अर्चना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा बनायी। ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे भी मौजूद रहीं। इस दौरान ममता सक्सेना, सुमन राठौर, चित्रा अग्निहोत्री, रमला राठौर, अर्चना चौहान, स्वेता दुबे, सुजाता सिंह, मदीना बेगम, सीता चतुर्वेदी, रचना अवस्थी, राजवती बाथम, प्रिया गुप्ता, स्नेहलता अग्निहोत्री, प्रीती वर्मा, रोली पाण्डेय, नेमा कठेरिया, रेखा सोमवंशी, वंदना पाल, पूजा अरोड़ा आदि महिलायें मौजूद रहीं। संचालन स्वेता दुबे ने किया। स्वागत गीत प्रीती तिवारी ने प्रस्तुत किया। वंदे मातरम् गीत चित्रा अग्निहोत्री ने प्रस्तुत किया।

# परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक हुए सम्मानित

- परिवार नियोजन के साधन अपनायें, जीवन को खुशहाल बनायें-सीएमओ


चिकित्सकों को सम्मानित करते सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक, एएनएम, आशा संगिनी, आशा और परिवार नियोजन काउंसलर, स्टॉफ नर्स एवं जिले के अन्य कर्मचारियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में गुरूवार को सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनींद्र कुमार ने कहा कि परिवार जितना सीमित होगा उतना ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। लोहिया चिकित्सालय में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कृष्णा बोस को 2022-23 में जनवरी तक 205 महिला नसबंदी किए जाने के कारण प्रथम पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। सीएचसी राजेपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आरिफ़ सिद्दीकी को पुरुष नसबंदी के लिए, सीएचसी कमालगंज के एमओआईसी डॉ0 शोभित शाक्य को, कायमगंज से डॉ0 सरवर इकबाल को, मोहम्मदाबाद से डॉ0 गौरव और अर्बन पीएचसी भोलेपुर की डॉ0 श्वेता को परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने कहा कि एएनएम व आशाओं का इस कार्य में सराहनीय योगदान रहता है। इस अवसर पर चिकित्सक रीता, हर्षबाला, अनीता, संध्या, सरिता, सुमन, गुंजन, अनामिका को सम्मानित किया गया।

# सीकर तक ट्रेन चलाने की बात संसद में रखने पर सांसद का हुआ स्वागत


सांसद मुकेश राजपूत के साथ भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सांसद मुकेश राजपूत ने संसद में लखनऊ-जयपुर ट्रेन को खाटू श्याम सीकर तक चलाने की मांग की है। जिसको लेकर गुरुवार को भाजपा नेताओं ने सांसद का फूल-मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलायी। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने मुकेश राजपूत को मिठाई खिलायी और बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कहा लखनऊ से अगर सीकर तक ट्रेन चलना शुरु हो जायेगी, इससे खाटू श्याम के दर्शन करने वाले आसानी से पहुंच जायेंगे। यह सांसद का ऐतिहासिक कार्य है। साथ ही उन्होंने कैंटोमेंट बोर्ड के विषय में शिकायत की। जिस पर सांसद ने आश्वासन देते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय बात करुंगा। इस मौके पर डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, सुनील रावत, जय गंगवार, नवनीत कनौजिया मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# ओपीआईएमटी में ईडी का छापा

- सकवाई स्थित शिक्षा संस्थान व आवास को पैरामिलेट्री फोर्स ने घेरा
- बीते माह आईटीआई के प्रधानाचार्य ने 1.23 करोड़ के हेरफेर का दर्ज कराया था मुकदमा, खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शहर के चर्चित चिकित्सक डा0 प्रभात गुप्ता के डा0 ओमप्रकाश इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी शिक्षा संस्थान व उनके आवास पर एक साथ टीमों ने पैरामिलेट्री फोर्स के साथ पहुंचकर छापेमारी की। जिससे हड़कंप मच गया।

गुरुवार को फर्रुखाबाद जोगराज स्ट्रीट डा0 ओमप्रकाश गुप्ता मॉडर्न अल्ट्रासाउंड व मोहम्मदाबाद सकवाई



छापेमारी के दौरान पैरामिलेट्री फोर्स के जवान

स्थित डा0 ओम प्रकाश इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कालेज में एक साथ पैरा मिलेट्री के साथ ईडी के कई अधिकारियों की टीम पहुंची और दोनों प्रतिष्ठानों को अपने घेरे में ले लिया और किसी को भी अन्दर जाने की इजाजत नहीं दी गई। लखनऊ से छापेमारी करने पहुंची ईडी की टीम समाचार लिखे जाने तक स्थानीय संवाददाता के अनुसार देर शाम तक अधिकारी जांच पड़ताल कर रहे थे। 24 जनवरी को आईटीआई के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने डा0 ओमप्रकाश गुप्ता एजूकेशनल ट्रस्ट के खिलाफ 1.23 करोड़ के अग्रिम भुगतान लेने के बावजूद कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण ना देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने के लिए शहर के मोहल्ला महावीरगंज स्थित डा0 ओमप्रकाश गुप्ता एजूकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के साथ 5 सैकड़ा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के लिए 1.23 करोड़ की धनराशि दी गई थी, लेकिन प्रशिक्षण नहीं कराया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी तहत यह कार्यवाही हुई है, लेकिन अभी तक अधिकारिक तौर पर किसी ने भी इस कार्यवाही की पुष्टि नहीं की है। वहीं इंस्टीट्यूट के चेयरमैन शिवम गुप्ता लगभग आठ घंटे पश्चात सकवाई शिक्ष संस्थान पहुंचे, तो उन्हें तुरंत अंदर कर लिया गया।

# गड्ढे में युवक का पड़ा मिला शव, हत्या कर फेंके जाने की आशंका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर क्षेत्र के नेकपुर पुल रेलवे क्रासिंग के निकट गड्ढा में एक अज्ञात युवक का शव उतराता देख हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या कर यहां लाकर शव फेंका गया है। मौके पर फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी व अपर पुलिस अधीक्षक, एसओजी टीम व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर पुल के निकट रेलवे लाइन के निकट गड्ढा में गुरूवार दोपहर एक युवक का शव उतराता देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी। मौके पर फतेहगढ़ कोतवाल सचिन कुमार सिंह, फिल्ड यूनिट की टीम व स्वाट टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। गुरुवार निकलने वाले राहगीरों की नजर नेकपुर ओवरब्रिज के निकट


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

गड्ढे में पड़े पानी पर नजर पड़ी तो देखा कि एक युवक का शव उतरा रहा है। धीरे-धीरे देखने वालों की भीड़ बढ़ती गई और सूचना पुलिस को दी गई। फतेहगढ़ कोतवाली सहित कई पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गये और शव को बाहर निकालने की कार्यवाही शुरु की गई। कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने बताया कि अभी शव की शिनाख्त नहीं हुई। शिनाख्त कराये जाने की प्रक्रिया जारी है। जब तक इसकी शिनाख्त नहीं होती, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल अनुमान लगाया जा रहा है कि पहले इसकी हत्या की गई और फिर दूसरे स्थान से लाकर यहां पर शव फेंका गया है।

## दबंगों ने घर में घुसकर दंपत्ति को पीटा, तहरीर

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर दंपत्ति को मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पीड़िता ने जेठ-जिठानी सहित पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम इमादपुर थमरई निवासी विनीता देवी पत्नी अखिलेश कुमार ने जेठ घनश्याम पुत्र रामेश्वर दयाल, विपिन कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल, पिंकी पत्नी विपिन कुमार, इनू पुत्र घनश्याम, कुंती देवी पुत्री घनश्याम के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि 14 फरवरी को वह अकेली थी, तभी आरोपीगण घर में घुस आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। सूचना पर पहुंचे पीड़िता के पति को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो बारातियों सहित चार की मौत, परिजनों में मचा कोहराम


अस्पताल में भर्ती घायल





- सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो बारातियों सहित चार लोगों की मौत हो गई। घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार बीती रात जनपद कासगंज के सोरों क्षेत्र के गांव मानपुर नगरिया निवासी राहुल की बारात फर्रुखाबाद बाईपास रोड पर आई थी। जिसमें शामिल होने ब्रेजा कार से चालक विनीत सक्सेना पुत्र राज बाबू सक्सेना, मोहम्मद इसरार पुत्र इस्माइल व वीरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र शिवनारायण आ रहे थे। नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग गांव बघौना पहुंचने पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे कार चालक विनीत व मोहम्मद इसरार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि वीरेन्द्र व ट्रैक्टर ट्राली पर बैठा मजदूर कालीचरण निवासी नया गनीपुर नवाबगंज गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर नवाबगंज थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने जांच पड़ताल की। घायलों को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों का उपचार शुरु कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार सिंह ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घटना के संदर्भ में जानकारी की। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी होने पर मृतकों के परिजन पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## शादी समारोह से वापस लौटते समय घटी घटना


मृतक प्रदुम्म का फाइल फोटो

**जहानगंज।** शादी समारोह से शामिल होकर बाइक वापस घर लौट रहे चाचा भतीजे को बन्थलशाहपुर ने निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें प्रदुम्म उर्फ आशु की मौत हो गयी। थाना जहानगंज के ग्राम अहमदपुर देवरिया निवासी प्रदुम्म ऊर्फ आशु पुत्र अशोक कुमार व उसका चाचा सत्यशील उर्फ कश्मीर अपने घर से कमालपुर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गये थे। वापस आते समय गांव बन्थलशाहपुर के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर प्रदुम्म की मौत हो गयी। जबकि मृतक का चाचा सत्यशील उर्फ कश्मीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। मृतक आशू जाटव मजदूरी करता था। जानकारी होने पर परिजनों कोहराम मच गया।

## साली को परीक्षा दिलाने जा रहे जीजा की मौत

**कमालगंज (सं.)।** अखिलेश कुमार अपने रिश्तेदार हरसिंहपुर गोवा में शादी समारोह में अपनी पत्नी के साथ गया था। उसकी साली अनुपम की हाईस्कूल की परीक्षा थी। जिसका सेंटर जनपद कन्नौज के गांव जलालाबाद में पड़ा था। गुरुवार को परीक्षा दिलाने अखिलेश कुमार अपनी साली अनुपम को बाइक से जलालाबाद जा रहा था। जैसे ही गांव रजीपुर का मजरा हाजी नगला के सामने पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मान सिंह ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया और उसकी साली को लोहिया रेफर कर दिया। जानकारी होने पर मृतक की मां पप्पी देवी व पत्नी पल्लवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

## डीजे पर गाना बजाने को लेकर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** डीजे पर मनमाफिक गाना न बजाने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला बगिया सोहनलाल निवासी पीड़ित बृजेश कुमार पुत्र अरविन्द कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है वह मीना गेस्ट हाउस मे विवाह समारोह मे डीजे बजा रहा था। उसी समय दो व्यक्ति उसके पास आये और फला-फला गाना बजाने को कहा। उसके द्वारा मना करने पर गाली-गलौज करने लगे तथा ारपीट कर दी। इतना ही नहीं मेरा मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया। जिससे वह टूट गया। पीड़ित ने संजय गंगवार पुत्र ओमकार गंगवार निवासी घसिया चिलौली व जय गंगवार पिता का नाम अज्ञात के विरुद्ध पुसिल को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## पत्नी को गोली मारकर हत्या करने वाले पति पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में मृतका की मां पुष्पा देवी ने दामाद उपेन्द्र उर्फ भवरपाल पुत्र रमेश उर्फ रमेशू निवासी ग्राम दहेलिया मेरापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराये गये मुकदमे में पुष्पा देवी ने दर्शाया कि उसकी बेटी ज्योति की शादी चार वर्ष पहले उपेन्द्र से हुई थी। ज्योति का एक तीन वर्षीय पुत्र भी है। ज्योति पिछले आठ महीनों से जयपुर में अपने मामा के यहां रहती थी। 14 फरवरी को शादी की सालगिराह थी, तो ज्योति पति उपेन्द्र उर्फ भंवर पाल जो कि नगर के मोहल्ला गढ़ी अशरफ अली के पास आयी थी। 15 फरवरी को उपेन्द्र ने ज्योति को जमीन नाम करने की बात कही तो उसने मना कर दिया। पूर्व नियोजित तरीके से उपेन्द्र ने तमंचे से उसके दो गोली मारी। जिससे ज्योति की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपेन्द्र के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने वांछित ईनामी को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित व ईनामी बदमाश राहुल त्रिवेदी पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम खटेट्टा थाना हरपालपुर जिला हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव नगला खेम रैंगाई नगला निवासी प्रदीप कुमार जाटव पुत्र गंगाराम जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीते दिन आलू खोदने को लेकर रसूलपुर लतीफपुर निवासी सुखवीर सिंह पुत्र कस्टर सिंह, हर्ष पुत्र सुखवीर, ऋषभ पुत्र अवध किशोर आदि ने जाति सूचक गाली-गलौज शुरु कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में आग से कृषि का सामान जला

**नवाबगंज (सं.)।** खेत में लगे समरसेबल पंप के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे कृषि का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी चेतराम पुत्र हरपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनके खेत पर समरसेबल पंप लगा हुआ है। बीती रात अज्ञात व्यक्ति ने समरसेबल के कमरे में आग लगा दी। जिससे 20 फुट पाइप लाइन, स्टार्टर तथा अन्य उपकरण जलकर राख हो गया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# सख्ती के चलते पहले दिन 4292 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

- इतिहास में पहली बार किया गया ओएमआर सीट का प्रयोग, तीसरी आंख की नजर में रहे परीक्षा केंद्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में नकल पर सख्ती के चलते पहले ही दिन 4292 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों में छापेमार कर केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिये। परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक तथा वाहय केंद्र व्यवस्थाकों की उपस्थित में प्रश्न पत्र खोले गये।

बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल प्रभारी रामलखन पाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 51307 रही। जिनमें 4292 अनपुस्थित रहे। हाईस्कूल के 2204 तथा इंटर के 2088 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सुबह 7:30 बजे सघन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। सभी 80 केंद्रों पर कन्ट्रोल रुम


परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक

से मानीटरिंग प्रभारी नवनीत भारद्वाज की देखरेख में आपरेटरों ने कड़ी नजर बनाये रखी।

हाईस्कूल परीक्षा में पहली बार प्रयोग हुई ओएमआर शीट को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्सुकता देखी गई। बोर्ड के सख्त निर्देशों के बावजूद अधिकांश परीक्षा केंद्रों के बाहर हेल्पलाइन नम्बर नहीं दिखाये गये।

## नकल माफियाओं ने हरकत की तो लगेगी रासुका

नकल माफियाओं ने यदि नकल कराने की कोशिश की तो उन पर रासुका की कार्यवाही की जायेगी। ऐसा निर्णय शासन ने लिया है। इसके साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करके सम्पत्ति कुर्क करायी जायेगी। परीक्षा में बाधा डालने वाले अराजकत्वों पर भी कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर नकल विहीन पारदर्शी परीक्षाएं आयोजित करने की व्यवस्था की गई है।

## डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** डीएम एवं एसपी ने बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र व्यवस्थापक को चेकिंग के पश्चात ही छात्राओं को विद्यालय के अन्दर प्रवेश दिया। विद्यालय के अन्दर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि लाने की अनुमति न दी जाए। नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिए।

# बार-बार अध्ययन करने से उत्तर याद हो जाता है: हिमांशु शुक्ला

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र लिखित 50 अंक, 20 अंक ऑब्जेक्टिव प्रश्न, 30 अंक का प्रयोगात्मक प्रोजेक्ट होता है। रसायन विज्ञान पदार्थ, प्रकृति एवं व्यवहार, जैव जगत, अपवर्तन, विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव, प्राकृतिक संसाधन के प्रश्न बोर्ड परीक्षा में आते हैं। सभी छात्र पहले प्रश्न पत्र को अच्छे ढंग से पढ़ें और उसके बाद हल करना शुरु करें जिन प्रश्नों के उत्तर छात्रों को मालूम हैं उन प्रश्नों के उत्तर पहले लिखें। कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के विज्ञान अध्यापक हिमांशु शुक्ला ने अपने साक्षात्कार बोर्ड परीक्षा के प्रहरी में बताया कि रासायनिक पदार्थ, प्रकृति एवं व्यवहार एवं रासायनिक अभिक्रियायें व अम्य क्षार तथा लवण के अलावा धातु एवं अधातु कार्बनिक


हिमांशु शुक्ला (विज्ञान शिक्षक)

यौगिक, तत्वों का आवर्त वर्गीकरण, जैव जगत, जैब प्रक्रम, प्रजनन, अनुवांशिकता, जैव विकास व प्राकृतिक रचना अपवर्तन, विद्युत का प्रवाह, विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव, हमारा पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन आदि प्रश्न बोर्ड परीक्षा में आते हैं। खण्ड-अ और खण्ड ब में सभी प्रश्न विभाजित हैं। हाईस्कूल के विद्यार्थी बहुविकल्पीय प्रश्न को ओ.एम.आर. सीट पर नीले तथा काले पेन से गोलदारों को पूर्ण रुप से भरें, क्योंकि ऑब्जेक्टिव में पूर्ण अंक मिलते हैं। खण्ड-ब में सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। विद्यार्थी को किसी कीमत पर छोड़े। अम्ल, क्षार तथा लवण में एच प्लस तथा ओएच आयनों के आधार पर अम्ल, क्षार तथा लवण की परिभाषायें, सामान्य गुण धर्म, उदाहरण तथा उपयोग, पीएच पैमाना की अवधारणा, लघुगणक से संबंधित परिभाषा आवश्यक नहीं। दैनिक जीवन में पीएच का महत्व, सोडियम हाइड्राऑक्साइड, विरंजक चूर्ण, बेकिंग सोडा, धावन सोडा, प्लास्टर ऑफ पेरिस के निर्माण की विधि व उपयोग हैं।

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह निःशुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810**


छात्र निशान्त सिंह

कक्षा 10 के छात्र निशान्त सिंह ने बताया कि रसायन विज्ञान में प्रयोगशाला विधि पर सुंदर चित्र अच्छी तरह से बनायें। इसमें अंक पूर्ण मिलते हैं। विद्यालय के अध्यापक हिमांशु शुक्ला द्वारा पढ़ाये गये प्रश्नों को बखूबी पढ़ा है। जिनके आधार पर तैयारी की है। बोर्ड परीक्षा में अध्यायों में दिये गये प्रश्नों को बार-बार चिंहित कर अभ्यास किया है।


छात्र सत्यम शर्मा

कक्षा 10 के छात्र सत्यम शर्मा ने बताया इस बार बोर्ड परीक्षा में पहले से ज्यादा अंक मिलने में आसानी होगी। क्योंकि इस बार ऑब्जेक्टिव प्रश्न भी आये हैं। प्रश्नों को खण्ड वार हल करने से अच्छे अंक आते हैं। रसायन विज्ञान में ताप, दबा, उत्प्रेरक वर्धक आति का उल्लेख किया है। इसमें स्पष्ट रुप से सुलखे के रुप में उत्तरों को लिखें।

# दो भाइयों सहित चार पर अपहरण के मामले में दोष सिद्ध, सजा 22 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपरहण के मामले में अपर जिला जज एन्टी डकैती कोर्ट न्यायाधीश कृष्ण कुमार सिंह ने मोहम्मद फैयज, मोहम्मद अय्याज पुत्रगण मोहम्मद नियाज निवासी गऊटोला कायमगंज, इंद्रपाल ठाकुर पुत्र युधिष्ठर निवासी वौरा कम्पिल वर्तमान शिन्द्राराउ, तेजसिंह उर्फसाधू पुत्र तालेवार निवासी गंगूपुर कम्पिल को दोषी करार देते सजा के बिंदु 22 फरवरी की तिथि नियत की है।

32 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज के ग्राम आताईपुर निवासी छोटेलाल पुत्र कालीचरण ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि उसका पुत्र डब्बू उर्फ सुभाष कायमगंज में रामबारात देखने गांव के लक्ष्मी, अरविंद, रघुवीर, पन्नलाला के लिए गया था। करीब रात 1 बजे ग्राम कटरा के निकट बाग से पांच बदमाश नाजायज असलहों को लेकर आये और रास्ते में घेर लिया।



सभी बच्चों से उनके नाम पूछने के बाद मेरे लड़के को पकड़कर साथ ले गए और सभी से कहा तुम यही बैठो। अगर इधर उधर हिले तो गोली मार देंगे। उसके उक्त बच्चों ने मुझे गांव आकर घटना की जानकारी दी। मैने काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्र नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण की धारा में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने काफी खोजबीन के लगभग 15 दिन बाद मोहम्मद अय्याज की कोठरी से पुलिस ने बदमाशों की पकड़ से सुभाष को बरामद किया। सुभाष ने अपने बयान में बताया कि मुझे से बदमाशों ने फिरौती मांगने के लिए एक पत्र लिखवाया था। पुलिस ने न्यायालय में महेश, सर्वेश, तेज सिंह उर्फ साधू, मोहम्मद फैयज, मोहम्मद अय्याज, इंद्रपाल के विरुद्ध न्यायालय में विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, भानू प्रकाश मिश्र, संजीव कुमार मिश्र की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज एन्टी डकैती कोर्ट न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने मोहम्मद फैयाज, मोहम्मद अय्याज, साधु, इंद्रपाल को अपहरण के मामले दोषी करार देते सजा के बिंदु पर 22 फरवरी की तिथि नियत की है। फैयाज, अय्याज, इंद्रपाल को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया और साधु के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया। महेश की पत्रावली पृथक कर किशोर न्यायालय चली गयी। मुकदमा विचारण के दौरान सर्वेश की मृत्यु हो गयी थी।